e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
प्रभात मंत्र
वर्ष 11, अंक 263
बुधवार
25.09.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

सुविचार
तुम्हारी खूबियाँ ही तुम्हारा, मार्गदर्शन करती है!

क्विक न्यूज

सीएनजी स्टेशन खोलने और इंडस्ट्री के लिए गैस मुहैया करवाने की प्रक्रिया शुरू

बीकानेर : बीकानेर में गाडियों के लिए सीएनजी स्टेशन खोलने और इंडस्ट्री के लिए गैस मुहैया करवाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। साथ ही जल्द घरों तक पाइप लाइन से गैस पहुंचाने का काम गति पकडने वाला है। इसको लेकर गैसोनेट सर्विस प्रा लि का एलएनजी प्लान्ट आगामी चार से पांच महीनों में शुरू होने वाला है। जिसका कार्य प्रगति पर है। अगले कुछ महीनों में पाईप लाइन डालने की प्रक्रिया भी शुरू हो जाएगी।

सुप्रीम कोर्ट ने मानिटरिंग कमेटी को इनकम टैक्स नोटिस पर जताई नाराजगी

नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली में अवैध निर्माण को लेकर गठित मानिटरिंग कमेटी को इनकम टैक्स नोटिस भेजने पर नाराजगी जताई है। जस्टिस एएस ओका की अध्यक्षता वाली बेंच ने इनकम टैक्स का नोटिस भेजने का फैसला लेने वाले इनकम टैक्स अफसर को समन जारी कर कोर्ट में पेश होने का निर्देश दिया है।सुनवाई के दौरान इस मामले के एमिकस क्यूरी और वरिष्ठ वकील गुरु कृष्ण कुमार ने कोर्ट को बताया कि मानिटरिंग कमेटी को इनकम टैक्स विभाग ने तीन बार नोटिस भेजा है।

जापान में इजू द्वीप के आसपास 5.9 तीव्रता का भूकंप, आधा घंटे बाद आई सुनामी

टोक्यो : बरसात और भूस्लखन से कई दिन से बेहाल जापान के लोगों को आज इजू द्वीप समूह के आसपास भूकंप के झटकों का सामना करना पड़ा। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 5.9 दर्ज की गई। भूकंप आने की वजह ज्वालामुखी गतिविधि बताई गई है। भूकंप के बाद सुबह सुदूर जापानी द्वीपों पर मध्यम दर्जे की सुनामी आई।द जापान टाइम्स की खबर के अनुसार, देश की मौसम विज्ञान एजेंसी ने भूकंप आने के बाद आगाह किया कि इजू और ओगासावारा द्वीप श्रृंखला के तटों पर ज्वार के स्तर से एक मीटर ऊपर तक की लहरें उठ सकती हैं। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने भूकंप की तीव्रता 5.6 मापी है। इजू समूह के द्वीपों पर लगभग 21,500 और ओगासावारा द्वीप समूह पर लगभग 2,500 लोग रहते हैं।

एआईआईबी की 9वीं वार्षिक बैठक में भाग लेने ताशकंद पहुंचीं सीतारमण

ताशकंद : केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण मंगलवार को एशियाई बुनियादी ढांचा निवेश बैक के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की 9वीं वार्षिक बैठक में भाग लेने के लिए उजबेकिस्तान के ताशकंद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचीं। वित्त मंत्री कार्यालय ने 'एक्स' पोस्ट पर जारी एक बयान में बताया कि केंद्रीय वित्त मंत्री एआईआईबी के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की 9वीं वार्षिक बैठक में भाग लेने के लिए पांच दिवसीय आधिकारिक दौरे पर ताशंकद पहुंचीं। ताशकंद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीतारमण का स्वागत उज्बेकिस्तान में भारत की राजदूत स्मिता पंत और उज्बेकिस्तान गणराज्य के निवेश, उद्योग और व्यापार मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों और आलोक बैंक के निदेशक ने किया।

नवनियुक्त चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव पहुंचे रांची, हुआ स्वागत

रांची : झारखंड हाई कोर्ट के नवनियुक्त चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव मंगलवार को एयर इंडिया के विमान से रांची एयरपोर्ट पहुंचे। एयरपोर्ट पर हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल, रजिस्ट्रार एस्टेब्लिशमेंट, प्रोटोकॉल के अधिकारी, लॉ सेक्रेटरी, रांची डीसी, राजपाल के प्रधान सचिव,रांची एसएसपी ने उनका स्वागत किया। वहां से नवनियुक्त चीफ जस्टिस होटल रेडिसन ब्लू पहुंचे, जहां वे रुकेंगे।बुधवार को राज्यपाल उन्हें राजभवन में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे। केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव को स्थानांतरित करते हुए झारखंड हाईकोर्ट का चीफ जस्टिस बनाया गया है।

रांची का तापमान
अधिकतम 28°
न्युनतम 22°

सीएम ने चतरा व कोडरमा जिलों के 4 लाख 94 हजार लाभुकों के बीच लगभग 736 करोड़ 36 लाख रुपए की बांटी परिसंपत्ति

आने वाले 5 वर्षों में हर घर में हर वर्ष एक लाख रुपया पहुंचाएंगे : हेमंत

*** झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना को बहन-बेटियों का मिल रहा अपार समर्थन, पूरे राज्य की महिलाओं में दिख रहा जबरदस्त उत्साह**

प्रभात मंत्र संवाददाता

चतरा : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने चतरा जिला के ईटखोरी स्थित मां भद्रकाली की पावन धरती पर आयोजित आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में लगभग 841 करोड़ की 702 विकास योजनाएं चतरा एवं कोडरमा जिला वासियों को समर्पित कर झारखंड राज्य के सर्वांगीण विकास का संकल्प दोहराया।

उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आपके उत्साह, सहयोग एवं समर्थन से हमारी सरकार को ताकत मिल रहा है । इसी की बदौलत ही हम इस राज्य को मजबूती दे रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सरकार गांव-देहात से चल रही है।

हमारी सरकार के 5 वर्ष पूरे हो रहे हैं। इस दौरान हमारी सरकार की कार्यशैली से आप कितने आगे बड़ें। इसे जानने और देखने के लिए पूरे राज्य का भ्रमण कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड मुखयमंत्री मंईयां सम्मान योजना को बहन- बेटियों का अपार समर्थन मिल रहा है। आज यह योजना सबसे सफल और लोकप्रिय योजना के रूप में सामने आया है।

चतरा को 516 एवं कोडरमा को 186 विकास योजनाओं का हुआ उद्घाटन-शिलान्यास

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर चतरा एवं कोडरमा जिले को लगभग 841 करोड़ रुपए की 702 योजनाओं का तोहफा दिया। इसमें चतरा जिला अंतर्गत 501 करोड़ 78 लाख रूपए की 501 योजनाओं का शिलान्यास तथा 35 करोड़ 58 लाख रुपए की 15 योजनाओं का उद्घाटन शामिल है। जबकि कोडरमा जिले में 174 करोड़ 11 लाख रूपए की 91 योजनाओं का शिलान्यास एवं 129 करोड़ 66 लाख रुपए की 95 योजनाओं का उद्घाटन संपन्न हुआ। इस अवसर पर चतरा जिले के 3 लाख 14 हजार 885 लाभुकों के बीच 529 करोड़ 11 लाख रुपए एवं कोडरमा जिले के 1 लाख 79 हजार 581 लाभुकों के बीच 207 करोड़ 12 लाख रुपए की परिसंपत्तियां बांटी गई।

किसानों से धान खरीदने के साथ राइस मिल भी खोलने की तैयारी

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब किसान खुशहाल होंगे तो राज्य मजबूत होगा। इसी बात को ध्यान में रखकर किसानों के कल्याण के लिए सरकार लगाकर कार्य कर रही है । हमारी सरकार किसानों से धान खरीद ही रही है, अब राइस मिल खोलने का भी निर्णय ले चुके हैं। राज्य में जल्द ही कई राइस मिल खुलेंगे। इन राइस मिलों में जो चावल बनेगा, उसे हम गरीबों के बीच मुफ्त वितरित करेंगे।

जो 20 वर्ष में नहीं हो सका, वह 4 वर्षों में कर दिखाया

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड अलग राज्य के लिए हमें लंबा संघर्ष करना पड़ा। अलग राज्य के लिए चली लंबी लड़ाई में अनेकों लोगों ने अपने को बलिदान कर दिया। लेकिन, अफसोस इस बात का है कि अलग राज्य बनने के बाद विकास को जो गति मिलनी चाहिए , वह नहीं हो सका। अलग राज्य के गठन के 20 वर्षों तक यह राज्य उपेक्षित बना रहा। लेकिन, 2019 के दिसंबर में जब हमारी सरकार बनी हो हमने इस राज्य को आगे बढ़ने का सिलसिला प्रारंभ किया। मैं दावे के साथ कर सकता हूं कि हमारी सरकार ने पिछले साढ़े चार वर्षों में लगभग दो वर्षों तक कोरोना जैसी वैश्विक महामारी से लड़ते हुए भी जितने कार्य कर दिखाए, वह 20 वर्षों में नहीं हो सका।

बुजुर्गों को सामाजिक सुरक्षा, महिलाओं को सम्मान राशि, युवाओं का बना रहे भविष्य : मुख्यमंत्री ने कहा कि जनकल्याण के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। आज सभी बुजुर्गों को पेंशन दे रहे हैं। 50 लाख बहन-बेटियों को वर्ष में 12 हजार रुपए सम्मान राशि देने की ऐतिहासिक योजना लेकर आए हैं। बड़े पैमाओं पर युवाओं को नौकरी के साथ स्वरोजगार के लिए आर्थिक सहायता सरकार उपलब्ध करा रही है। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से अब तक 9 लाख बच्चियों को जोड़कर पढ़ाई का जिम्मा सरकार उठा रही है। गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना के तहत सरकार अपनी गारंटी पर विद्यार्थियों को 15 लाख रुपए तक का शिक्षा लोन दे रही है।

1लाख 36 हजार करोड़ रुपए के बकाए का सिर्फ ब्याज ही मिल जाए तो इस राज्य की तकदीर बदल देंगे: मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य का एक लाख 36 हजार करोड़ रूपया केंद्र पर बकाया है अगर इस राशि का हमें सिर्फ ब्याज ही मिल जाए तो इस राज्य को आगे बढ़ाने के लिए किसी पर निर्भर रहने की जरूरत नहीं पड़ेगी। राज्यवासियों के लिए झारखंड मुखयमंत्री मंईयां सम्मान योजना जैसी अनेकों योजनाओं को लेकर आपके बीच आ आ सकेंगे। आज हम तमाम चुनौतियों और विपरीत परिस्थितियों के बीच भी इस राज्य को सजाने और संवारने के लिए पूरी ताकत के साथ काम कर रही हैं।

कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति: इस कार्यक्रम में मंत्री सत्यानन्द भोक्ता, बन्ना गुप्ता, विधायक उमा शंकर अकेला,चतरा जिला परिषद अध्यक्ष ममता देवी, कोडरमा जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव, चतरा 20 सूत्री उपाध्यक्ष प्रभुदयाल राम तथा चतरा एवं कोडरमा जिले के उपायुक्त तथा पुलिस अधीक्षक समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

भारत निर्वाचन आयोग की टीम ने चुनाव तैयारियों का लिया जायजा, कहा

झारखंड में समय पर होगा विस का चुनाव

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची: चुनाव आयोग ने राज्य में शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव कराने के निर्देश दिए हैं.दो दिवसीय झारखंड दौरे पर मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के नेतृत्व में आई भारत निर्वाचन आयोग की टीम ने विधानसभा चुनाव तैयारी की समीक्षा के बाद यह निर्देश दिया.रांची में हुई समीक्षा बैठक के बाद मुख्य चुनाव आयुक्त ने मीडियाकर्मियों को बताया कि हर हाल में चुनाव शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से होगा. इसमें किसी तरह की संलिप्तता अधिकारियों एवं अन्य कर्मियों की पाई जाएगी तो उन्हें बख्सा नहीं जाएगा. राज्य के चार जिलों खासकर चतरा, रांची, खूंटी, लातेहार में ड्रग्स एवं अन्य मादक पद्धार्थ की आवाजाही रोकने का सख्त निर्देश देते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि चुनाव के दौरान इस तरह की गतिविधि के जरिए प्रलोभन देने पर रोक लगाया जाएगा. उन्होंने कहा कि आयोग चुनाव कराने के लिए पूरी तरह से तैयार है हम लोगों की तैयारी हमेशा रहती है.मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि बुधवार को जम्मू कश्मीर का दूसरे चरण का चुनाव है उसके बाद महाराष्ट्र दौरे पर चुनाव आयोग की टीम जाएगी. झारखंड में ससमय चुनाव होगा. उन्होंने कहा कि एनफोर्समेंट एजेंसी को भी फ्री एंड फेयर इलेक्शन के लिए स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं. साथ ही सीमावर्ती राज्यों के बॉर्डर को सील करने के आदेश दिए गए हैं.मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि रोल टू पोल के तहत मतदाता सूची साफ सुथरी हो इसके अलावा राजनीतिक दलों को चुनाव प्रचार के लिए निर्धारित समय मिले और मतदान केंद्र पर वोटर को सारी सुविधाएं मिले. इसके लिए अधिकारियों को विस्तार से बताया गया है. चुनाव आयोग इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए गंभीर है.

बैठक में कहा गया की पोस्टल बैलेट की काउंटिंग सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से होगी जिसके रिकॉर्ड रखे जाएंगे. मतदाता जागरूकता अभियान के लिए झारखंड की कला संस्कृति आधारित पिक्चर वीडियो बनाकर वोटर को जागरूक करने को कहा गया है. यह राज्य कला संस्कृति और खेल में समृद्ध है इसका सदुपयोग किया जा सकता है नेशनल प्लेयर्स को इसमें लगाकर मतदाताओं को जागरूक करने को कहा गया है.

राज्य के चार जिलों खासकर चतरा, रांची, खूंटी, लातेहार में ड्रग्स एवं अन्य मादक पद्धार्थ की आवाजाही रोकने का सख्त निर्देश देते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि चुनाव के दौरान इस तरह की गतिविधि के जरिए प्रलोभन देने पर रोक लगाया जाएगा.

रेल दुर्घटना का षड्यंत्र रचने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई होगी: अश्वनी

एजेंसी

जयपुर : केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण एवं इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि रेल पटरियों पर अवरोधक रख कर दुर्घटना का षड्यंत्र रचने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी, यह हमारा संकल्प है। साथ ही इस तरह की दुर्घटना ना हो, इसके लिए रेलवे प्रशासन पूरी तरह से सतर्कता के साथ काम करेगा। केंद्रीय रेल मंत्री वैष्णव मंगलवार को जयपुर पहुंचने पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।केंद्रीय रेल मंत्री मंगलवार सुबह जयपुर पहुंचे, जहां भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने उनका एयरपोर्ट पर स्वागत किया। यहां उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुलाकात की और प्रदेश की रेल परियोजनाओं के बारे में चर्चा की। इसके बाद भाजपा जयपुर ग्रामीण के कार्यकर्ताओं के साथ संवाद किया। उन्होंने महिला मोर्चा के सदस्यों से भी मुलाकात की। वहां से वे गांधीनगर रेलवे स्टेशन पर हुए कार्यों का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने यहां बन रहे रूफ प्लाजा का भी निरीक्षण किया। यहां से वे कवच प्रणाली का निरीक्षण करने ट्रेन के जरिए सवाई माधोपुर रवाना हुए। इससे पूर्व एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कवच प्रणाली की जानकारी देते हुए कहा कि हम सभी जानते हैं कि रेलवे की सुरक्षा के लिए कवच एक बहुत बड़ा विकास है।

सड़क हादसे में 7 की मौत

एजेंसी

भोपाल : दमोह तमन्ना तिराहे के पास एक ट्रक ने ऑटो को कुचला जिसमें से की 7 लोगों के मरने और तीन लोगों के घायल होने की खबर है। सभी घायलों को जिला चिकित्सालय में इलाज के लिए भर्ती किया गया है।

पुलिस जांच में जुटी हुई है कि मृतक और घायल लोग कहां के हैं और कौन-कौन हैं, इसकी जानकारी ली जा रही है।जानकारी के मुताबिक दमोह के समन्ना तिरहै के पास एक तेज गति से आ रहे ट्रक ने ऑटो को टक्कर मार दी और ऑटो में बैठे लोगों को कुचलते हुए चला गया। इस घटना में सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और तीन लोग घायल हो गए हैं। सभी घायलों को जिला चिकित्सालय में इलाज के लिए भर्ती किया गया है। हादसे के बारे में बताया गया है कि दमोह तरफ से एक ऑटो में सवार होकर गुप्ता परिवार के लोग बांदकपुर दर्शन करने जा रहे थे कि पीछे से आ रहे लोडर ट्रक ने उन्हें रौंद दिया। जिसमें ऑटो चकनाचूर हो गया घायलों को रेस्कयू कर जिला अस्पताल लाया गया। कलेक्टर सुधीर कोचर के मूताबिक मामले की जांच की जा रही है मामले में 7 मौतें हुई है जबकि 3 घायल है जिनमे से 2 को जबलपुर रेफर किया गया है।

एसीबी ने रिश्वत लेते लिपिक को किया गिरफ्तार

एसीबी टीम ने विकास कच्छप को छह हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है।

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने हजारीबाग जिले के प्रादेशिक परिवहन प्राधिकार कार्यालय के लिपिक विकास कच्छप को मंगलवार को रिश्वत के साथ गिरफ्तार किया है।एसीबी मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार ब्यूरो को लिखित राज कुमार ने आवेदन दिया था कि विजय बस (जेएच02एभी 8861) जो देवघर रांची मार्ग पर चलता है। इसका परिमिट का रिनूअल करने के लिए प्रादेशिक परिवहन प्राधिकार कार्यालय हजारीबाग में कार्यरत लिपिक विकास कच्छप के जरिये परमिट रिनूअल करने के एवज में छह हजार रिश्वत की राशि की मांग कर रहे है। शिकायतकर्ता रिश्वत देना नहीं चाहते थे।जांच के दौरान आरोप सत्य पाया गया। एसीबी टीम ने विकास कच्छप को छह हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। वह रांची के डोरंडा थाना क्षेत्र के हिनू स्थित खुखमाटोली हाउस नंबर- 64 ए का रहने वाला है।आरोपी विकास कच्छप को एसीबी की टीम ने जाल बिछा कर फंसाया और इसके बाद उसे रंगे हाथ पकड़ने के बाद उसे गिरफ्तार किया. इसके बाद विकास कच्छप के खिलाफ हजारीबाग थाना में कांड संख्या 11/24 के तहत दर्ज किया गया.

हाई कोर्ट ने मुख्य सचिव को जारी किया अवमानना नोटिस

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : झारखंड हाई कोर्ट में देवघर में बाबा बैजनाथ मंदिर के निकट क्यू कॉम्प्लेक्स के फेज दो का निर्माण कार्य शुरू नहीं होने को लेकर सांसद निशिकांत दुबे की अवमानना याचिका की सुनवाई मंगलवार को हुई। मामले में हाई कोर्ट की खंडपीठ ने राज्य सरकार द्वारा दायर किए गए शोकाज को रद्द कर दिया। राज्य सरकार की ओर से कहा गया था कि सीएसआर फंड से देवघर में क्यू कॉम्प्लेक्स के फेज दो का निर्माण नहीं कराया जा सकता है, जिस पर हाई कोर्ट की खंडपीठ ने राज्य के मुख्य सचिव, पर्यटन सचिव और देवघर डीसी को और अवमानना नोटिस जारी करते हुए पूछा है कि कोर्ट के आदेश का अनुपालन 10 माह बाद भी क्यों नहीं किया गया। उनके खिलाफ क्यों नहीं अवमानना की कार्रवाई शुरू की जाए? हाई कोर्ट की खंडपीठ ने मामले की अगली सुनवाई 16 अक्टूबर निर्धारित की है।हाई कोर्ट की खंडपीठ ने दिसंबर 2023 में निशिकांत दुबे की ओर जनहित याचिका को स्वीकृत करते हुए देवघर में बाबा बैजनाथ मंदिर के क्यू कॉम्पलेक्स का निर्माण जल्द करने का आदेश दिया था। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि नवयुग कंपनी लिमिटेड के द्वारा सीएसआर के तहत देवघर में क्यू कॉम्प्लेक्स के द्वितीय फेज के निर्माण के लिए 120 करोड़ देने का जो आग्रह किया था, उसे राज्य सरकार स्वीकार करें। इस राशि से देवघर में क्यू कंपलेक्स के द्वितीय फेज का निर्माण कार्य शुरू किया जाए।कोर्ट ने सरकार को क्यू कॉम्प्लेक्स के द्वितीय फेज के निर्माण कार्य की मॉनिटरिंग करने का भी निर्देश दिया था लेकिन हाई कोर्ट के आदेश का पालन नहीं होने पर निशिकांत दुबे की ओर से हाई कोर्ट में और अवमानना याचिका दाखिल की गई।

इजरायल ने लेबनान में बरसाए बम, 558 की गई जान

एजेंसी

यरुशलम : मिडिल ईस्ट के देश लेबनान और इजरायल 18 साल बाद एक बार फिर से आमने-सामने आ गए हैं. लेबनान के संगठन हिज्बुल्लाह के लगातार हमलों के जवाब में अब इजरायल ने हवाई हमले शुरू कर दिए हैं. सोमवार को इजरायल एयर डिफेंस फोर्स यानी आईडीएफ ने लेबनान में हिज्बुल्लाह के करीब 1600 ठिकानों पर बमबारी की. मंगलवार को भी इजरायल की तरफ से दर्जनों मिसाइलों और रॉकेट दागे गए. लेबनान के स्वास्थ्य मंत्री फिरास अबियाद के मुताबिक, एयर स्ट्राइक में अब तक 558 लोगों की मौत हो चुकी है. मरने वालों में 50 बच्चे और 94 महिलाएं शामिल हैं. मारे गए ज्यादातर लोग हमले के दौरान अपने घरों में निहत्थे थे. इजरायल के हमलों में घायलों की संख्या भी 2 हजार के करीब पहुंच चुकी है.एक रिपोर्ट के मुताबिक, अब तक 1835 लोग जख्मी हुए हैं. इस बीच इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने लेबनान के लोगों के लिए मैसेज भेजा है.

कल्पना सोरेन का गढ़वा में रोड शो, उमड़ा जन सैलाब

प्रभात मंत्र संवाददाता

गढ़वा : मईयां सम्मान यात्रा के दौरान गढ़वा पहुंची गांडेय विधायक कल्पना सोरेन, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने मंगलवार को गढ़वा में रोड शो किया। इस दौरान रंका मोड़ स्थित संकट मोचन मंदिर में बजरंगबली का आशीर्वाद लेते हुए मां गढ़देवी मंदिर में पूजा अर्चना की। रोड शो में गढ़वा वासियों की जन सैलाब उमड़ पड़ी। जगह-जगह पर विभिन्न संगठनों के लोगों ने भव्य स्वागत किया। साथ पूरे रास्ते में फूलों की वर्षा की गई। इससे पूर्व सभी मंत्रियों ने टाउन हॉल स्थित नीलांबर पीतांबर

की प्रतिमा, चिनियां मोड़ स्थित वीर बाबा चौहरमल, महारानी अहिल्याबाई होलकर, भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर, बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर, रंका मोड़ स्थित इंदिरा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। रंका मोड़ से खुली जीप में मेन रोड से रोड शो करते हुए सभी मां गढ़देवी मंदिर पहुंचे। वहां पूजा अर्चना करने के बाद मंझिआव मोड़ पर अल्पसंख्यक समाज के लोगों ने स्वागत किया। तत्पश्चात एक्सीलेंस ऑफ स्कूल रामासाहू के स्टेडियम में आयोजित मुख्यमंत्री मईयां सम्मान यात्रा कार्यक्रम में सभी शामिल हुए। रास्ते में कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी, नाई समाज, खेल संघ, पाल समाज, पासवान समाज, झामुमो महिला मोर्चा आदि संगठनों के लोगों ने भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिप अध्यक्ष शांति देवी, निवर्तमान नप अध्यक्ष पिंकी केशरी, अनिता दत्त, अराधना सिंह, झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, अनिता दत्त, राकेश पाल, चंदा देवी, गुप्तेश्वर ठाकुर, दशरथ ठाकुर, संजय ठाकुर, विजय ठाकुर, मनोज ठाकुर, घनश्याम ठाकुर, कंचन साहू, जितेंद्र सिंहा, संतोष केशरी, आशीष अग्रवाल, राजू ठाकुर, चंदन पासवान, नवीन तिवारी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल में किया गया प्रतियोगिता का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

विश्रामपुर : उमेश सिंह एजुकेशनल वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा संचालित रेहला के ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल में विश्रामपुर नगर परिषद विश्रामपुर ने स्वच्छता पखवाड़ा के तहत कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया. जिसमे स्वच्छता ही सेवा है व स्वच्छता का महत्व विषय पर चित्रकला तथा निबंध प्रतियोगिता कराया गया. बच्चों ने अपने चित्रकला में स्वच्छता का महत्व को बेहतर तरीके से उकेरा. निबंध प्रतियोगिता में भी बच्चों ने अपनी क्षमता का लोहा मनवाया. इस दौरान नगर परिषद द्वारा बच्चों के बीच कई पाठ्य सामग्री का वितरण किया। कार्यपालक पदाधिकारी सोमा खंडैत ने बताया कि गांधी जयंती के दिन प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों के बीच पुरस्कारों का वितरण किया जायेगा। मौके पर स्कूल के निदेशक अमित कुमार सिंह, प्राचार्य मनीष पांडेय, नगर प्रबंधक सुभाष हेंब्रम, सुमित कुमार, दीपक कुमार, सुबोध केशरी, शिक्षक शैलेश चौबे, प्रवीण प्रसाद, विमलेश यादव, विकास पांडेय, अवनीश चौबे, रिचा मिश्रा, परमिता गुप्ता, शिवानी कश्यप, ज्योति सिंह, वैशाली सिन्हा, निशिका सिंह, मनीषा वर्मा, संजीदा खातून, प्रियंका शुक्ला सहित कई लोग मौजूद थे।

झारखंड को हेमंत सोरेन ने भ्रष्टाचार का बना दिया है अड्डा : अनुराग ठाकुर

हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता): हुसैनाबाद अनुमंडल के हैदर नगर प्लस टू उच्च विद्यालय के मैदान में भाजपा सांसद पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि झारखंड की भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए परिवर्तन यात्रा 2 अक्तूबर तक चलेगी। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य अटल बिहारी बाजपयी जी ने बनाया था। शिबू सोरेन हेमंत सोरेन कांग्रेस राजद ने इसे लूट का अड्डा बना दिया। उन्होंने कहा कि सरकारें जन कल्याण के लिए बनती है। मगर यहां जिहादी कल्याण के लिए काम हो रहा है। संथाल में ट्राइबल की जनसंख्या 42 प्रतिशत से 28 प्रतिशत हो गई। बंगला देशियों को बाहर निकलना है तो झारखंड से जेएमएम राजद और कांग्रेस की सरकार को बाहर का रास्ता दिखाना होगा।भ्रष्टाचार से मुक्ति पाना है, जमीन घोटाला मनरेगा घोटाला टेंडर घोटाला खनिज घोटाला ट्रांसफर पोस्टिंग घोटाला करने वालों को जेल के पीछे डालना है, तो गठबंधन की सरकार को हटाना होगा और डबल इंजन की सरकार बनाना होगा। उन्होंने कहा कि जिस तरह कश्मीर में शांति कायम करने में मोदी सरकार ने 370 धारा खत्म किया। उसी तरह राज्य से उग्रवाद का सफाया भाजपा की सरकार करेगी। उन्होंने बीच बीच में भारत माता की जय के नारे लगाए। उन्होंने एक और नारा लगाया न साहब न कहब, बदल के रहब नारा लगाया जिसे सभी उपस्थित लोगों ने दोहराया। उन्होंने कहा कि 2 अक्तूबर तक इस परिवर्तन यात्रा को सफल करना है और दो अक्तूबर गांधी जयंती के अवसर पर ऐसा स्वच्छता अभियान चलाना है की इस भ्रष्ट सरकार का सफाया हो जाए। कार्यक्रम में पलामू सांसद वीडी राम, चतरा के पूर्व सांसद सुनील सिंह , प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष जवाहर पासवान,पलामू जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशोक सिंह, बिनोद कुमार सिंह, विपिन बिहारी सिंह ज्योतिरश्व सिंह, कर्नल संजय सिंह, कामेश्वर कुशवाहा, प्रफूल सिंह, अजय जयसवाल, उदय विश्वकर्मा प्रेमतोष सिंह,के अलावा बड़ी संख्या में भाजपा नेता कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद थे।

एनजीटी की रोक के बावजूद भी ब्लॉक प्रांगण में अवैध बालू का भंडारण : प्रमुख

प्रभात मंत्र संवाददाता

चैनपुर : चैनपुर प्रखंड मुख्यालय प्रांगण में बालू भंडारण का जानकारी मिला तो प्रमुख गायत्री देवी ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अवैध तरीके से बालू का भंडारण पाया जिसपर प्रमुख गायत्री देवी ने कहा कि जिले में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) की रोक के बाद भी बालू उत्खनन व भंडारण रुकने का नाम नहीं ले रहा है जहां मानसून सीजन को देखते हुए 10 जून से 15 अक्टूबर तक बालू उठाव के लिए पूर्णतः रोक लगाई है लेकिन फिर भी बालू तस्करों ने कानून को ताक पर रखकर धड़ले से बालू का उठाव कर भंडारण किया है। वहीं कहा कि जहां एक तरफ़ राज्य के ग्रामीण जनता चुनाव में अपने अपने क्षेत्र से जनप्रतिनिधियों को भेज कर

विधानसभा भेजने का काम करती है जहां राज्य को चलाने के लिए जनप्रतिनिधि चुनाव कर राज्य में सरकार बनाती है जिससे कि राज्य का भला हो सके और राज्य सरकार को किसी तरह का कोई राजस्व का नुक़सान न हो लेकिन अधिकारियों की मिली भगत से बालू माफियाओं ने सरकार के नियम कानून को ताक पर रखकर धड़ुले से बालू भंडारण करने में लगे हैं और अधिकारियों का प्रतिदिन उस रास्ते से आवागमन होता रहता है लेकिन अधिकारी बालू भंडारण को देखकर भी जिम्मेदार अधिकारी मौन है, इससे साफ पता चलता है कि अधिकारियों के मिली भगत से ही बालू माफिया सरकार की राजस्व को नुक्सान पहुंचाने में लगे हुए हैं।

केश कला बोर्ड का हो गठन, नाई समाज का हो उत्थान : जिपस रंजनी

प्रभात मंत्र संवाददाता

केतार : कल्याणपुर स्थित बिरसा मुंडा हेलीपैड पार्क में आयोजित चौपाल कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय नाई महासभा के प्रदेश सचिव भवनाथपुर जिला परिषद सदस्य रंजनी कुमारी उर्फ रंजनी शर्मा एवं राष्ट्रीय नाई महासभा के प्रदेश मार्गदर्शक सदस्य कुन्दन कुमार ठाकुर ने झामुमो नेत्री गांडेय विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन को मांग पत्र सौंपा।सौंपे गये मांग पत्र में झारखंड में केश कला बोर्ड का गठन करने एवं नाई जाति के लिए पद सुरक्षित कराकर नाई समाज का उत्थान करने की मांग की गई है। मांग पत्र में उल्लेख किया गया है कि गत 14 जुलाई 2024 को राष्ट्रीय नाई महासभा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ सीके ठाकुर के नेतृत्व में बोकारो में राष्ट्रीय नाई महासभा प्रदेश कार्य समिति की आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से लिये गये निर्णय के अनुसार झारखंड में केश कला बोर्ड का गठन करने एवं नाई समाज के

लिए पद सुरक्षित कर नाई समाज का उत्थान करने संबंधी मांग पत्र मुख्यमंत्री को सौंपा गया था। जिससे नाई समाज का उत्थान हो सके। यह कार्य झारखंड प्रदेश के सभी नाई समाज के जनहित में अति आवश्यक है। उक्त मांग पत्र के संबंध में नाई समाज लंबे समय से प्रत्येक जिला एवं प्रदेश मुख्यालय में नाई समाज का सम्मेलन, धरना, प्रदर्शन एवं आंदोलन के माध्यम से सरकार से मांग करते आ रहा है। साथ ही गढ़वा जिला परिषद बोर्ड की बैठक के माध्यम से भी उक्त मांग पत्र पर नियमकुल कार्रवाई के लिए सरकार को अग्रसारित किया गया है। गढ़वा उपायुक्त एवं पलामू आयुक्त के उचित माध्यम से भी नियामाकुल कार्रवाई के लिए सरकार को मांग पत्र भेजा गया है। मुख्यमंत्री को गढ़वा एवं पलामू आगमन पर भी पेयजल स्वच्छता विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के नेतृत्व में मांग पत्र समर्पित कर ध्यान आकृष्ट कराया गया है। यह कार्य झारखंड प्रदेश के नाई समाज के उत्थान के लिए जनहित में आवश्यक है।

हुसैनाबाद विधायक ने दी पांच और सड़कों की सौगात

हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता): हुसैनाबाद विधायक की अनुसंशा पर ग्रामीण कार्य विभाग झारखंड ने हुसैनाबाद, हैदरनगर व मोहम्मदगंज की पांच सड़कों की स्वीकृति प्रदान कर दी है। जिन सड़कों को स्वीकृति मिली है, उसमे पंचायत कोलहुआ सोनबरसा में बीर धवर पुल से बिहरा पुल तक, ग्राम पंसा महावीर मंदिर से कोयल नदी तक, मंझौली मेन रोड से बरवाडीह हरिजन टोला तक, पंचायत महुअरी नबीनगर मेन रोड से ग्राम बसारी पीडब्लूडी पथ तक व हैदर नगर देवी धाम शिव मंदिर से जमुआ खुर्द होते हुए रतनबीघा तक पथ निर्माण शामिल है। विधायक श्री सिंह ने कहा कि उन्हें अब तक जितनी सड़कों ,पुल पुलिया का प्रस्ताव ग्रामीणों से प्राप्त हुआ, उन्होंने अपने अथक प्रयास से उसे स्वीकृत कराने का काम किया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की सभी ग्रामीण सड़कों का निर्माण दुर्गा पूजा तक पूरा कराने का प्रयास किया जा रहा है। अधिकांश का काम पूरा हो गया है। कुछ सड़कों पर निर्माण का काम चल रहा है। अन्य पर कुछ दिनों में कार्य शुरू हो जायेगा। स्वीकृत पांच सड़कों का जल्द ही टेंडर की प्रक्रिया होने के बाद कार्य शुरू करा दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि कार्य की गुणवत्ता पर जनता नजर रखें। कहीं गड़बड़ी होती है तो तत्काल सूचना दें। कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने धीमी गति से कार्य कर रहे संवेदकों को कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया है। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए सभी संबंधित अधिकारियों और ग्रामीणों का धन्यवाद किया और आश्वस्त किया कि वे विकास के इस क्रम को निरंतर आगे बढ़ाते रहेंगे।

मुखिया पर लगाया अबुआ आवास में रिश्वत लेने का आरोप



प्रभात मंत्र संवाददाता

चैनपुर : झारखंड सरकार गरीबों को अबुआ आवास देने के लिए जोर- शोर से अबुआ आवास योजना का प्रचार प्रसार किया जा रहा है। अब इस योजना में भ्रष्टाचार की शिकायत मिलने लगी है। दरअसल,ऐसा ही मामला प्रखंड क्षेत्र के नरसिंहपुर पथरा पंचायत के मुखिया मीना देवी व पंचायत सचिव के खिलाफ नरसिंहपुर पथरा पंचायत के निवासी रेयासत अंसारी ने अबुआ आवास योजना में रिश्वत व पैसे वसूली के गंभीर आरोप लगाते व गलत तरीके से आवास आवंटन करने का प्रखंड विकास पदाधिकारी को लिखित शिकायत की हैं अबुआ आवास योजना में जांच कर योग्य लाभुक को अबुआ आवास का लाभ नहीं दिया जा रहा हैं।वहीं रेयासत अंसारी ने कहा कि मुखिया मीना देवी द्वारा अबुआ आवास योजना में 30 हजार रुपए लेकर अयोग्य लाभुक को योग्य कर आवास के सूची में नाम जोड़ दिया जा रहा हैं जैसे में गांव के ही पिरमोहम्मद अंसारी का पहले से पक्के का मकान है लेकिन उससे पैसे लेकर उसका नाम सूची से जोड़ दिया गया हैं जबकि वैसे लोगों को अबुआ आवास योजना का लाभ मिल रहा हैं जो इसकी श्रेणी में नहीं आते हैं जिन लोगों का इस योजना का आवश्कता हैं वह अभी तक इस योजना से वंचित हैं और उसने कहा कि वैसे लोगों को इस योजना का लाभ दिया जा रहा हैं जो आर्थिक रूप से मजबूत हैं जिसको आवास की आवश्कता नहीं हैं जिस लाभुक को पक्के मकान की आवश्कता हैं वैसे लाभुक मिट्टी के मकान व त्रिपाल लगाकर रहने पर मजबूर हैं।

जेएमएम सरकारी पैसो का कर रही है दुरुपयोग

सरकारी कार्यक्रम में अपराधी को बैठाया जा रहा है

सरकारी कार्यक्रम को बना दिया गया जेएमएम का कार्यक्रम

प्रभात मंत्र संवाददाता

बंशीधर नगर : अगर कार्यक्रम पार्टी से संबंधित था, तो फिर जिले के पदाधिकारी द्वारा कार्यक्रम का संचालन क्यों किया जा रहा था? या फिर कार्यक्रम सरकारी था, तो सजा पाया अपराधी ताहिर अंसारी मंच पर कैसे विराजमान थे?मंच पर जेएमएम का झंडा बैनर कैसे लगा था? जबकि प्रोटोकॉल के अनुसार सरकारी कार्यक्रम होने पर स्थानीय सांसद व विधायक को इसकी सूचना दिया जाना था। उक्त बातें भाजपा के स्थानीय विधायक भानु प्रताप शाही ने 23 सितंबर को झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी के द्वारा मइयां सम्मान यात्रा के संबंध पर सवाल उठाते हुए अपने स्थानीय कार्यालय में प्रेस वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा की श्री बंशीधर मंदिर के कपाट बंद होने के बाद सीएम की पत्नी गांडेय विधायक कल्पना सोरेन के लिए मंदिर का कपाट खोलकर पूजा कराया गया।जबकि विगत 8 महीना पूर्व कपाट बंद होने के बाद झारखंड के

पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी श्री बंशीधर मंदिर का कपाट बंद होने पर मंदिर के कपाट के बाहर ही भगवान श्री कृष्ण की मूर्ति को रखकर विद्वान पंडित द्वारा पूजा अर्चना कराया गया था। इन आठ महीनों में मंदिर के ट्रस्टी, विद्वान पंडितो और गढ़ परिवार के लोगो ने अचानक बदलाव कैसे कर लिया?उन्होंने कहा कि मैं मंदिर के ट्रस्टी, राज परिवार और विद्वान पंडितो से यह सवाल करता हूं की किन परिस्थितियों में बाबा बंशीधर का अपमान किया गया। उन्होंने 23 सितंबर को बंशीधर नगर में आयोजित मइयां सम्मान यात्रा पर टिप्पणी करते हुए और सरकारी पत्र दिखाते हुए कहा कि अगर यह यात्रा सरकारी थी तो सवाल यह उठता है कि सरकारी कार्यक्रम में मंच पर झामुमो के जिला अध्यक्ष, कांग्रेस के जिला अध्यक्ष के साथ साथ अपराधी ताहिर अंसारी मंच पर कैसे विराजमान थे? प्रोटोकॉल के अनुसार इस कार्यक्रम की जानकारी स्थानी सांसद, स्थानीय विधायक को दिया जाना चाहिए था, जो कि नहीं दिया गया। उन्होंने कहा की अगर यह कार्यक्रम पार्टी से संबंधित था तो जिले के पदाधिकारी मंच का संचालन कैसे कर रहे थे? उन्होंने सवाल उठाया कि इस बात का जवाब सचिव और उपायुक्त को देना होगा। आयोजित कार्यक्रमों में जो भी पैसे का खर्च हुआ है।

उप विकास आयुक्त ने स्वच्छता ही सेवा अभियान को लेकर पदाधिकारीयों के साथ किया बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : लोहरदगा जिला में स्वच्छता ही सेवा अभियान कार्यक्रम अंतर्गत आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों व इसके सफल संचकन को लेकर आज मंगलवार को उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत की अध्यक्षता में एक आवश्यक बैठक जिला के पदाधिकारियों के साथ हुई।

बरवाडीह में मनरेगा योजनाओं में फर्जी डिमांड पर भुगतान, सरकारी राशि का किया जा रहा है बंदरबांट

बरवाडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता): बरवाडीह प्रखंड के मनरेगा कर्मियों और पंचायत सचिवों के अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने के बाद हालांकि पंचायत सचिव फिलहाल वापस अपने काम पर लौट आए हैं । मनरेगा योजनाओं के संचालन की वैकल्पिक व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं क्योंकि कनीय अभियंता, सहायक अभियंता योजनाओं को छोड़ रहे हैं योजनाओं का जीओ टैग किस तरह किसके लॉगिन से हो रहे हैं, योजनाएं ऑनगोइंग कैसे हो रहे हैं।

जिला विधिक सेवा प्राधिकार,सिमडेगा

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण
न्याय तक आपकी पहुँच

मुफ्त कानूनी सहायता के लिए:
कॉल : 15100
टोल फ्री हेल्पलाइ ननंबर

ऑनलाइनआवेदन:
https://www.nalsa.gov.in/Isams/

नोटः–माननीय झालसा द्वारा जनहित में जारी नेशनल लीगल एड हेल्पलाई ननंबर 15100 और नालसा पोर्टल (**LSMS**) जिसमें आप सभी से अनुरोध है कि यदि कोई शिकायत हो तो अपना आवेदन उक्त नंबर एवं पोर्टल में दर्ज कर सकते हैं।

श्रीमती मरियम हेमरोम	श्रीसौरभ	श्रीअजय कुमार सिंह	श्री राजीव कुमार सिन्हा
सचिव	पुलिस अधीक्षक सह सदस्य		उपायुक्त सह
प्रधान जिला एवं सत्र प्राधिकार, सिमडेगा	जिलाविधिकसेवा	जि0 वि0 से0 प्रा0,सिमडेगा	उपाध्यक्ष न्यायाधीश सह अध्यक्ष जि0 वि0 से0 प्रा0,सिमडेगा

निवेदक–जिला प्रशासन एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा।
PR 336940 (Simdega)24-25*D

डबल इंजन की सरकार से ही होगा क्षेत्र का विकास : अन्नपूर्णा देवी

प्रभात मंत्र संवाददाता

छतरपुर : छतरपुर हाई स्कूल के मैदान में भारतीय जनता पार्टी के परिवर्तन यात्रा के तहत कर्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे केंद्रीय बल विकास परियोजना मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि झारखंड सरकार पूरी तरह लूट की सरकार है उन्होंने कहा कि नीलांबर पीतांबर की पवित्र भूमि को झारखण्ड सरकार ने धोखेबाजी की है उन्होंने वादा किया था कि 5 लाख युवाओं को रोजगार दिए जाएंगे और स्नातक और एमए किए हुए युवक यूतियों को 5000 और ?7000 देंगे लेकिन सारा वादा बिफल रहा।झारखण्ड मे इस बार विधानसभा चुनाव के बाद डबल इंजन की सरकार की जरूरत है और डबल इंजन की सरकार ही क्षेत्र का विकास कर सकती है उन्होंने कहा की भारतीय जनता पार्टी अपने वादों के अनुरूप कार्य करती है और उन्होंने जो वादे किए थे चाहे किसानों को प्रतिवर्ष देने वाली राशि हो यह सारा कार्य भारतीय जनता पार्टी ही कर सकती है वहीं पलामू सांसद बीडी राम ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार केंद्र की योजनाओं लगातार क्षेत्र के विकास में लगी हुई है जबकि हेमंत सोरेन सिर्फ और सिर्फ घोटाले में लगी हुई है ऐसी निकम्मी सरकार को उखाड़ फेंकने की जरूरत है वही कार्यक्रम में संबोधित करते हुए पूर्व सांसद घुरन राम ने कहा कि यह परिवर्तन रैली से हेमंत सोरेन सरकार की नींद खुल गई है। और लोगो से अपील किया है कि आने वाले चुनाव में यह बेईमानों की सरकार बदल दें, छतरपुर विधायक पुष्पा देवी ने कहा कि राज्य के विकास में सबसे बड़ी बाधक हेमंत सोरेन की सरकार है और हेमंत सोरेन के द्वारा आदिवासियों के धोखेबाजी का जवाब इस बार उन्हें यहां की जनता दे देगी. कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, व संचालन अरविंद कुमार सिंह ने किया कार्यक्रम में प्रभात कुमार, श्याम नारायण दुबे, मंगल सिंह, पूर्व सांसद सुनील सिंह, अमलेश्वर दुबे, अभिमन्यु तिवारी, राज नारायण यादव समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत जागरूकता रैली का किया गया आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

बंशीधर नगर : भवनाथपुर-टाउनशिप के सेल के तुलसीदामर खदान में मंगलवार को स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत स्वच्छता जागरूकता के लिए एक स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया। यह रैली भारत सरकार और इस्पात मंत्रालय के निर्देशानुसार स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के बोकारो इस्पात संयंत्र द्वारा संचालित भवनाथपुर-तुलसीदामर खदान में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2024 तक चल रहे स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत की गई। 24 सितंबर 2024 को आयोजित इस रैली के दौरान भवनाथपुर खदान के टाउनशिप के आवासीय परिसर और मेन रोड पर स्वच्छता जागरूकता फैलाई गई। इस अवसर पर सेल भवनाथपुर खदान के उप महाप्रबंधक श्याम उज्ज्वल मेद्दा ने सभी उपस्थित सदस्यों को स्वच्छता शपथ दिलाई और अपने संबोधन में शारीरिक एवं मानसिक स्वच्छता पर जोर दिया। इस कार्यक्रम में सेल भवनाथपुर के सहायक महाप्रबंधक राजेश जी, उप प्रबंधक बुलु दीगल, डीएवी पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल राजेन्द्र सचदेवा, शिक्षकगण और छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

झारखण्ड सरकार
कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
उद्यान निदेशालय, झारखण्ड
कार्यालय जिला उद्यान पदाधिकारी, राँची

" प्रोमोशन ऑफ अरबन फार्मिंग " योजना के लाभ हेतु
आम - सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (उद्यान प्रभाग) के स्वीकृत्यादेश संख्या– 42, दिनांक– 24.07.2024 द्वारा **राज्य उद्यान विकास** योजनान्तर्गत उपयोजना " **प्रोमोशन ऑफ अरबन फार्मिंग** " के तहत शहरी इलाको एवं उससे सटे हुए आस–पास के छोटे–भूखण्ड एवं सरकारी परिसर, जहाँ उपलब्ध हो तथा Trace Gardening अन्तर्गत जैविक एवं गुणवत्तायुक्त विभिन्न प्रकार के सब्जियों, फूलों एवं फलों के उत्पादन किये जाने हेतु प्रमोशन ऑफ अरबन फार्मिंग की योजना स्वीकृत है।

उपरोक्त योजनान्तर्गत Trace Gardening तथा शहरी क्षेत्रों में खाली पडे भू–खण्डो पर इच्छुक कृषकों द्वारा आवेदन के माध्यम से लाभ दिया जायेगा।

इस योजना का कार्यान्वयन सरकारी परिसर में 100 प्रतिशत अनुदान पर एवं निजी व्यक्तियों का Trace Gardening एवं अवासीय परिसर में खाली पडे भू–खण्डो पर 75 प्रतिशत अनुदान पर किया जायेगा।

- आवेदन जमा दिनांक **01.10.2024** तक कार्यालय अवधि में कार्यालय, जिला उद्यान पदाधिकारी, राँची, संयुक्त कृषि कार्यालय भवन, कृषि भवन परिसर , काँके रोड, राँची में किया जा सकेगा।

विशेष जानकारी हेतु कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है।

ह0/–
जिला उद्यान पदाधिकारी,
राँची

PR 336930 Agriculture (24-25)_D

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

संक्षिप्त खबरें

इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी का फैशन इवेंट संपन्न

रांची। इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी (आईआईएफटी) रांची के फैशन डिजाइनिंग के छात्रों ने हाल ही में गुरुग्राम (गुड़गांव) में आयोजित प्रतिष्ठित इंटरनेशनल फैशन इवेंट में अपने क्रिएटिव डिज़ाइन्स के जरिए दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस प्रमुख अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश-विदेश के जाने-माने फैशन डिज़ाइनर्स के साथ-साथ बॉलीवुड की मशहूर हस्तियों जैसे करिश्मा कपूर, उर्वशी रौतेला और नुसरत भरुचा ने अपनी उपस्थिति दर्ज कर इवेंट को और खास बना दिया। राष्ट्रीय स्तर के फैशन कोरियोग्राफर प्रसाद बिदापा ने आईआईएफटी रांची के छात्रों के फैशन शो का निर्देशन किया, जिससे यह आईआईएफटी रांची के लिए एक गर्व का क्षण बन गया। आईआईएफटी रांची के छात्र-छात्राओं में जेसिका, पुनम, ऋतिका, पुतुल, शिवानी, ज़न्नत, गीता और राहुल ने अपने आकर्षक कलेक्शन को प्रस्तुत किया।

इनरव्हील क्लब ऑफ स्वर्णरेखा ने चलाया गया जागरूकता अभियान

रांची : इनरव्हील क्लब आफ स्वर्णरेखा रांची, इनरव्हील क्लब आफ रांची साउथ, इनरव्हील क्लब आफ पलाश ने संयुक्त रूप से गौसनर हाईस्कूल में जागरूकता अभियान प्रधानाध्याक कुलदीप गुड़िया, नवीन के सहयोग से किया, जिसके अन्तर्गत बच्चों के आंखों का चेकअप ,सुषमा मिश्रा के द्वारा आंखों की देखरेख की जानकारी ,किशोरावस्था में बच्चों को मानसिक एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने की सलाह,ए एन एम विमेन हेल्थकेयर सर्विस , जेनरल हेल्थ चेकअप, साथ ही डी वार्मिंग की दवा दी गई। डाकटर आर के वर्णवाल ने हेल्थ चेकअप एवं निशुल्क दवा वितरण में अपना सहयोग दिया। बच्चों के बीच क्युज प्रतियोगिता आयोजित किया गया।

राज्य का पहला ट्रांसपोर्ट नगर का नवरात्र से पहले होगा शुभारम्भ : सुनील

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। कांके प्रखंड अंतर्गत सुकरहुटू में रिंग रोड के पास 40.68 एकड़ भूमि पर 113.24 करोड़ रुपये की लागत से झारखंड का सबसे बड़ा ट्रांसपोर्ट नगर का निर्माण लगभग पूरा होने जा रहा है। मंगलवार को नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार राज्य के पहले ट्रांसपोर्ट नगर नगर की साइट का निरीक्षण करने पहुंचे थे। सुनील कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन नवरात्र में अक्तूबर के प्रथम सप्ताह तक इसका उद्घाटन करेंगे। उन्होंने जुडको के अधिकारियों और एजेंसी के.एम.वी के प्रतिनिधियों को निर्देश भी दिया। मुख्यमंत्री की इच्छा है कि हर हाल में ट्रांसपोर्ट नगर नवरात्र के पहले सप्ताह में आम जनता और ट्रांसपोर्टरों को समर्पित कर दिया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि ट्रांसपोर्ट नगर के रखरखाव और संचालन की नीति व प्रक्रिया जल्द से जल्द तैयार कर ली जाए, ताकि उद्घाटन के साथ ही ट्रांसपोर्ट नगर में भारी, मध्यम और छोटे ट्रक लगने शुरू हो जाएं। बता दें कि रांची वासियों को यह ट्रांसपोर्ट नगर मई 2022 में निर्माण की आधारशिला रखी गई थी। अक्तूबर 2024 में इसका काम पूरा करने को कहा गया है। अब तक एकीकृत भवन और दो वेयर हाउस का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। तीन तलों में छोटे से लेकर बड़े वाहनों के खड़ा करने के तीन लेबल का प्लेटफार्म बनाने का काम पूरा हो गया है। खास बात यह है कि पत्थर का गेवियन वाल बन रहा है, वह पूरी तरह से इको फ्रेंडली है इसकी जोडाई में कही भी सीमेंट का इस्तेमाल नहीं किया गया है।

कांके प्रखंड के सुकरहुटू में रिंग रोड के पास 113.24 करोड़ रुपये की लागत से ट्रांसपोर्ट नगर का निर्माण हो रहा है। प्रथम फेज में बड़े छोटे कुल 424 वाहनों के खड़ा करने का प्रावधान किया गया है। निर्माणाधीन लेबल एक प्लेटफार्म पर 93 एक्स्ट्रा लार्ज 22 मीटर लम्बा, 11 लार्ज टेलर 18 मीटर , 27 स्माल 16 मीटर वाहनों के खड़ा करने का प्रावधान रहेगा। इसी तरह लेबल दो प्लेटफार्म पर 179 लार्ज और 50 स्माल वाहन खड़ा किये जायेंगे. लेबल तीन के प्लेटफार्म पर सिर्फ 64 स्माल वाहन खड़ा होंगे।बाहर से आने वाली वाहनों के माल को रखने के लिए दो लेबल के वेयर हाउस भी बनाया जा चुका है। लेबल एक वेयर हाउस 6176 वर्ग मीटर तथा वेयर हाउस दो 3900 वर्ग मीटर का बन गया है। इससे शहर में बड़े वाहन नहीं घुसेंगे और जाम नहीं लगेगा। जी प्लस 3 एकीकृत भवन में ट्रांसपोर्टरों एवं अन्य के लिए 16 आफिस का प्रावधान है।

ड्राइवर और खलासी के आराम करने के लिए 180 बेड की डोरमेट्री और 150 लोगों के बैठने के लिए फूड कोर्ट भी रहेगा। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, दो वे ब्रिज, सर्विस स्टेशन, प्रवेश द्वार, सीसीटीवी, वाई फाई, लैंड स्केपिंग और मनोरंजन के लिए स्थान उपलब्ध रहेगा।

फुटबॉल टूर्नामेंट का किया गया भव्य शुभारम्भ, खिलाड़ियों में जोश और उत्साह

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। गुमला में कार्तिक उरांव महाविद्यालय गुमला के प्रांगण में रांची विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य उद्घाटन समारोह संपन्न हुआ। यह टूर्नामेंट खिलाड़ियों, खेल प्रेमियों और स्थानीय जनता के बीच भारी उत्साह का केंद्र बना हुआ है। इस टूर्नामेंट में रांची विश्वविद्यालय के 11 महाविद्यालयों के खिलाड़ियों ने अभी तक भाग लिया है। मुख्य अतिथि कार्तिक उरांव महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य अमर ज्योति ख़लखो, विशिष्ट अतिथि सदर अस्पताल के डॉ शारिब, पुग्गू पंचायत की मुखिया जेने विभा लकड़ा एवं कॉलेज के गण्यमान्य प्रोफेसरों ने कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। वही कॉलेज की प्राचार्या डॉ शमशुन निहार ने खिलाड़ियों को संदेश देते हुए कहा कि खेल हमें अनुशासन सिखाती है, आपस में तालमेल और सामंजस स्थापित करने का हुनर बताती है। 27 सितंबर को समापन समारोह मनाया जाएगा। उद्घाटन मैच (टीम ए कार्तिक उरांव महाविद्यालय) और (टीम बी जे एन महाविद्यालय धुर्वा) के बीच खेला गया, जिसमें दोनों टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कार्तिक उरांव महाविद्यालय 1- 0 से आगे चल रही है।

इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्रोफेसर संकाय सदस्य डॉ सतीश कुमार गुप्ता, डॉ बी एन मिश्रा, डॉ प्रसनजीत मुखर्जी, आयोजक सचिव प्रेमचंद उरांव,अमिताभ भारती, संजय कुमार, डॉ संजय कुमार भोक्ता, डॉ शोएब अंसारी, डॉ राकेश प्रसाद, डॉ दीपक प्रसाद, नीलम प्रतिमा मिंज़, निपेंद्र कुमार सेठ, मंती कुमारी, अनुतलन मिंज, एवं शिक्षा संकाय के सभी शिक्षक, तेतरु तिर्की, ईशा बेला हीरो, डॉ आशुतोष कुमार, डॉ अभिनय कुमार, जिभवानी रजक, एवं महाविद्यालय के सभी संकाय के संकायाध्यक्ष एवं प्रोफेसर इस उपलक्ष पर मौजूद थे वहीं यूनिवर्सिटी से आए हुए सदस्य श्री विजय वर्मा, धीरज महतो, अनिल वीरेंद्र कुजूर, कुमुद रंजन, राम मुर्मू, यह जानकारी आयोजन समिति के मीडिया प्रभारी डॉ दीपक प्रसाद ने दी।

धार्मिक न्यास बोर्ड की देखरेख उपायुक्त ही करेंगे : हाई कोर्ट

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : मंगलवार को धार्मिक न्यास बोर्ड की ओर से बनाई गई कमेटी को झारखंड हाईकोर्ट ने भंग कर दिया है। वहीं रांची के उपायुक्त की अध्यक्षता में बनी पुरानी कमेटी को बहाल करने का आदेश दिया है। कोर्ट में सुनवाई के दौरान उक्त आदेश दिया गया। प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि पुरानी कमेटी को यह भंग करने का कोई कारण नहीं दिया गया। पहाड़ी मंदिर विकास समिति को भंग करने के पूर्व बोर्ड से प्रस्ताव भी पारित नहीं कराया गया। बोर्ड के अध्यक्ष ने क्षेत्राधिकार से बाहर जाकर समिति को भंग करने का आदेश जारी किया है। जो कानून गलत है। कहीं से भी उचित नहीं है। धार्मिक न्यास बोर्ड की पुरानी कमेटी को भंग करने का आदेश रद्द किया जाए। हाईकोर्ट ने पूर्व में मामले में पहाड़ी मंदिर की 11 सदस्यीय नई कमेटी को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया था। सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से बताया गया था कि संस्था द्वारा 1992 में मंदिर बनाया गया। संस्था उसके विकास का कार्य करती रही। संस्था निबंधित है तथा इनकम टैक्स एक्ट के तहत छूट भी प्राप्त है। हर साल ऑडिट भी होता है। इसका धार्मिक न्यास बोर्ड से कुछ लेना-देना नहीं था। मालूम हो कि प्रार्थी पहाड़ी मंदिर विकास समिति की ओर से याचिका दायर की गई थी। प्रार्थी ने धार्मिक न्यास बोर्ड की नोटिस व पिछले साल 9 सितंबर के आदेश को चुनौती दी थी।

पुलिस ने ब्राउन शूगर सप्लाई करने वाले दो युवकों को दबोचा

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। वरीय पुलिस अधीक्षक राँची चौदन सिन्हा को गुप्त सूचना मिली कि सुखदेवनगर थाना अन्तर्गत किशोरगंज रोड नंबर, 05, थाना सुखदेवनगर जिला रांची के पास अवैध नशीले पदार्थों का खरीद बिक्री हो रही है। उक्त सूचना के आलोक में पुलिस अधीक्षक नगर के नियत्रण में एवं पुलिस उपाधीक्षक कोतवाली के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित छापामारी टीम के द्वारा सुखदेवनगर धाना अन्तर्गत किशोरगंज रोड नंबर 05, थाना सुखदेवनगर जिला राँची के पास से पुलिस बल को देख भागने के क्रम में दो व्यक्ति नाम सित्ती राम, उम्र करीब 20 वर्ष, किशोरगंज हरमु रोड, बाल्मीकी नगर, संतोषी मंदिर के पास, थाना सुखदेवनगर जिला राँची एवं अभिषेक कुमार यादव उर्फ गोलु यादव, उम्र करीव 23 वर्ष किशोरगंज रोड नंबर 05. थाना सुखदेवनगर जिला रांची को पकड़ा गया। इस क्रम में एनडीपीएस एक्ट के अधीन नियमो का अनुपालन करते हुए विधिवत उनके शरीर की तलाशी ली गई। तलाशी के क्रम में सित्ती राम के पास से 7 पुडिया ब्राउन शुगर जिसका वजन 0.70 ग्राम तथा अभिषेक कुमार यादव उर्फ गोलु के पास से 09 पुडिया ब्राउन शुगर जिसका वजन 1.20 ग्राम, ब्लु रंग का 1-TEL कंपनी का स्मार्टफोन जिसका IMEI NO- 351606785979401 एवं 351606785979419, तथा (3) एक सफेद एव काले रंग का यामाहा एम0टी0 मोटरसाईकिल जिसका रजिस्ट्रेशन संख्या-जेएच 01 ईई 3891 को बरामद किया गया जिसके बारे में सित्ती राम एवं अभिषेक कुमार यादव उर्फ गोलु यादय द्वारा स्वयं स्वीकार किया कि यह सिल्बर फॉईल में लपेटा हुआ पुड़िया में नशीला पदार्थ ब्राउन शुगर है।

छापामारी में शामिल पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मियों का नामः प्रकाश सोय, पुलिस उपाधीक्षक

कोतवाली राँची,मनोज कुमार, पुनि सह थाना प्रभारी, सुखदेवनगर थाना, राँची, गौरव कुमार, पु0अ0नि0 सुखदेवनगर थाना राँची, आरक्षी 1292 रमेश कुमार यादव, सुखदेवनगर थाना रिजर्व गार्ड, राँची 5. आरक्षी 178 अजय कुमार पहाड़िया, सुखदेवनगर थाना रिजर्व गार्ड, राँची शामिल थे।

वक्फ बोर्ड की बैठक आज, अध्यक्ष पर बनेगी सहमति या फिर भंग होगा बोर्ड

परवेज कुरैशी@प्रभात मंत्र

रांची। झारखंड में लंबे समय के बाद झारखंड सुन्नी वक्फ बोर्ड का गठन कर दिया गया है, लेकिन अध्यक्ष कौन होंगे इसको लेकर सियासत तेज हो गई है। कई जगहों पर गुप्त बैठकें भी चल रही है कि अध्यक्ष किन्हें चुना जाए। डॉक्टर सरफराज अहमद राज्य सभा सांसद ,इबरार अहमद, शकील और फैजी का नाम है। लेकिन कुछ सदस्य और बाहर के लोग भी चाहते हैं कि अध्यक्ष इबरार अहमद को ही बनाया जाए , क्योंकि वे पहले रांची अंजुमन इस्लामिया के अध्यक्ष रह चुके हैं , तो वक्फ संपत्ति की जानकारी इन्हें अधिक है। वहीं दूसरी ओर इबरार अहमद अंजुमन इस्लामिया में तत्कालीन अध्यक्ष पद पर थे इस दौरान इबरार के जो प्रतिद्वंदी थे वे अब भी नहीं चाहते हैं कि इबरार वक्फ बोर्ड का अध्यक्ष बने, इन सबका कहना है कि यदि इबरार अध्यक्ष बनते हैं तो अंजुमन इस्लामिया, दरगाह ,खानकाह सहित वक्फ से जुड़ी संपत्तियों पर हस्तक्षेप करेंगे। वहीं कुछ लोग चाहते हैं कि झामुमो नेता सह राज्यसभा सांसद सरफराज अहमद को ही निर्विरोध चुन लिया जाए। सरफराज के आने से वक्फ बोर्ड और मजबूत होगा और सरकार भी पूरा ध्यान देगी। वहीं अब अध्यक्ष कौन होंगे 25 सितंबर को इसकी बैठक है और इसी दौरान चुनाव की घोषणा भी की जाएगी और उसी दिन इसका परिणाम भी घोषित कर दिया जाएगा। इसको लेकर 24 तारीख को सुन्नी वक्फ बोर्ड के सभी सदस्यों ने अपने-अपने स्तर से बैठक कर चुके हैं, सहमति किस पर बने इसको लेकर यह देर रात तक मंथन जारी था, लेकिन खबर लिखे जाने तक सदस्यों का ही कहना था कि सरफराज अहमद पर ही सहमति बना लिया जाए। वहीं कुछ लोग इस वक्फ बोर्ड को भंग भी करवाने के लिए कोशिश कर रहे हैं। जबकि वक्फ बोर्ड में काम बहुत है डिजिटलाइजेशन , रजिस्ट्रेशन कराने से लेकर पूरा वक्त देना, अपने स्वंय के खर्च से ही सबकुछ पूरा करना होगा।

कौन होंगे अध्यक्ष

नवगठित झारखंड सुन्नी वक्फ बोर्ड का गठन 13/8/24 को हुई इसकी अधिसूचना अनुसूचित जनजाति अनुसूचित जाति अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग झारखंड सरकार द्वारा जारी हुई थी। सुन्नी वक्फ बोर्ड कांग्रेस कोटे का है। वक्फ बोर्ड कांग्रेस कोटे से है इसलिए शकील अख्तर समाज सेवी के तौर पर मनोनित हैं जबकि वे कांग्रेस से जुड़े हैं इसलिए इनकी दावेदारी अध्यक्ष के लिए हो सकती हैं। वहीं इबरार अहमद के साथ जो सदस्य हैं वे भी कई राउंड राज्यसभा सांसद सरफराज अहमद के संपर्क में हैं। इन सदस्यों का कहना है कि किसे वोट करेंगे यह कहना अभी उचित नहीं होगा चूंकि सभी को एक साथ ही काम भी करना है, अगर मैं जिनके बारे में कहता हूं और उनके जगह दूसरा चुन कर आ गये तो फिर मेरा क्या होगा, इसलिए चुनाव के दिन निर्णय लिया जायेगा।

झारखंड में वक्फ बोर्ड के ये हैं सदस्य

लंबे समय बाद वक्फ अधिनियम 1995 यथा संशोधित अधिनियम 2013 की धारा 14(1) तथा 14(3) के शक्तियों का प्रयोग करते हुए झारखंड राज्य सुन्नी वक्फ बोर्ड में निम्न सदस्यों को नियुक्त किया गया है जिनमें डॉक्टर सरफराज अहमद राज्य सभा सांसद , मोहम्मद निजामुद्दीन अंसारी पूर्व विधायक गिरिडीह, कलाम रशिदी अधिवक्ता राज्य काउंसिल, महबूब आलम अंसारी मुताव्वली , मोहम्मद फैज़ी मुतव्वली वक्फ संपत्ति, इबरार अहमद सुन्नी मुस्लिम विद्वान , शिया मुस्लिम विद्वान, शकील अख्तर समाजसेवी और आसिफ हसन संयुक्त सचिव कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग को मनोनीत किया गया है।

वक्फ की संपत्ति

पूर्व रिकॉर्ड के मुताबिक झारखंड में करीब 206 वक्फ बोर्ड की संपत्ति बताई जाती है, कुछ मदरसा, ईदगाह , कब्रिस्तान, अस्पताल, स्कूल,कालेज इत्यादि हैं। कुछ जानकार बताते हैं कि वक्फ की कुछ संपत्तियों का कुछ जानकारों ने गलत तरीके से ट्रस्ट बना लिए हैं, इसकी भी जांच होनी चाहिए। साथ ही वक्फ संपत्ति के रख रखाव, अकाउंट ऑडिट, अवैध कब्जा, विवाद, सर्वे, रजिस्ट्रर्ड कराने के अलावा बकाया किरायेदारों जैसे कई और समस्याएं हैं। करोड़ों राशि की वक्फ संपत्ति बावजूद मुसलमानों की हालत बदतर है।

सीसीएल में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक हुआ सम्पन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। सीसीएल राँची के नये भवन के तीसरे तल पर अवस्थित सभागार में निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र की अध्यक्षता में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक सम्पन्न हुई।

इस अवसर पर निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र, महाप्रबंधक (का./राजभाषा) संजय कुमार ठाकुर, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्षगण, महाप्रबंधकगण एवं राजभाषा नोडल अधिकारी सहित सीसीएल के क्षेत्रों से आए प्रतिनिधि उपस्थित थे।बैठक की अध्यक्षता करते हुए निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र ने कहा कि यह राजभाषा की बैठक ही नहीं है, अपितु हमारे कार्य का ही एक महत्वपूर्ण भाग है । उन्होंने आगे कहा कि राजभाषा कार्यान्वयन अत्यंत महत्वपूर्ण है। सभी विभागों के राजभाषा कार्यान्वयन में प्रगतिशील दृष्टिकोण होनी चाहिए। उन्होंने राजभाषा विभाग से कहा कि जिन विभागों को हिंदी में काम करने में दिक्कत आ रही है उन्हें सहयोग करें।

महाप्रबंधक (का./राजभाषा) संजय कुमार ठाकुर ने बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों का हार्दिक स्वागत किया साथ ही राजभाषा विभाग द्वारा किये गये संबंधित विषयों पर प्रकाश डाला। उन्होंने आगे राजभाषा संबंधी गतिविधियों से सबको अवगत कराया।बैठक में मूल रूप से हिंदी में पत्राचार, टिप्पण आलेखन व अन्य कार्यालयीन कार्य इत्यादि पर विस्तार से चर्चा हुई।राजभाषा में विगत तिमाही में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए तकनीकी ¬ सुरक्षा एवं बचाव विभाग, गैर तकनीकी ¬ मानव संसाधन विभाग एवं क्षेत्र ¬ कुजू क्षेत्र को चल शील्ड द्वारा पुरस्कृत किया गया।कार्यक्रम का संचालन महाप्रबंधक (राजभाषा) संजय कुमार ठाकुर ने की एवं धन्यवाद ज्ञापन महाप्रबन्धक (खनन) एस आर तालंकार ने की। कार्यक्रम के सफल आयोजन में राजभाषा एवं अन्य विभागों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

राज्यस्तरीय ओपन किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में प्राप्त किया तीसरा स्थान

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : झारखंड ओपन दो दिवसीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में रांची की टीम ने 21 से 22 सितंबर तक धनबाद के गोविंदपुर स्थित केके पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में आयोजित राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान बनाने में सफल हुए।इस अवसर पर रांची जिला किक बॉक्सिंग के अध्यक्ष विनय सिन्हा दीपू ने सभी खिलाड़ियों और कोच को बधाई दिया और सम्मानित करने की घोषणा किया।उन्होंने कहा हमारे खिलाड़ियों का लगातार प्रदर्शन लगातार बेहतर होता जा रहा है। राज्यस्तरीय और राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगितओ में खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन कर रहे है।हम अपने खिलाड़ियों को अंतराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भारत के नाम पदक प्राप्त करना चाहते है जिसकी तैयारी चल रही है। प्रतियोगिता में महासचिव गुलाम जावेद रैफरी रहें टीम कोच कमल किशोर कच्छप मैनेजर सिंटू कुमार थे।रांची जिला परिणाम इस प्रकार रहा। 25 वर्ष सीनियर वूमेन 50 कि ग्र में काजल कुमारी काष्या पदक,कोमल सलोनी लकड़ा 13 वर्ष 49कि ग्र में स्वर्ण पदक,रिधिमा 13 वर्ष 35 कि ग्र में रजत पदक,रजनी कुमारी 23 वर्ष सीनियर महिला में रजत पदक, मनी कुमारी 16 वर्ष 36कि ग्र में रजत पदक आयुष कुमार 14 वर्ष 75 कि ग्र में स्वर्ण पदक अनुज कुमार 16 वर्ष 60कि ग्र में रजत पदक प्रिंस राज ताना भगत 13 वर्ष 33 किग्र में स्वर्ण पदक रोहित उरांव 17 वर्ष 59 किग्र में कांस्य पदक फैजल अंसारी 11वर्ष 33 किग्र में रजत पदक रुपेश कुमार महतो 16 वर्ष 53 किग्र में कांस्य पदक उमेर अराफात 16 वर्ष 55किग्र में स्वर्ण पदक याद राज कश्यप 12 वर्ष 50 किग्र में कांस्य पदक प्राप्त किए।

राजद का 28 को चतरा एवं 29 को पलामू में होगा विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। प्रदेश राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने बताया कि राजद की ओर से विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन 28/9/24 को चतरा एवं 29/9/24 को पलामू का आयोजन किया गया है ! इस कार्यक्रम को सफल एवं ऐतिहासिक बनाने के लिए स्वयं प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव मॉनिटरिंग कर रहे हैं !यादव ने बताया कि राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव काफी नजदीक आ गया है संभवतः चुनाव आयोग द्वारा अगले महीने कुछ दिनों में आदर्श आचार संहिता लागू कर दिया जाएगा । विदित है कि पार्टी विगत दिनों 10 अगस्त से हीं सभी जिलों में संगठन नेताओं द्वारा कार्यकर्ताओं के बीच संवाद कार्यक्रम किया जा रहा है।

पूर्व निर्धारित घोषित कार्यक्रम के तहत आगामी 28 को चतरा एवं 29 को पलामू में कार्यकर्ता सम्मेलन किया जा रहा है । कार्यक्रम में राजद के कई बड़े राष्ट्रीय नेता मौजूद रहेंगे । जिसमे झारखंड प्रभारी जयप्रकाश नारायण यादव, विधान परिषद सह राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी,राष्ट्रीय महासचिव भोला प्र यादव, जहानाबाद के

लोकसभा सांसद सुरेंद्र प्र यादव, औरंगाबाद से लोकसभा सांसद अवधेश कुमार कुशवाहा, श्रम एवं उद्योग मंत्री सत्यानंद भोक्ता , प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव, प्रधान महासचिव संजय प्र यादव , पूर्व मंत्री सुरेश पासवान सहित प्रदेश संगठन के अनेक नेता मौजूद रहेंगे । यादव ने बताया कि पलामू गढ़वा लातेहार और चतरा जिला समाजवादी संस्कृति से जुड़ा हुआ है अधिकांशतः सभी क्षेत्रों में लंबे समय से राजद का विचारधारा को मानने वाले लोग परंपरागत तरीके से प्रतिनिधित्व करते रहे है।

कार्यकर्ता सम्मेलन में उपस्थित सभी मुख्य नेताओं द्वारा राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव एवं बिहार सरकार में नेता विपक्ष एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्र यादव का महत्वपूर्ण संदेश को बताने का काम किया जाएगा और पार्टी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को चुनावी मुहिम में संकल्प के साथ जुटने का मार्गदर्शन के साथ निर्देश दिया जाएगा।

झारखंड में रोटी, बेटी और माटी पर है संकट, हमें इसे बचाना हैः बाबूलाल

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने तोरपा और बरही में परिवर्तन यात्रा के दौरान झारखंड की जनता से परिवर्तन की अपील की। इस दौरान उन्होंने वर्तमान सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि झारखंड में हेमंत सोरेन की जेएमएम, कांग्रेस और आरजेडी मिलकर सरकार चला रही है। लेकिन पिछले पांच वर्षों में उन्हें जो काम करना चाहिए था, वह नहीं किया। इसके बजाय, ये लोग केवल अपने लिए कमाई करने में लगे रहे। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस के सांसद के घर से 350 करोड़ रुपये की रकम बरामद हुई है, और एक मंत्री के सचिव के नौकर के घर से 35 करोड़ रुपये मिले हैं। यह पैसा झारखंड की जनता का लूटा हुआ धन है।

पूरे पांच साल इस सरकार ने झारखंड के लोगों को लूटने का काम किया है। मरांडी ने याद दिलाया कि एक समय झारखंड के लोग राशन और केरोसिन तेल पाने के लिए संघर्ष करते थे। लोग अंधेरे में जीवन यापन करते थे। लेकिन जब भाजपा और नरेंद्र मोदी की सरकार बनी, तब देश के साथ-साथ झारखंड में भी बिजली पहुंचाई गई। उन्होंने कहा, जब राज्य में भाजपा की सरकार बनेगी, तो रांची और देश की राजधानी की तरह झारखंड के गांव-गांव में बिजली और सभी सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।

अतिवृष्टि से बड़ाम के कई घर ध्वस्त, प्रशासन आज तक नही पहुंचा सुधि लेने : आरती कुजूर

प्रभात मंत्र संवाददाता

नामकुम : विगत दिनों पूरे झारखंड में लगातार पानी आने के कारण पूरा जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया,कई क्षेत्र जलमग्न होंगे ,जान माल की क्षति भी हुई,कई लोगों के घर क्षतिग्रस्त हो गए ।कितने लोग बेघर हो गए।इसी क्रम में नामकुम प्रखण्ड के बड़ाम के कई गरीब लोगों का घर गिर गया ।बस सुकून की बात यह रही कि जान बच गई द्य बड़ाम में कई घर गिरने की जानकारी मिलने पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती आरती कुजूर सभी पीड़ितों से मिलने बड़ाम पहुंची और

सभी पीड़ितों ने बताया कि लगातार बारिश होने के कारण उनका घर जर्जर हो गया और गिर गया,गिरने की सूचना प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को देने के बाद भी कोई देखने या आगे का कैसे काम होगा कोई जानकारी नहीं दिया,और न ही कोई मिलने ही आया।लोगों से बात करते हुए श्रीमती आरती कुजूर ने बताया कि आपदा प्रबंधन से क्षति की भरपाई होगी इसके लिए अंचल अधिकारी को आवेदन देना होगा। जिसका घर पूरी तरह से ध्वस्त हो गया उसके लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवेदन देना होगा।जिसमे आधार कार्ड,पास बुक का फोटोकॉपी,आवेदन में जनप्रतिनिधियों की अनुशंसा भी जरूरी है,बताने के साथ ही लोगों का आवेदन भी लिख दिया,साथ ही सरकार से मांग किया कि सरकार को अतिवृष्टि के बाद पंचायत स्तर पर हुए नुकसान की जानकारी के लिए टीम भेजना चाहिए ताकि आम जनता को हुए नुकसान की जानकारी मिल पाती ।लेकिन झारखंड सरकार को आम जनता की परेशानी से कोई लेना देना नही है ,केवल जनता का धन लूटना है,जनता को ठगना है और अपना चेहरा चमकाना है ,बड़ाम में बहुत ही गरीब लिली कच्छप,राज तिर्की,पूनम देवी,माला देवी,सहोदर देवी का घर गिर गया है । लेकिन उन्हें देखने वाला कोई नहीं,सरकार अविलंब पूरे प्रदेश में अतिवृष्टि से हुए नुकसान का आकलन कर क्षति पूर्ति दें।जिनका घर पूरी तरह से ध्वस्त हो गया उन्हें आवास देने का काम करें।

नहाय-खाय के साथ शुरू हुआ जिउतिया, सब्जियों के भाव हुए महंगे

प्रभात मंत्र संवाददाता

खलारी : अश्विन मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि यानी बुधवार को जिउतिया व्रत है। ऐसे में मंगलवार को नहाय-खाय के साथ जिउतिया शुरू हो गया। इसे लेकर खलारी-कोयलांचल के बाजारों में काफी चहल-पहल देखा जा रहा है। बाजारों में अन्य दिनों के अपेक्षा खरीदारों की संख्या में काफी बढ़ोतरी देखी गई। खीरा, पत्ता, डाला समेत पुजा में लगने वाली सामाग्री के साथ-साथ महिलाएं साड़ी, कपड़ा समेत कई अन्य चीजों की भी खरीदारी की। जबकि जिउतिया को लेकर सब्जी की कीमत आसमान छू रही थी।साप्ताहिक हाट में सब्जियों के भाव काफी ऊंचे रहे। 30 से 40 रुपए

किलो बिकने वाला सतपुतिया झिंगी, इस पर्व में अपनी विशेष महत्व के कारण बीते सोमवार को मोहननगर साप्ताहिक हाट में सतपुतिया झींगी 50 रुपए का एक पाव, पोई साग 40 रुपए किलो, नोनी साग 10 रुपए 100 ग्राम, कोहड़ा 50 रुपए किलो, ओल 60 रुपए किलो, बोदी 60 रुपए किलो, कंदा 80 रुपए किलो, पेकची 60 रुपए किलो, खीरा 40 रुपए किलो, टमाटर 60 रुपए किलो, मडुआ आटा 80 रुपए प्रति किलो बिका। पुजा को देखते हुए अन्य सब्ज़ियां भी मंहगी बिकी। हालांकि मंगलवार को धमधमिया हाट में शब्जियों का दर में कुछ गिरावट देखी गई। सतपुतिया झिंगी 20 रुपए का 250 ग्राम, नोनी साग 40 रूपए का 100 ग्राम, खीरा 40 रुपए किलो, कंदा 60 रुपए, कोहड़ा 60 रुपए प्रति किलो बिका।

विधायक ने चुकलू ग्राम के 16 टोला के लोगों के साथ किया बैठक

अड़की (प्रभात मंत्र संवाददाता): खूंटी जिला अंतर्गत अड़की प्रखंड के चूकलू ग्राम में 16 टोला का बैठक किया गया जिसकी अध्यक्षता ग्राम प्रधान किरण सोए ने किया। बैठक में सभापति सह तमाड़ विधायक विकास कुमार मुंडा के समक्ष कई मुद्दों पर चर्चा हुई जिसमें मुख्य रुप से मईया सम्मान योजना से संबंधित, वृद्धा पेंशन, सर्वजन पेंशन योजना, ट्रांसफार्मर रही। बुंडू प्रखण्ड के हुमटा पंचायत के जाड़ेया ग्राम अन्तर्गत जितवा पूजा में भी विधायक सम्मिलित हुए साथ ही ग्रामीणों को हाथी से हो रही परेशानियों को देखते हुए डीएफओ, खूंटी से संपर्क कर जल्द समस्या का निवारण करने को कहा गया। मौके पर अड़की विधायक प्रतिनिधी मनोज मण्डल, अड़की बीस सूत्री अध्यक्ष भोला लाल, प्रदीप सिंह मुंडा, पूर्व मुखिया जावरा पहान, उमेश महतो, नमन सोए, हरि सिंह मुंडा, करम सिंह मुंडा, अवराम सोए, जगदीश मुंडा, संतोष बडिंग, नथनियल सोए इत्यादि ग्रामीण उपस्थित रहे।

मुरमू में प्रखंड अध्यक्ष की अध्यक्षता में सैकड़ो महिलाओं पुरुषों ने किया कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण

खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता): मुरहू प्रखंड अध्यक्ष पौलुस पुर्ती की अध्यक्षता में एवं जिला अध्यक्ष रवि मिश्रा की उपस्थिति में कोड़ाकेल पंचायत के इंदिरा आवास क्लोनी के समक्ष खेल मैदान में सैकड़ों महिला एवं पुरुषों ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ली मौके पर प्रखंड अध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष ने सभी को पार्टी का पट्टा दे कर पार्टी में स्वागत किया मौके पर जिला अध्यक्ष रवि मिश्रा ने कहा कि आप सभी कांग्रेस पार्टी के नीति सिध्दांतों से प्रेरित होकर अपने से आज जो पार्टी की सदस्यता लें रहे हैं वो काबिले तारीफ है सदस्य ग्रहण में महिलाओं ने ज्यादा भागीदारी दिखाई वही दुसरी ओर अनुसूचित जाति के जिला अध्यक्ष छुन्नू नायक द्वारा नामित प्रखंड अध्यक्ष विवेक नायक को जिला अध्यक्ष ने माला पहनाकर पार्टी में स्वागत किया और पार्टी के नीति सिध्दांतों पर चल कर पार्टी को मजबूती प्रदान करने की बात कही। वही ग्रामीणों ने अपनी मूलभूत समस्याओं से भी जिला अध्यक्ष को अवगत कराया वहीं जिला अध्यक्ष ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि जल्द से जल्द आप सभी की समस्यायों का समाधान कांग्रेस पार्टी करने का प्रयास करेगी धन्यवाद भाषण प्रखंड अध्यक्ष पौलुस पुर्ती ने किया । मौके पर प्रदेश सहकारिता के महासचिव नईमुदीन खां, आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष विलसन तोपनो, जिला अनुसूचित जाति के अध्यक्ष छुन्नू नायक , अशोक राम,विल्सन बोदरा, धर्मदास कन्डीर,मुकेश नायक,मसीह ओडेया,सोमा प्रधान,राखी देवी, सरस्वती देवी, सुनामी कुमारी, विश्वासी होरो,आन्नद नायक, अजय नायक,राजो देवी,मगरी हेरेंज,बिरसा होरो,बोडो नायक, हरिराम लोहरा, सुखराम नायक,उम्बलन पुर्ती,ज्योती पुर्ती,इलयजार नाग पीरसिला सुरीन , एवं सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे।

रोड नही तो वोट नहीं : ग्रामीण

नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता): नामकुम प्रखंड के सिलवे अन्तर्गत भंवालटोली में आजसू पार्टी की बैठक आशा टोप्पो जी के अध्यक्षता में की गई। मुख्य अतिथि के रूप में आजसू पार्टी के केन्द्रीय सचिव सह पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरांव ने अपने संबोधन कहा कि दूरभाग्य है, देश आजादी के इतनी वर्ष बित जाने और झारखंड राज्य स्थापना हुए 24 वर्ष हो जाने के बाद भी ये 30-35 घरो में बसे ग्रामीण विकास के अभाव की जिन्दगी जिने को मजबूर हैं न हीं शुद्ध पिने को पानी न हीं चलने को रोड़ उलातू ÷भुवालटोली÷ वैसा टोला है जो सिलवे पंचायत में स्थित है जबकि उषा मार्टिन इस पंचायत को गोद लिया है । ग्रामीणों ने कहा रोड नही तो इस बार वोट नहीं। इस मौके पर नामकुम उपप्रमुख सह आजसू पार्टी जिला अध्यक्ष वीणा कुमारी एवं केंद्रीय सचिव जितेन्द्र सिंह ग्राम प्रभारी नीना देवी, बबीता देवी, रीना देवी, सुनीता देवी, पैरो देवी आदि दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

सिल्ली कॉलेज सिल्ली में राष्ट्रीय सेवा योजना का मनाया गया 55वां स्थापना दिवस

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिल्ली : सिल्ली कॉलेज सिल्ली के सभागार में मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना का 55 वां स्थापना दिवस मनाया गया। कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य डॉ अनंत कुमार महतो एवं अन्य शिक्षकों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ अनंत कुमार महतो ने अपने सम्बोधन में छात्र छात्राओं को विद्यार्थी जीवन के महत्व को समझते हुए उसमें अनुशासन एवं पुर्ण लगन से अपने लक्ष्य को प्राप्त करते हुए राष्ट्र निर्माण में योगदान के

लिए प्रेरित किया । कार्यक्रम में भाषण, कविता, शायरी एवम स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । जिसमें सभी एनएसएस स्वयंसेवकों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। प्रो विश्वनाथ मुंडा ने स्वयंसेवकों को 24 सितंबर को एनएसएस की स्थापना दिवस, उद्देश्य एवं महत्व के बारे में बताते हुए छात्र छात्राओं को राष्ट्र सेवा योजना के प्रति जागरूक किया।कार्यक्रम का संयोजन कार्यक्रम प्रभारी एनएसएस ईकाई 1 के अर्चना कुइरी एवम ईकाई 2 के डॉ मनोज कुमार ने किया। कार्यक्रम का संचालन कुलदीप महतो ने एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रो नकुल चंद्र महतो ने किया। इस मौके पर एनएसएस के स्वंयसेवक , कॉलेज के सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित थे।

राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन की बैठक में मजदूरों की कई समस्या पर हुई चर्चा

पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता): राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन की एक आवश्यक बैठक पिपरवार क्षेत्रीय कार्यालय में संपन्न हुई।इस बैठक की अध्यक्षता यूनियन के क्षेत्रीय अध्यक्ष कासिम उर्फ मुन्ना और संचालन पप्पू सिंह ने किया। इस बैठक में यूनियन को मजबूत बनाने,सदस्यता अभियान चलाने,सभी शाखा कमेटी का जल्द पुनर्गठन करने सहित कई बातों पर विचार विमर्श किया गया। इसके अलावा कोयला मजदूरों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। जिसमें मुख्य रूप से मजदूरों का प्रमोशन,आवास आवंटन,आवास मरम्मती, कॉलोनी की साफ सफाई, शुद्ध पेयजल सहित अन्य समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया।बैठक के दौरान आगामी दुर्गापूजा से पूर्व कोयला मजदूरों को संतोषजनक एसग्रेसिया बोनस का भुगतान करने की मांग की गई।बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने यूनियन के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारी को एकजुट होकर संघर्ष को तेज करने का आह्वान किया।साथ ही कोयला मजदूरों की समस्याओं के समाधान को लेकर यूनियन के प्रतिनिधि मंडल के द्वारा सीसीएल प्रबंधन को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया।बैठक में मुख्य रूप से क्षेत्रीय अध्यक्ष कासिम उर्फ मुन्ना,क्षेत्रीय सचिव विद्यापति सिंह, महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष गुंजन सिंह,प्रदेश उपाध्यक्ष पिंकी सिंह,संतोष कुमार दास,पप्पू सिंह,नकुल प्रसाद,सलीम जावेद,सुमन मिश्रा,अभय कुमार सिंह, अब्दुल अंसारी,अनूप सिकदर,मंसूर अंसारी,रमेश कुमार सिंहा,आनंद मुंडा सहित काफी संख्या में यूनियन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

केन्द्र सरकार द्वारा पारित चार श्रम कानुन के खिलाफ युसीडब्लयु ने मनाया काला दिवस

पिपरवार : केंद्र सरकार द्वारा चार श्रम कानुन पारित किए जाने के विरोध स्वरूप यूनाइटेड कोल वर्क्स यूनियन पिपरवार द्वारा बाइक रैली निकाल कर विरोध प्रदर्शन किया गया।इस विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व युनियन के वरिष्ट नेता मुंद्रिका प्रसाद ने किया।यह बाइक रैली जुलूस बचरा स्थित यूनियन कार्यालय से प्रांरभ हुआ जो बचरा चार नंबर चौक होते हुए पिपरवार के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर विरोध जताया एवं इस काला कानून को अविलंब रद्द करने की मांग की गई।इस संबंध में यूनियन के वरिष्ट नेता मुंद्रिका प्रसाद ने कहा कि चार श्रम कानून केंद्र सरकार द्वारा पारित किए जाने के विरोध में यूनियन द्वारा राष्ट्रव्यापी काला दिवस मनाया जा रहा है जो मजदूर विरोधी है। उन्होंने कहा कि यह काला कानून जब तक केंद्र सरकार द्वारा निरस्त नहीं किया जाता है तब तक एटक द्वारा इसके विरोध में आंदोलन व प्रदर्शन जारी रहेगा।इस विरोध दिवस में मुख्य रूप से कामेश्वर राम,बाबूलाल राम, मोहम्मद अब्दुल्ला,कयूम अंसारी,विमल महतो,दिलीप चौधरी,ईश्वर दयाल मेहता, चमन महतो,बिजली महतो, रामजीत राम,लखेश्वर लाल, जमुना रजवार,गणेश राम, गंगा राम,बसंत कुमार,रविंद्र महतो,टिकेश्वर ठाकुर, जनार्दन गिरी,ललकु भुईया, तपेश्वर भुईया,रमेश राम, अनिल कुमार,जगदीश महतो,राजकिशोर बैठा, अश्विनी कुमार साव सहित काफी संख्या में यूनियन के सदस्य मौजुद थे।

विभिन्न योजनाओं का विधायक ने किया शिलान्यास

अनगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता): अनगड़ा के विभिन्न पंचायतों पर छः योजनाओं का शिलान्यास खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने किया। इस मौके पर उनकी धर्मपत्नी श्रीमती रिया तिर्की भी उपस्थित रही सर्वप्रथम अनगड़ा जरगा से अम्बाझरिया तक पथ का सदृढ़ीकरण कार्य का शिलान्यास, कथलीजारा से मसरीजारा तक पथ का सदृढ़ीकरण कार्य का आधारशिला, झारखण्ड सरकार विधायक मद खिजरी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत अनगड़ा प्रखण्ड के ग्राम बोंगाईबेड़ा टोला सिरपा में बजरंगबली मंदिर से गोपाल महतो के घर तक पी.सी.सी पथ निर्माण कार्य का आधारशिला, ग्राम बोंगाईबेड़ा के डुमारबेड़ा में महादेव उराँव के घर से सोमा उराँव के घर तक 1385 फीट पी. सी. सी. पथ निर्माण कार्य का आधारशिला, चतरा-सताकी से बानपुर तक पथ का सदृढ़ीकरण कार्य का शिलान्यास, अनगड़ा प्रखण्ड के ग्राम बानपुर नदी दीपा में काला रोड से फिलीप मिंज के घर तक पी.सी. सी. पथ निर्माण कार्य का आधारशिला राजेश कच्छप, माननीय विधायक, खिजरी विधानसभा क्षेत्र के द्वारा किया गया । तमाम जगहों पर विधिवित पूर्जा अर्चना के साथ शिलान्यास किया गया विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि हम विकास के लिए प्रतिबद्ध है जिसके वजह से ही क्षेत्र वासियों को इन योजनाओं की सौगतें मिली है तमाम सड़कों को जनवरी के अंतिम महिनों में पूरा किया जाना है। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र मुण्डा, पूर्व प्रखण्ड अध्यक्ष एतवा उरांव, विधायक प्रतिनिधि शिक्षा विभाग सकीर अंसारी, विधायक प्रतिनिधी मत्सय विभाग सचिन नायक, समाजसेवी मुन्ना सिंह तेज तरार नेता छोटेलाल महतो युवा अध्यक्ष अजय करमाली, मुखिया हिरदू उरांव, क्रिस्टीना तिर्की, पंचायत समिति संज्योति देवी, एमलेन खेश उपमुखिया अंजली कुमारी सहित जितेन्द्र महतो, जयगोपाल महतो दशवा उरांव, अशोक उरांव, जीवधन बेदिया,सुजय महतो, धनीराम महतो, अनमोल लकड़ा, खुशबू तिर्की, प्रदीप महतो, शंकर उरांव एव सहित भारी संख्या में लोग मौजूद थे।

बन्हे में विराट झूमर महोत्सव का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

पिपरवार : सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के किचटो पंचायत के राजकीय मध्य विद्यालय बन्हे खेल मैदान में जेएलकेएम द्वारा झूमर महोत्सव का आयोजन किया गया।इस झूमर महोत्सव की अध्यक्षता अंगद महतो एवं संचालन अनिल कुमार महतो व महेंद्र महतो ने संयुक्त रूप से किया।कार्यक्रम मे बतौर मुख्य अतिथि के रूप मे जेएलकेएम के बड़कागांव विधानसभा के भावी प्रत्याशी विकास कुमार महतो एवं विशिष्ट अतिथि मे बालेश्वर महतो,हजारीबाग जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष सुनीता साहु मौजुद थी।सभी अतिथियो के आगमन पर आयोजन समिति द्वारा मांदर की थाप पर महिलाओं द्वारा नृत्य प्रस्तुत कर

स्वागत किया गया।इस महोत्सव में कारो ग्राम सभा,करमटांड़ ग्राम सभा,किचटो, जिबनातरी ग्राम सभा,बन्हे ग्राम सभा एवं बन्हे पाही इस झूमर महोत्सव में शामिल हुए।इस झूमर महोत्सव के दौरान सभी ग्राम सभा के शोभा यात्रा के रूप में आयोजन स्थल तक पहुंचकर सांस्कृतिक शोभा यात्रा में स्टेज मे पहुंच कर झारखंड की लोक संस्कृति पर आधारित खोड़हा गीत एवं झूमर नृत्य प्रस्तुत किया।झूमर महोत्सव मे रांची से आए नागपुरी कलाकार मजबूल खान के द्वारा झारखंडी संस्कृति पर आधारित गीतों ने इस महोत्सव में शामिल ग्रामीणों को झुमने पर विवश कर दिया।झूमर महोत्सव कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विकास कुमार महतो ने कहा कि एक तरफ राज्य की प्रगति और विकास की चकाचौंध में झारखंड के निवासी अपनी लोक कला संस्कृति को भूलते जा रहे हैं।इन कला संस्कृति को सभी झारखंड के सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में पुर्नजीवित करने को लेकर जेएलकेएम द्वारा राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में इस प्रकार के आयोजन किया जा रहे हैं, जिससे यहां की संस्कृति सभ्यता को बचाया जा सके।इस मौके पर लीलाधर प्रजापति,राजेश साव,अजीत यादव,संतोष महतो,विजय कुमार महतो सहित कई लोग मौजूद थे।इस झूमर महोत्सव के सफल आयोजन में जेएलकेएम कमेटी के रूपलाल महतो,किचटो पंचायत समिति सदस्य इन्ना कुमारी,अनिल कुमार महतो, दीपक महतो,कृष्णा यादव, महेंद्र महतो,तपेश्वर गंझु, गुलाब महतो,प्रियंका कुमारी,सोनी देवी,नीलू देवी, प्रकाश महतो सहित अन्य की सराहनीय भूमिका रही।

पोषण दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

बेड़ो : बेड़ो प्रखंड कार्यालय परिसर में मंगलवार को पोषण दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पोषण माह का उद्देश्य व पोषण के महत्व का जानकारी दिया गया। 7 माह से 3 वर्ष के बच्चों के लिए चलाए जा रहे शिशु घर के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया साथ ही पोषण से संबंधित विभिन्न विषयों पर अलग-अलग खेल व प्रदर्शनी द्वारा लोगों को जागरूक किया गया। मौके पर उप प्रमुख मुदस्सिर हक़ ने कहा कि इस तरह के कार्य से ग्रामीण क्षेत्र के शिशुओं में ऊर्जा प्रदान करने का कार्य करता है। हम लोग इस तरह के कार्य के लिए हर संभव सहायता करने का प्रयास करेंगे। कार्यक्रम के अंत

में पौधा रोपण से किया गया व स्वस्थ वातावरण के निर्माण की शपथ ली गई। इस अवसर पर बीडीओ राहुल उराँव, सीओ प्रताप मिंज, प्रखंड प्रमुख विनीता कच्छप, जिपस बेरोनिका उराँव, विधायक प्रतिनिधि करमा उराँव, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी व आंगनबाड़ी सेविकाएं शामिल थे।

सैमसंग गैलेक्सी एस24 पर स्पेशल ऑफर की घोषणा

जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) : भारत के प्रमुख उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने अपने फ्लैगशिप स्मार्टफोन गैलेक्सी एस24 की नई आकर्षक कीमत की घोषणा की है। 20 सितंबर 2024 से सीमित अवधि के लिए गैलेक्सी एस24 अब 59,999 रुपये में उपलब्ध होगा। इस विशेष ऑफर में 12,000 रुपये का तत्काल कैशबैक और 3,000 रुपये का बैंक कैशबैक या अपग्रेड बोनस भी शामिल है। ग्राहक 24 महीने की नो-कॉस्ट ईएमआई का लाभ उठाकर इसे और किफायती बना सकते हैं। गैलेक्सी एस24, जो पहले 74,999 रुपये में उपलब्ध था, अब इस ऑफर के साथ और भी किफायती हो गया है। गैलेक्सी एस24 सभी प्रमुख ऑनलाइन और ऑफलाइन रिटेल स्टोर्स पर उपलब्ध है। यह स्मार्टफोन एआई-सक्षम फीचर्स के साथ आता है, जिसमें लाइव ट्रांसलेशन, चौट असिस्ट, और स्पीच-टू-टेक्स्ट ट्रांसक्रिप्शन जैसी सुविधाएं शामिल हैं।

जिला कांग्रेस सरायकेला की बैठक में विस चुनाव पर चर्चा

गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) : जिला कांग्रेस कमेटी की एक बैठक सचिव राजू रजक की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी पर चर्चा करते हुए सरायकेला विस सीट से प्रत्याशियों के नामों पर विचार विमर्श किया गया। इस दौरान बताया गया कि अबतक वरीय जिला उपाध्यक्ष सह झारखंड आंदोलनकारी खिरोद सरदार, रमेश बालमुचु और महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष बैजयंती बारी ने अपने अपने समर्थकों के साथ आदित्यपुर नगर पर्यवेक्षक राजू रजक और नगर अध्यक्ष राहुल यादव के पास अपनी दावेदारी प्रस्तुत करते हुए आवेदन दिया है। इन आवेदनों को प्रदेश कमेटी के पास शीघ्र ही भेज दिया जाएगा। इस दौरान चुनाव की तैयारी में अभी से ही जुट जाने की अपील की गई। बैठक में वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिवाकर झा, प्रदीप बारीक, मुकेश श्रीवास्तव, छोटू शर्मा, अनिल ठाकुर, अमूल्य महतो, तुराम बंकिरा, सोनू बोदरा, विजय हांसदा, प्रकाश मंडल समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

जीविका के विशेष बच्चों के लिए खेलकूद कार्यक्रम आयोजित

जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) : इनर व्हील क्लब ऑफ जमशेदपुर ज़ेस्ट द्वारा अध्यक्ष प्रीति गोयल के नेतृत्व में आज सोनारी स्थित जीविका के विशेष बच्चों के लिए खेलकूद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों को प्रोत्साहित करना और उन्हें अपनापन महसूस कराना था। क्लब की सदस्याओं ने बच्चों के साथ समय बिताया, जिससे बच्चों को प्यार और समर्थन का एहसास हुआ। क्लब की ओर से सभी बच्चों को खाद्य सामग्री और मोज़े भेंट किए गए। क्लब की इस पहल से बच्चों में उत्साह और खुशी की लहर दौड़ी, जिससे उनका आत्मविश्वास भी बढ़ा। इनर व्हील क्लब का यह मानवीय प्रयास सराहनीय रहा। इस आयोजन को सफल बनाने में निवर्तमान अध्यक्ष निशा गाड़िया, सचिव कविता मकानी, अमृता सहित अन्य सदस्याओं का विशेष सहयोग रहा।

26 से 28 तक मिलेगा नारायण उत्सव कार्यक्रम का प्रवेश पत्र

जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) : विश्व विख्यात मोटिवेशनल स्पीकर नारी रत्न राजेश्वरी मोदी (राज दीदी) अपने विचार और सुमधुर वाणी से सबके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए 29 सितम्बर रविवार को जमशेदपुर आ रही है। इस कार्यक्रम का नाम- 'आजीवन खुश रहने का मंत्र हैं।' सामाजिक संस्था नारायण रेकी सत्संग परिवार जमशेदपुर द्वारा नारायण उत्सव कार्यक्रम का आयोजन बिष्टुपुर स्थित नरभेराम हंसराज इंग्लिश स्कूल परिसर के कुसुम कमानी ऑडिटोरियम में होगा। इस कार्यक्रम में प्रवेश पत्र के माध्यम से ही प्रवेश मिलेगा। पहले आओ-पहले पाओ की तर्ज पर प्रवेश पत्र का वितरण जारी हैं। कार्यक्रम स्थल बिष्टुपुर स्थित नरभेराम हंसराज इंग्लिश स्कूल के बाहर 26 से 28 सितम्बर तक तीन दिन शाम 04 से 06.30 बजे तक प्रवेश पत्र का वितरण होगा। यह जानकारी संस्था की जमशेदपुर सेंटर हेड उमा अग्रवाल एवं प्रीति अग्रवाल (सुल्तानिया) ने आज संयुक्त रूप से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने मे स्मिता मूनका, सरिता अग्रवाल, लक्ष्मी भरतिया, पिंकी सिंह, आशा चौधरी समेत पूरी टीम लगी हुई हैं।

एसएस प्लस टू उच्च विद्यालय में कार्डियक अरेस्ट पर दिया गया प्रशिक्षण

पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) : पटमदा के एसएस +2 उच्च विद्यालय परिसर में मंगलवार को कार्डियक अरेस्ट पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर ग्रीन के समर्थन से किया गया। कार्यक्रम में कार्डियक अरेस्ट के लिए सीपीआर प्रक्रिया को लागू करने, प्रारंभिक कार्रवाई कैसे करें और टेस्ट मैन सैंपल पर डेमो गतिविधि कैसे करें, इन सभी विषयों पर चर्चा की गई। छात्रों और शिक्षकों ने सीपीआर प्रक्रिया का डेमो देखा और सीखा। कार्यक्रम में कक्षा 9 वीं से 12 वीं के सभी छात्रों ने भाग लिया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. मिथिलेश कुमार ने कहा कि सभी विद्यार्थियों को बेहतर नागरिक बनने हेतु स्वयं को स्वस्थ एवं अपने परिवार को स्वस्थ रखने तथा समाज के प्रति अपनी भागीदारी निभाते हुए किसी भी व्यक्ति को आवश्यक मदद कर उनके जीवन को बचाना चाहिए। एसडब्ल्यूएचपी के अंतर्गत आयोजित प्रशिक्षण को सफल बनाने में राशीद नेसार ,अल्पा रोशनी बाखला, अनीता मुर्मू, आशा कुमारी व स्वाति शर्मा का सराहनीय योगदान रहा।

जंगलीबाद जंगल में पलाश पेड़ पर झूलता मिला शव

गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) : कांड्रा थाना अन्तर्गत डुमरा पंचायत के जंगलीबाद जंगल में मंगलवार की सुबह पलाश के पेड़ पर झूलते हुए एक शव को पुलिस ने बरामद किया है। शव की पहचान डुमरा निवासी शतरंजन मंडल के पुत्र समीर मंडल के रूप में हुई है। बताया जाता है कि वह बीते रविवार की शाम से ही गायब था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा तैयार कर उसे पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। बताया गया है मंगलवार की सुबह ग्रामीण जब उस जंगल की ओर से गए तो प्लाश के पेड़ से एक शव लटका हुआ देखा। तत्पश्चात उन्होंने इसकी सूचना कांड्रा थाना को दी। सूचना मिलने पर पुलिस उक्त जंगल मे पहुंच कर शव को बरामद किया। समीर का शव मिलने की सूचना पर उसके परिजन भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने इसे हत्या करार दिया है। परिजनों ने बताया कि मृतक का कुछ दिन पूर्व गांव के ही कुछ युवकों के साथ जमीन विवाद को लेकर में झगड़ा हुआ था।

जिला प्रभारी सह पर्यवेक्षक बलजीत सिंह ने कांग्रेस नेताओ एवं पदाधिकारी से की रायशुमारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के द्वारा नियुक्त जिला प्रभारी सह पर्यवेक्षक बलजीत सिंह बेदी ने जिला कांग्रेस कार्यालय तिलक पुस्तकालय बिष्टुपुर में आज सुबह 10ः00 बजे से संध्या 6:00 बजे तक आसन्न 2024 के विधानसभा चुनाव के संबंध में छः विधान सभावार कांग्रेस उम्मीदवारी के लिए रायसुमारी प्रारंभ की। इस दौरान लगभग 1000 की संख्या में वरिष्ठ कांग्रेस के नेता, जिला पदाधिकारी, प्रखंड अध्यक्ष, विभाग के चेयरमैन शामिल हुए। गुप्त रायशुमारी के कार्यक्रम में शांति पूर्वक तरीके से अपनी भावना से जिला प्रभारी सह पर्यवेक्षक से अवगत कराया। मुख्य रूप से रायशुमारी 44 बहरागोड़ा विधानसभा क्षेत्र, 45 घाटशिला विधानसभा क्षेत्र, 46 पोटका विधानसभा क्षेत्र, 47 जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र, 48 जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र एवं 49 जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र से हजारों की संख्या में उपस्थित हो कर कांग्रेस नेता, पदाधिकारी ने हिस्सा लिया। इस क्रम में कांग्रेस नेता एवं पदाधिकारी ने अपने समूह के साथ अपने विचारों से जिला प्रभारी सह पर्यवेक्षक श्री बलजीत सिंह बेदी को अवगत कराया। जिला प्रभारी सह पर्यवेक्षक बलजीत सिंह बेदी ने जमशेदपुर के सभी कांग्रेसजनों के प्रति आभार जताते हुए कहा कि रायशुमारी का कार्य बहुत ही सौहार्दपूर्ण तरीके से

संपन्न हुआ है। एक-एक पदाधिकारी एवं नेताओं से उनके विचारों और भावनाओं को प्राप्त किया गया है। जिसे सूचीबद्ध करके झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश एवं प्रदेश प्रभारी को सौंपेंगे। जो आगे की कार्रवाई हेतु प्रदेश अध्यक्ष के माध्यम से प्रेषित की जाएगी। इस दरम्यान जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे सहित जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी ने जिला प्रभारी सह पर्यवेक्षक बलजीत सिंह बेदी को विदाई देकर रांची के लिए रवाना किया। कार्यक्रम का प्रबंधन कार्य संजय सिंह आजाद उपाध्यक्ष ब्रजेन्द्र तिवारी ने सम्पादित किया।

कांग्रेस पार्टी के रायशुमारी में डा. अजय कुमार रहे सबसे आगे

जमशेदपुर : झारखंड प्रदेश कांग्रेस पार्टी द्वारा नियुक्त जिला प्रभारी बलजीत सिंह बेदी ने मंगलवार को अपने पूर्वनिर्धारित कार्यक्रम के तहत कांग्रेस पार्टी के जिला मुख्यालय तिलक पुस्तकालय में पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं से वन टू वन कर उनके विचार जानने का प्रयास किया। इस क्रम में ज्यादातर कार्यकर्ताओं ने जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा से डा. अजय कुमार का नाम प्रस्तावित किया. कार्यकर्ताओं का कहना था कि यदि जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा से डा. अजय कुमार को प्रत्याशी बनाया जाता है तो कांग्रेस पार्टी विगत 30 वर्षों का रिकार्ड तोड़ कर जीत का परचम लहराएगी. डा. अजय कुमार ही एक मात्र प्रत्याशी हैं जो जमशेदपुर पूर्वी से पार्टी को जीत दिलाने में सक्षम है. कार्यकर्ताओं ने बलजीत सिंह बेदी को बताया कि जमशेदपुर की जनता आज भी डा. अजय कुमार का सम्मान करती है. इसलिए पार्टी को एक मजबूत प्रत्याशी के तौर पर डा. अजय कुमार को मैदान में उतारना चाहिए. ताकि पार्टी की जीत सुनिश्चित हो सके.

आईईएमए ने रोबोटिक आर्म लॉन्च किया

- उद्योगों, अनुसंधान प्रयोगशालाओं व शैक्षणिक संस्थानों में परिचालन में नवाचार लाने के लिए डिज़ाइन

प्रभात मंत्र संवाददाता

आईईएमए रिसर्च एंड डेवलपमेंट प्राइवेट लिमिटेड ने हाल ही में 'आईईएमए आर्मेक्स' लॉन्च किया है, जो एक उन्नत रोबोटिक शाखा है जिसे उद्योगों, अनुसंधान प्रयोगशालाओं और शैक्षणिक संस्थानों में परिचालन में नवाचार लाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इस नवाचार को आईईएम के निदेशक डॉ. सत्यजीत चक्रवर्ती के मार्गदर्शन में प्रमुख शोधकर्ताओं सौविक चटर्जी, प्रोफेसर अमर्त्य मुखर्जी और प्रोफेसर अयान कुमार पांजा के साथ विकसित किया गया था। आईईएमए आर्मेक्स अद्वितीय चपलता और लचीलेपन के लिए एआई के साथ सटीक इंजीनियरिंग को जोड़ता है, जो स्वचालन में एक नए युग का प्रतीक है। आईईएमए आर्मेक्स एक सटीक-इंजीनियर्ड ग्रिपर और

उन्नत एआई से लैस है, जो इसे नाजुक वस्तुओं को संभालने और गतिशील वातावरण के अनुकूल होने की अनुमति देता है। यह सुचारू हार्डवेयर-सॉफ्टवेयर संचार के लिए रोबोट ऑपरेटिंग सिस्टम (आरओएस) का उपयोग करता है, जबकि इसका मशीन लर्निंग ढांचा निरंतर आत्म-सुधार को सक्षम बनाता है, जो इसे असेंबली और अनुसंधान प्रयोगों जैसे कार्यों के लिए आदर्श बनाता है। डॉ. सत्यजीत चक्रवर्ती ने कहा, हमारा लक्ष्य रोबोटिक्स की सीमाओं को आगे बढ़ाना है, और आईईएमए आर्मेक्स के साथ, हमने एक महत्वपूर्ण तकनीकी माइलस्टोन हासिल किया है।

जिला प्रशासन ने शुरू किया 60 दिवसीय तम्बाकू मुक्त युवा अभियान

- हस्ताक्षर अभियान एवं गुब्बारे उड़ाकर दिया नशा मुक्ति का संदेश

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : उपायुक्त अनन्य मित्तल के निर्देशानुसार जिले में 60 दिवसीय तम्बाकू मुक्त युवा अभियान का शुभारंभ समाहरणालय से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया गया। उप विकास आयुक्त ने जागरूकता को हरी झंडी दिखाई। इस मौके पर उप विकास आयुक्त समेत एडीएम लॉ एंड ऑर्डर अनिकेत सचान, एसडीएम धालभूम शताब्दी मजूमदार, सिविल सर्जन डॉ साहिर पाल व अन्य अधिकारियों ने हस्ताक्षर अभियान में शामिल होकर व गुब्बारे उड़ाकर नशामुक्ति का संदेश दिया। इस मौके पर उप विकास आयुक्त ने कहा कि इस 60 दिवसीय कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करते हुए जिला व प्रखण्ड स्तर तक के अधिकारियों को अभियान

के सफल संचालन के दिशा निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि जनहित में इस अभियान को प्रभावी रूप से लागू करना है ताकि इसके सकारात्मक परिणाम सामने आएं। इसमें सभी की भागीदारी होनी चाहिए। खास तौर पर स्कूल, मेडिकल एजुकेशन और पंचायती राज संस्थाओं का योगदान होना चाहिए। साथ ही जिले के प्रत्येक युवा व अन्य सभी नागरिक को भी इससे जोड़ना है ताकि ये अभियान केवल सरकारी कार्यक्रम तक सीमित नहीं रह जाए।

अनर्गल प्रलाप ना करें, पांच वर्षों का रिपोर्ट कार्ड साझा करें सरयू राय : डा. अजय कुमार

रघुवर मार्केट के हाईमास्क लाइट का बिजली कनेक्शन नहीं करा पाए

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : पूर्व सांसद सह कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डा. अजय कुमार ने सरयू राय पर हमला करते हुए कहा दूसरों पर दोषारोपण व अनर्गल प्रलाप ना कर सरयू राय अपने पांच वर्षों का रिपोर्ट कार्ड जमशेदपुर पूर्वी की जनता के सामने प्रस्तुत करें. मंगलवार को प्रेस बयान जारी कर अजय कुमार ने कहा कि सरयू राय मेरे द्वारा पूछे गए प्रश्नों का जवाब नहीं देकर अनर्गल बात कर रहें हैं. दूसरों पर दोषारोपण करके आप अपने जिम्मेवारियों से बच नहीं सकते. जनप्रतिनिधि एवं विधायक के तौर पर सरयू राय ने अपनी जिम्मेवारियों का निर्वहन नहीं किया, यही हकीकत है.

रघुवर मार्केट का हाईमास्क लाइट का कनेक्शन नहीं हो पाया

डा. अजय कुमार ने कहा कि सर्वविदित है कि सरयू राय को रघुवर दास के नाम से एलर्जी है. लेकिन गोलमुरी स्थित रघुवर मार्केट के दुकानदारों ने क्या गुनाह किया है. पांच वर्षों में एक बार भी सरयू राय ने उनकी सुध नहीं ली. मार्केट में जेएनएसी द्वारा लगाया गया हाईमास्क लाइट का बिजली का कनेक्शन पांच वर्षों में नहीं करा पाए सरयू राय. रघुवर मार्केट में बिजली का कनेक्शन नहीं होने एवं रात में अंधेरे के कारण ग्राहक उस मार्केट में नहीं जाते हैं. जिसके कारण दुकानदारों को मजबूरी में फुटपाथ पर दुकान लगाना पड़ रहा है.

भालुबासा में बनी दुकानों का एलाटमेंट नहीं करा पाए

अजय कुमार ने कहा कि जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा में सरयू राय की सक्रियता का आलम यह है कि पांच वर्षों में भालुबासा में जेएनएसी द्वारा बनाई गई दुकानों का एलामेंट नहीं करा पाए. यदि सरयू राय सक्रिय होते उनकी इच्छाशक्ति होती तो अब तक इन दुकानों का एलामेंट हो गया होता. सरयू राय

पत्राचार कर अखबारों में सुर्खियां तो बटोरते रहे है. लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो पाया. जमशेदपुर की जनता सरयू राय की फितरत से वाकिफ है समय आने पर वह हिसाब करेगी.

तीन महत्वपूर्ण योजनाओं का विधायक सुखराम उरांव ने किया भूमि पूजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

चक्रधरपुर : चक्रधरपुर के विधायक सुखराम उरांव ने मंगलवार को बंदगांव प्रखंड के नकटी पंचायत के इंद्रवां नदी में 4 करोड़ 20 लाख रुपए की लागत से पुल और परसाबहाल में 5 करोड़ 3 लाख रुपए की लागत से पुल एवं उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय कराईकेला में लगभग 2 करोड़ रूपये की लागत से 17 कमरे का निर्माण के लिए विधिवत्त पूजा अर्चना कर आधारशिला रखी। इन तीन योजनाओं की कुल लागत 11 करोड़ 23 लाख रुपए है। विधायक सुखराम उरांव ने कहा कि इंद्रवा नदी

और परसाबहाल नदी में पुल नहीं होने के कारण ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। खास करके बरसात के दिनों में पानी बहुत ज्यादा रहती है जिससे कई गांव का संपर्क टूट जाता है और ग्रामीण,स्कूल के बच्चे, मजदूर आदि लोग इस पार आने नहीं सकते हैं। दोनों नदियों में पुलिया का कार्य जल्द शुरू होगा जिसको लेकर ग्रामीणों में हर्ष का माहौल है।

पुरूनिया एवं दोपाई झामुमो पंचायत कमिटि का पुर्नगठन, हेमंत सोरेन के प्रति जनता का विश्वास बढ़ा : गागराई

प्रभात मंत्र संवाददाता

खरसावां : आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा अभी से ही कमर कास ली है। वहीं खूंटपानी प्रखंड के अंतर्गत पुरूनिया एवं दोपाई पंचायत में झामुमो की पंचायत स्तरीय अगल-अलग एक बैठक की गई। खरसावां विधायक दशरथ गागराई की उपस्थिति में पुरूनिया एवं दोपाई झामुमो पंचायत कमिटि पुर्नगठन किया गया। जबकि दोपाई झामुमों महिला मोर्चा पंचायत कमिटि पुर्नगठन किया गया। इस दौरान सर्वसम्मति से पुरूनिया झामुमों पंचायत कमिटि का पुर्नगठन करते हुए जोन बाकिरा को पंचायत अध्यक्ष,नरेश मेलगाड़ी,बिनोद

बोदरा को उपाध्यक्ष,बागुन होनहागा को सचिव,पड़ाऊ कुदादा, डोबो पुरती को सह सचिव तथा लक्ष्मी पुरती को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। जबकि विरेन्द्र जामुदा को दोपाई झामुमो पंचायत कमिटि का अध्यक्ष, सुभाष तियु, मुकूरू मुंडरी को उपाध्यक्ष,बाबलु बोदरा सचिव, हरिश बोदरा,कृष्णा पाडेया को सह सचिव विक्रम बोदरा को संगठन सचिव व लिटा सामद को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। इसके अलावे गीता मेलगाड़ी को दोपाई झामुमो महिला मोर्चा पंचायत कमिटि का अध्यक्ष, सरिता तियु,मसूरी बोदरा,हेमवती पाडेया को उपाध्यक्ष,मेचो चाकी को सचिव,गनोर तियु,सोनो तियु, सरस्वती जामुदा को सह सचिव, चांदु तियु को संगठन सचिव एवं शुरू तियु को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। मौके पर गागराई ने कहा कि आगामी विधानसभा को लेकर कार्यकर्ता कमर कस कर तैयार हो जाएं और बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत बना कर चुनाव तैयारी में लग जाएं। इस दौरान विभिन्न राजनीतिक दलो से 25 की संख्या में कार्यकर्ताओ ने पाटी की सदस्याता ली।

बोड़ाम पीएचसी में 108 एम्बुलेंस की मांग को ग्रामीणों ने उपायुक्त के नाम सौंपा ज्ञापन

प्रभात मंत्र संवाददाता

पटमदा : बोड़ाम प्रखंड के विभिन्न गांवों के लोगों ने मंगलवार को बोड़ाम के लावजोड़ा स्थित पीएचसी के नाम 108 एम्बुलेंस वाहन की व्यवस्था करने हेतु भाजपा नेता विमल बैठा के नेतृत्व में जिले के उपायुक्त के नाम एक ज्ञापन सौंपा है। भाजपा नेता ने बताया कि बोड़ाम प्रखंड की 12 पंचायतो में करीब 85 हजार लोग निवास करते है। लेकिन स्वास्थ्य सुविधाओं के नाम पर लावजोड़ा पीएचसी के नाम न तो स्थाई चिकित्सक की पदस्थापना की गई है और न ही कोई एम्बुलेंस वाहन की व्यवस्था है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधा मजबूत बनाने के

नाम पर सरकार हर साल करोड़ों रुपये पानी की तरह बहा रही है। फिर भी बोड़ाम के नाम आज तक एक एम्बुलेंस वाहन की व्यवस्था नहीं हो पाना दुर्भाग्यपूर्ण है। विमल बैठा ने जिला प्रशासन से जल्द से जल्द लावजोड़ा पीएचसी के नाम एक एम्बुलेंस वाहन की मांग की है। बैठा ने बताया कि जिले के सिविल सर्जन ने जल्द ही चिकित्सक व एम्बुलेंस उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है। ज्ञापन सौंपने वालों में युधिष्ठिर सिंह, अजय कुमार महतो, कर्ण सिंह, विश्वनाथ मुदी, लाल मोहन मुर्मू, हरिपद मुदी, दुखु मुदी व भीम महतो आदि लोग शामिल थे।

जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में अत्याधुनिक शतरंज प्रशिक्षण सुविधा का उद्घाटन

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : टाटा स्टील ने आज जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में अपने नए पुनर्निर्मित शतरंज प्रशिक्षण सुविधा का उद्घाटन किया। इसका उद्घाटन टाटा स्टील के कॉर्पोरेट सर्विसेज के उपाध्यक्ष चाणक्य चौधरी और ग्रैंड मास्टर प्रवीण थिप्से ने किया। इस मौके पर टाटा स्टील के खेल प्रमुख मुकुल विनायक चौधरी, टाटा वर्कर्स यूनियन के संजय कुमार सिंह (खेल सलाहकार समिति के अध्यक्ष), अंतरराष्ट्रीय मास्टर नीरज कुमार मिश्रा, पूर्वी सिंहभूम शतरंज के महासचिव एन के तिवारी, खेल (इवेंट और प्रशिक्षण केंद्र) विभूति अडेसरा, ऑल झारखंड शतरंज एसोसिएशन के संयुक्त सचिव दीपक कुमार, टाटा स्टील शतरंज प्रशिक्षण केंद्र के पहले बैच की छात्रा चंपा डोलन बोस उपस्थित थे। चाणक्य चौधरी ने कहा कि शतरंज प्रशिक्षण और विकास के लिए एक आधुनिक और अनुकूल स्थान प्रदान करने के लिए इस सुविधा को पूरी तरह से नया

रूप दिया गया है। नवीनीकृत सुविधा में अब 150 वर्ग मीटर का एक बड़ा और उन्नत क्षेत्र है, जिसमें शुरुआत और एडवांस खिलाड़ियों के लिए अलग-अलग प्रशिक्षण केंद्र हैं।इसके अतिरिक्त, शतरंज अकादमी की प्रशासनिक और शोध आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए 30 वर्ग मीटर का कार्यालय और पुस्तकालय बनाए रखा गया है। 1989 से संचालित शतरंज प्रशिक्षण केंद्र ने अब तक 4500 से ज़्यादा कैडेटों को प्रशिक्षित किया है।

भाजपा की कोल्हान प्रमंडल से परिवर्तन यात्रा पहुंची पोटका

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : भारतीय जनता पार्टी की कोल्हान प्रमंडल में चल रही परिवर्तन यात्रा मंगलवार को पोटका विधानसभा पहुंची। पोटका विधानसभा क्षेत्र के जुड़ी गांव स्टेडियम मैदान में विशाल परिवर्तन सभा आयोजित की गयी। पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि झारखंड के लिये संघर्ष एवं आंदोलन के पश्चात भाजपा ने ही झारखंड को सजाने एवं संवारने का काम किया है। राज्य का संपूर्ण विकास भाजपा ही कर सकती है। कांग्रेस पार्टी कभी भी आदिवासी मुलवासी की हितैसी नहीं रही है। आज झारखंड के संथाल परगना समेत कोल्हान क्षेत्र मे बंग्लादेशी घुसपैठ बड़ी समस्या बन गयी है, जिसका समाधान अब जरूरी हो गया है आज पूरे राज्य मे परिवर्तन जरूरी है और जनसभा में उमड़ी जनता की भीड़ का संदेश है कि अब लोग परिवर्तन के मूड में हैं। वहीं पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि झामुमो-कांग्रेस और राजद की गठबंधन सरकार की लूट, झूठ और वादाखिलाफी से

झारखंड की जनता हताश और निराश हो चुकी है। जमशेदपुर के सांसद विद्युत महतो ने कहा कि पिछले 5 वर्षों में झारखंड की दुर्गति और भ्रष्टाचार की कहानी किसी से छिपी नही है। आज झारखंड में लूट, झूठ और भ्रष्टाचार का बोलबाला है, और इसपर आम जनता को जागरूक करने के उद्देश्य से पूरे राज्य में परिवर्तन यात्रा निकाली जा रही है। भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा की अध्यक्षता में आयोजित परिवर्तन सभा में पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी, जिला प्रभारी डॉ जीतू चरण राम, पूर्व केंद्रीय मंत्री बिशेश्वर टुडू ,पूर्व विधायक मेनका सरदार, जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू समेत कई अन्य वरीय नेतागण शामिल हुए। विशाल परिवर्तन सभा में पोटका मंडल अंतर्गत विभिन्न मंडलों से हजारों की संख्या में स्थानीय निवासी एवं भाजपा समर्थक व कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

विचार प्रवाह

संपादकीय

क्वाड का शिखर सम्मेलन

क्वॉड्रिलेटरल सिक्योरिटी डायलॉग (क्वाड) भारत, जापान, अमरीका और ऑस्ट्रेलिया का एक साझा मंच और समूह है। इस बार अमरीका में क्वाड देशों के नेताओं का शिखर सम्मेलन आयोजित किया गया। यह सम्मेलन भारत में किया जाना था, लेकिन अमरीकी राष्ट्रपति बाइडेन के आग्रह पर अमरीका में ही किया गया। यह शिखर सम्मेलन राष्ट्रपति बाइडेन का 'विदाई सम्मेलन' है, क्योंकि नवम्बर के बाद अमरीका में नया राष्ट्रपति होगा। साल 2025 में यह शिखर सम्मेलन भारत में होगा। क्वाड का बुनियादी मकसद 'चीन की दादागीरी' पर अंकुश लगाना ही नहीं है, बल्कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में स्वतंत्र और खुला माहौल, समुद्री सुरक्षा, शांति और स्थिरता के साथ व्यापारिक आवाजाही को सुनिश्चित करना भी है। भारत को अमरीका, जापान, ऑस्ट्रेलिया की नौसेनाओं के साथ संयुक्त युद्धाभ्यास का भी अवसर मिलता रहेगा, यह सामरिक और क्षेत्रीय संतुलन के लिए बेहद जरूरी है। क्वाड को 'शिखर सम्मेलन' के स्तर तक पहुंचाने का श्रेय राष्ट्रपति बाइडेन को जाता है। इससे पहले चारों देशों के विदेश मंत्री और राजनयिक आदि ही मिला करते थे, लिहाजा शीर्ष स्तर के फैसले नहीं हो पाते थे। अब भारत, जापान, ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री और अमरीका के राष्ट्रपति क्वाड के शिखर सम्मेलन का हिस्सा हैं। चारों देश ही लोकतांत्रिक हैं। मौजूदा बैठक चीन तक ही सीमित नहीं रही, बल्कि क्वाड शिखर सम्मेलन में शीर्ष नेताओं ने रूस-यूक्रेन युद्ध, इजरायल बनाम गाजा-हमास टकराव, पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के साथ-साथ जलवायु, स्वास्थ्य, स्वच्छ ऊर्जा और कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी आदि पर भी विमर्श किया गया। क्वाड के साझा घोषणा-पत्र को अमरीका के समयानुसार सार्वजनिक किया जाना है। बहरहाल क्वाड की स्थापना 2007 में जापान के तत्कालीन प्रधानमंत्री शिंजो आबे ने की थी, लेकिन आज चार ताकतवर देश इसके सदस्य हैं। दिसंबर, 2004 में जापान, भारत, ऑस्ट्रेलिया, अमरीका ने एक ग्रुप बनाया। इसका पहला शिखर सम्मेलन मार्च, 2021 में 'ऑनलाइन' आयोजित किया गया। तब भी कोरोना महामारी का प्रभाव शेष था। दूसरा शिखर सम्मेलन 24 सितंबर, 2021 को वाशिंगटन डीसी में आयोजित किया गया था। उस दौर में बुनियादी ढांचे, अंतरिक्ष और साइबर सरीखे मुद्दों पर तीन कार्य-समूहों की घोषणा की गई थी। तीसरा सम्मेलन 24 मई, 2022 को टोक्यो, जापान और चौथा शिखर सम्मेलन जापान में ही हिरोशिमा में मई, 2023 को आयोजित किया गया। अब अमरीका में 5वां सम्मेलन हुआ है। दरअसल भारत के संदर्भ में क्वाड एक बहुमूल्य मंच है। इसके जरिए भारत हिंद-प्रशांत क्षेत्र में समुद्री चुनौतियों का जवाब देने में सक्षम हो रहा है। भारत चीन का मुकाबला करने के लिए अन्य देशों की सहायता ले सकता है। अमरीका इस क्षेत्र में अपने समुद्री बेड़े भेजकर चीन को सावधान करता रहा है। दरअसल चीन इस क्षेत्र में अपना एकाधिकार मानता रहा है, जिसे भारत की समुद्री ताकत ने बराबर का जवाब दिया है। भारत को व्यापारिक लाभ भी हुआ है, क्योंकि यह सम्मेलन हिंद-प्रशांत क्षेत्र में आर्थिक प्रगति के लिए सदस्य देशों के बीच सहयोग और शांतिपूर्ण तरीके से काम करने की प्रतिबद्धता को जाहिर करता है। शिखर सम्मेलन में भाग लेने और अन्य कार्यक्रमों के लिए प्रधानमंत्री मोदी अमरीकी प्रवास पर हैं। उन्होंने राष्ट्रपति बाइडेन के अलावा जापान और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्रियों के साथ भी द्विपक्षीय बातचीत की। प्रधानमंत्री मोदी न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा को भी संबोधित करेंगे। जैसा कि हर प्रवास के दौरान होता है, इस बार भी प्रधानमंत्री मोदी प्रवासी भारतीयों को संबोधित कर खुलासा करेंगे कि आज का भारत क्या है? भारत क्वाड का विस्तार भी चाहता है, लेकिन इस बार एजेंडा इतना व्यापक था कि इस मुद्दे पर संवाद नहीं हो सका। विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने खुलासा किया है कि सभी ज्ञात मुद्दों के अलावा, उभरती प्रौद्योगिकियों, बुनियादी ढांचे, कनेक्टिविटी और आतंकवाद रोधी क्षेत्रों पर भी विमर्श किया गया है।

साल 2025 में यह शिखर सम्मेलन भारत में होगा। क्वाड का बुनियादी मकसद 'चीन की दादागीरी' पर अंकुश लगाना ही नहीं है, बल्कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में स्वतंत्र और खुला माहौल, समुद्री सुरक्षा, शांति और स्थिरता के साथ व्यापारिक आवाजाही को सुनिश्चित करना भी है। भारत को अमरीका, जापान, ऑस्ट्रेलिया की नौसेनाओं के साथ संयुक्त युद्धाभ्यास का भी अवसर मिलता रहेगा, यह सामरिक और क्षेत्रीय संतुलन के लिए बेहद जरूरी है। क्वाड को 'शिखर सम्मेलन' के स्तर तक पहुंचाने का श्रेय राष्ट्रपति बाइडेन को जाता है। इससे पहले चारों देशों के विदेश मंत्री और राजनयिक आदि ही मिला करते थे, लिहाजा शीर्ष स्तर के फैसले नहीं हो पाते थे। अब भारत, जापान, ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री और अमरीका के राष्ट्रपति क्वाड के शिखर सम्मेलन का हिस्सा हैं। चारों देश ही लोकतांत्रिक हैं।

योजना के तहत 5 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज मिलेगा

सभी के लिए जरूरी सामाजिक सुरक्षा

डा. जयंतीलाल भंडारी

यद्यपि इस समय सरकार विभिन्न माध्यमों से सामाजिक सुरक्षा का दायरा विस्तारित करने की डगर पर लगातार आगे बढ़ रही है, लेकिन अभी भी देश के अधिकांश लोग सामाजिक सुरक्षा की उपयुक्त छतरी से दूर हैं। देश के ऐसे करोड़ों लोग जो अपनी बचत से अपनी सामाजिक सुरक्षा का प्रबंध करते हैं, वे बैंकों की फिक्सड डिपाजिट तथा पोस्ट ऑफिस और अन्य सरकारी योजनाओं से जुड़ी विभिन्न बचत योजनाओं पर मिलने वाली कम ब्याज दरों से चिंतित हैं। गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने 11 सितंबर को 70 साल या उससे अधिक उम्र के सभी वर्गों के लोगों को आयुष्मान भारत स्कीम में शामिल करने का फैसला किया है। इस योजना के तहत 5 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज मिलेगा। इससे 4.5 करोड़ परिवारों को फायदा होने की उम्मीद है। इन परिवारों में 6 करोड़ बुजुर्ग हैं। इसी तरह केंद्र सरकार ने सरकारी कर्मचारियों के लिए यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) को मंजूरी दी है। पिछले दिनों जीएसटी परिषद ने भी विभिन्न स्वास्थ्य और जीवन बीमा उत्पादों के प्रीमियम पर जीएसटी दर का सुझाव देने और 30 अक्टूबर तक अपनी रिपोर्ट देने के लिए 13 सदस्यीय मंत्रिसमूह (जीओएम) का गठन किया है। निश्चित रूप से अभी देश का आम आदमी सामाजिक सुरक्षा की उपयुक्त छतरी से दूर है। देश के करीब 57 करोड़ के श्रमबल में से तीन फीसदी से भी कम सरकारी क्षेत्र के कर्मचारी यूपीएस से लाभान्वित हुए हैं। लेकिन करोड़ों श्रमिकों और कर्मचारियों से संबंधित संगठित निजी क्षेत्र और असंगठित क्षेत्र के श्रम बल के सामने वित्तीय और सामाजिक सुरक्षा चिंता का विषय बनी हुई है। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि भारत में वित्तीय और सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के मद्देनजर कुछ व्यवस्थाएं उभरकर दिखाई दे रही हैं। यद्यपि सरकारी कर्मचारियों के अलावा संगठित निजी क्षेत्र व असंगठित क्षेत्र के कर्मचारियों के लिए भी पेंशन की कुछ व्यवस्थाएं हैं, लेकिन वे वित्तीय और सामाजिक सुरक्षा के मद्देनजर अपर्याप्त और असंतोषप्रद हैं। इस परिप्रेक्ष्य में उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत मात्र 436 रुपए सालाना प्रीमियम पर 2 लाख रुपए का बीमा कवर प्रदान किया जाता है। यह योजना 18 से 55 वर्ष की आयु के लोगों के लिए उपलब्ध है। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत 18 से 70 वर्ष के लोग 20 रुपए सालाना प्रीमियम पर 2 लाख तक का दुर्घटना बीमा कवर प्राप्त कर सकते हैं। अटल पेंशन योजना (एपीवाई) असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों पर केंद्रित एक पेंशन योजना है। एपीवाई के तहत 60 साल की उम्र में 1000 रुपए से लेकर 5000 रुपए प्रति माह की न्यूनतम पेंशन की गारंटी ग्राहकों द्वारा योगदान के आधार पर दी जाती है। देश का कोई भी श्रमिक जिसकी उम्र 18 से 40 साल के बीच हो, एपीवाई योजना में शामिल हो सकता है। इसी तरह व्यापारियों, दुकानदारों और स्वरोजगार करने वाले व्यक्तियों सहित असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए सरकार ने दो प्रमुख पेंशन योजनाएं शुरू की हैं। इन योजनाओं में से एक प्रधानमंत्री श्रम योगी मान-धन योजना (पीएम-एसवाईएम) है और दूसरी व्यापारियों, दुकानदारों और स्वरोजगार करने वाले व्यक्तियों के लिए राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस-ट्रेडर्स) है। इन योजनाओं के तहत लाभार्थी 60 वर्ष की आयु प्राप्त करने के बाद न्यूनतम 3000 रुपए की मासिक सुनिश्चित पेंशन प्राप्त करने के हकदार हैं। यह बात महत्वपूर्ण है कि 18-40 वर्ष की आयु के वे श्रमिक जिनकी मासिक आय 15000 रुपए से कम है, वे पीएम-एसवाईएम योजना में शामिल हो सकते हैं और व्यापारी, दुकानदार और स्वरोजगार करने वाले व्यक्ति जिनका वार्षिक कारोबार 1.5 करोड़ रुपए से अधिक नहीं है, वे एनपीएस-ट्रेडर्स योजना में शामिल हो सकते हैं। वस्तुतः ये स्वैच्छिक और अंशदायी पेंशन योजनाएं हैं और लाभार्थी की प्रवेश आयु के आधार पर मासिक अंशदान 55 रुपए से 200 रुपए तक है। दोनों योजनाओं के तहत लाभार्थी द्वारा 50 फीसदी मासिक अंशदान देय है और केंद्र सरकार द्वारा समान मिलान अंशदान का भुगतान किया जाता है। ज्ञातव्य है कि देश में संगठित क्षेत्र में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) सबसे बड़ा सामाजिक सुरक्षा संगठन है। वस्तुतः भविष्य निधि के लिए कर्मचारी का जो अशंदान कटता है, उसका एक हिस्सा पेंशन फंड के लिए कर्मचारी पेंशन योजना (ईपीएफ) में जाता है। पेंशन के लिए शर्त यह है कि कर्मचारी को कम से कम 10 साल तक नौकरी पूरी करनी होती है और पीएफ अकाउंट में अंशदान करना होता है। मौजूदा नियमों के अनुसार पेंशन योग्य वेतन की अधिकतम सीमा 15 हजार रुपए है। यदि हम ईपीएफ के तहत पेंशन संबंधी राशि की ओर देखें तो पाते हैं कि स्टैंडर्ड गणना के तहत ईपीएफ सदस्य को न्यूनतम 1000 रुपए प्रतिमाह पेंशन मिल पाती है। इसे 7500 रुपए प्रति माह करने की मांग लम्बे समय से हो रही है। असंगठित क्षेत्र के श्रम बल द्वारा सरकार के समक्ष उपयुक्त पेंशन की मांग प्रस्तुत की जा रही है। इसमें कोई दो मत नहीं कि इस समय गिग वर्क सहित नई निर्मित नौकरियों में से ज्यादातर नौकरियां असंगठित क्षेत्र में निर्मित हो रही हैं और इनमें पेंशन संबंधी सुरक्षा नहीं है। नीति आयोग ने 'इंडियाज बूमिंग गिग एंड प्लेटफॉर्म इकोनॉमी' शीर्षक से एक रिपोर्ट लॉन्च की है। उसमें अन्य बातों के साथ ही गिग वर्कर्स और उनके परिवारों के लिए सामाजिक सुरक्षा उपायों का विस्तार करने की सिफारिश की गई है, जिसमें बीमा और पेंशन जैसी योजनाएं शामिल हैं। एक चिंताजनक प्रश्न यह भी है कि जहां असंगठित क्षेत्र के करोड़ों लोग पेंशन व्यवस्था से दूर हैं, वहीं बचत पर घटी हुई ब्याज दर और विभिन्न आकर्षण कम होने के कारण देश में सामाजिक सुरक्षा की चिंताएं बढ़ रही हैं। अभी भी देश में बड़ी संख्या में लोगों को सामाजिक सुरक्षा (सोशल प्रोटेक्शन) की छतरी उपलब्ध नहीं है। इतना ही नहीं, बचत योजनाओं पर मिलने वाली ब्याज दरों पर देश के उन तमाम छोटे निवेशकों का दूरगामी आर्थिक प्रबंधन निर्भर होता है, जो अपनी छोटी बचतों के जरिए जिंदगी के कई महत्वपूर्ण कामों को निपटाने की व्यवस्था सोचे हुए हैं। ऐसे में उपयुक्त सामाजिक सुरक्षा की अहमियत दिखाई देती है। अतएव अब सरकार को देश के आम आदमी के लिए सामाजिक सुरक्षा के बारे में गंभीरतापूर्वक ध्यान देना होगा और निजी क्षेत्र की पेंशन योजनाओं को भी आकर्षक बनाना होगा। इस परिप्रेक्ष्य में निजी क्षेत्र के कर्मचारियों की न्यूनतम पेंशन बढ़ाने के लिए लम्बे समय से लंबित मांग पर विचार किया जाना होगा, जिसमें निजी संगठित क्षेत्र के कर्मचारियों के लिए भी सरकार ऐसी पेंशन स्कीम लाए जो प्रतिमाह 7500 रुपए तक या उपयुक्त पेंशन धनराशि सुनिश्चित कर सके। जहां कर्मचारी भविष्य निधि के तहत पेंशन योग्य वेतन की 15000 रुपए की सीमा को बढ़ाकर 25000 रुपए किया जाना उपयुक्त होगा, वहीं अटल पेंशन योजना को आकर्षक बनाया जाना लाभप्रद होगा।

देश के ऐसे करोड़ों लोग जो अपनी बचत से अपनी सामाजिक सुरक्षा का प्रबंध करते हैं, वे बैंकों की फिक्सड डिपाजिट तथा पोस्ट ऑफिस और अन्य सरकारी योजनाओं से जुड़ी विभिन्न बचत योजनाओं पर मिलने वाली कम ब्याज दरों से चिंतित हैं। गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने 11 सितंबर को 70 साल या उससे अधिक उम्र के सभी वर्गों के लोगों को आयुष्मान भारत स्कीम में शामिल करने का फैसला किया है।

दृष्टि कोण

मानवता के तकाजे कब तक निभाएगा भारत

प्राचीन काल से भारत अमन व इत्तेहाद का पक्षधर रहा है। इनसानियत की पैरवी करने वाली तहजीब, शांति, सद्भाव तथा शिष्टाचार भारतीय संस्कृति के मूल लक्षण हैं। 'जियो और जीने दो' अर्थात 'जीवन जीना अधिकार तथा समस्त प्राणियों को जीने देना कत्र्तव्य'। मान्यता है कि यह सिद्धांत जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर 'महावीर स्वामी' के उपदेशों का हिस्सा है, जो कि जंगी जुनून में मदहोश होकर विश्व को तीसरी आलमी जंग के मुहाने पर ले जा रहे देशों तथा दहशतगर्दी की हिमायत करने वाले मुल्कों के लिए एक प्रकाशमान दर्शन है। मौजूदा दौर में मजहबी कट्टरवाद तथा आतंकवाद जैसे संवेदनशील मुद्दे वैश्विक स्तर पर एक बड़ा खतरा बन चुके हैं। इतिहास में ऐसे कई उदाहरण मौजूद हैं जब युद्ध, मजहबी उत्पीडऩ व आतंकवाद जैसी भीषण आपदाओं के कारण अपना मुल्क छोडने वाले बेगुनाह लोगों के लिए भारत ने हमेशा मसीहा की भूमिका निभाई है। यहां तक कि हिंदोस्तान से गद्दारी करने वाले लोगों के प्रति भी भारत का नजरिया नैतिकता का ही रहा है। पश्चिम बंगाल से ताल्लुक रखने वाले 'जोगिंद्रनाथ मंडल' अविभाजित हिंदोस्तान के दौर में मुस्लिम लीग के सदस्य थे। उन मोहतरम ने भारत के विभाजन में अपना शिद्दत भरा किरदार अदा किया था। बटवारे के दौर में जोगिंद्रनाथ मंडल ने जातिवाद की पुरजोर पैरवी करके असम राज्य के सिलहट क्षेत्र को पूर्वी पाकिस्तान का हिस्सा बनाने में अहम भूमिका निभाई थी। नतीजतन सिलहट अब बांग्लादेश में मौजूद है। विभाजन के बाद जोगिंद्रनाथ मंडल दलित व पिछड़े वर्ग का रहनुमां बनकर पाकिस्तान चले गए थे। पाकिस्तान के गर्वनर जनरल मोहम्मद अली जिन्ना ने जोगिंद्रनाथ मंडल को पाक हुकूमत की काबीना में 'कानून व श्रम' मंत्री नियुक्त कर दिया। मगर वजूद में आते ही पाकिस्तान में अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों पर मजहब के नाम पर तशद्दुद का दौर शुरू हो गया था। कत्लोगारत के उस खौफनाक मंजर से जब पाकिस्तान का धर्मनिरपेक्ष चेहरा बेनकाब हुआ, तो पाक में भाईचारे के पैरोकार बनकर गए जोगिंद्रनाथ मंडल ने पाक वजीरे आजम 'लियाकत अली' को अपना इस्तीफा सौंप दिया था। पाकिस्तान के मजहबी जुनून के आगे बेबस होकर जोगिंद्रनाथ मंडल को दोबारा भारतभूमि पर ही शरण लेनी पड़ी थी। पाकिस्तान के वजूद में आने से पहले ही जिन्ना को अपने मुल्क के लिए 'कौमी तराना' की जरूरत महसूस हो चुकी थी। उस वक्त जिन्ना ने उर्दू सहाफत के नामवर शायर 'जगन्नाथ आजाद' से पाकिस्तान का कौमी तराना लिखने की गुजारिश की। जगन्नाथ आजाद द्वारा लिखा गया पाकिस्तान का कौमी तराना 14 अगस्त 1947 की रात को रेडियो 'लाहौर' से पहली बार नसर हुआ था। लेकिन सितंबर 1948 में मोहम्मद अली जिन्ना की वफात के बाद जगन्नाथ आजाद द्वारा लिखे गए पाक कौमी तराने पर मजहबी गर्दिश का साया पड़ गया। पाकिस्तान के मजहबी रहनुमाओं को एक गैर इस्लामी शायर का लिखा कौमी तराना रास नहीं आया। नतीजतन जिन्ना का मुस्तहब पाक कौमी तराना बदल दिया गया। मजहबी हिकारत से आहत होकर जगन्नाथ आजाद ने अपने पूर्वजों की पुश्तैनी विरासत को अपनी जन्मभूमि मियांवली में त्याग कर पाकिस्तान को अलविदा कह कर भारत में ही शरण ली थी। अंग्रेज वायसराय लार्ड कर्जन द्वारा सन् 1905 में बंगाल विभाजन की अजीयत भरी कारकर्दगी से मायूस होकर 'रविंद्रनाथ टैगोर' ने बंगाल में इत्तेहाद का माहौल बरकरार रखने के लिए 'आमार सोनार बांग्ला' नामक गीत की रचना की थी। उस दौर में 'बंगदर्शन' नामक पत्रिका में प्रकाशित वो नगमा काफी लोकप्रिय हुआ था। भारत के रहमो करम से सन् 1971 में वजूद में आए बांग्लादेश ने अपनी 'यौम-ए-तासीस' के वक्त टैगोर के उस नगमें को अपना कौमी तराना तस्लीम कर लिया था, लेकिन 'आमार सोनार बांग्ला' सन् 1975 में ही मजहबी कट्टरपंथ का शिकार हो गया। बांग्लादेश की मजहबी जमातों के आगे बेबस होकर राष्ट्रपति 'मुश्ताक अहमद' द्वारा गठित की गई कमेटी के मजहबी रहनुमां काजी नसरूल इस्लाम ने टैगोर के लिखे तराने को रुखसत करने का मश्विरा पेश कर दिया था। बांग्लादेश की मौजूदा मजहबी जमातें भी उसी तहरीर को दोहरा रही हैं। अपने चर्चित उपन्यास 'लज्जा' के जरिए बांग्लादेश के मजहबी कट्टरपंथ को बेनकाब करने वाली लेखिका 'तस्लीमा नसरीन' को सन् 1994 में अपना मुल्क बांग्लादेश छोडऩा पड़ा। वहां की कट्टरपंथी जमातों तथा कई आतंकी संगठनों ने तस्लीमा नसरीन के खिलाफ मौत का फरमान जारी कर दिया था। तस्लीमा नसरीन ने सन् 2004 से भारत में शरण ली है।

कुछ अलग

पद-दौलत से बड़ी हैं मानवीय संवेदनाएं

ईश्वर ने संसार में भेजते समय हर आदमी को एक 'ढाई इंच' की थैली दी है, जिसे हम सब आज 'दिल' कहते हैं और इसमें भर दिया है ईश्वर ने भावनाओं का एक लबालब सागर। इसी के साथ हर आदमी को दे दिया है काफी बड़ा-सा 'दिमाग', जिसमें भरे हैं अहंकार, लालच और हवस के भंडार। कहते हैं कि छोटा-सा 'दिल' सारी दुनिया को अपने में समा लेता है, लेकिन बहुत बड़ा-सा 'दिमाग' अपने आगे किसी को कुछ भी समझता ही नहीं। कितना ही धन-दौलत हो जाए, इस दिमाग की 'हवस' भरती ही नहीं और इसका 'अहंकार' तो इसे हमेशा उड़ाए रखता है और आदमी के पैर ज़मीन पर ही नहीं पड़ते। फक्कड़ कबीर जाने किस मस्ती में लिख गए थे, जीवन की सबसे बड़ी सच्चाई— सच मानिए, जब भी 'कृष्ण-सुदामा की मित्रता' के विषय में सोचता हूं, तो यही लगता है कि यहां 'दिल और दिमाग' यानी 'भावना और अहंकार' का द्वंद्व ही तो दिखाया गया है। एक राजा के सामने जब बाल सखा के रूप में दीन-हीन व्यक्ति खड़ा हो, तब हमें 'दिल' और 'दिमाग' की असलियत पता चलती है। वस्तुतः 'संवेदना' के आगे संसार की सारी निधियां बेकार हो जाती हैं। आदमी के पास 'संवेदनाएं' हैं तो वह 'दधीचि' बनकर मानवता के लिए अपनी अस्थियों का दान दे सकता है और 'अहंकार' है तो रावण बनकर सब कुछ खो देता है। किसी कवि ने खूब कहा भी है :-

'अहंकार का बोझ प्रिय, सब कुछ देय डुबोय।
संवेदना के अमृत से, यह जग अमृत होय।'

आज इसी प्रसंग में भारत के पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त रहे आईएएस टीएन शेषन का लिखा हुआ एक संस्मरण याद हो आया है, जिसमें हमें प्रेरणा के साथ-साथ संवेदना का अमृत मिलेगा। 'टीएन शेषन जब भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त थे। तब एक बार वे अपनी पत्नी के साथ यूपी की यात्रा पर जा रहे थे। संयोगवश उनकी पत्नी ने सड़क किनारे एक पेड़ पर किसी 'बया' (एक प्रकार की चिड़िया) का घोसला देखा। इस बेहद प्यारे से लटके हुए घोसले को देखकर उन्होंने अपने पति से कहा, 'यह घोसला मुझे ला दो; बहुत प्यारा है। मैं इसे घर में सजाकर रखना चाहती हूं।' टीएन शेषन ने साथ चल रहे अपने एक सुरक्षा गार्ड से उस घोसले को नीचे उतार कर लाने को कहा। सुरक्षा गार्ड ने पास ही भेड़-बकरियां चरा रहे एक अनपढ़ से लड़के से कहा कि अगर तुम यह घोसला निकाल कर दे दोगे, तो मैं तुम्हें बदले में दस रुपये दूंगा। आश्चर्य कि उस लड़के ने सुरक्षा गार्ड को घोसला लाकर देने से साफ मना कर दिया। तब शेषन स्वयं कार से उतर कर गये और उस लड़के को पचास रुपये देने की पेशकश की, लेकिन लड़के ने उन्हें भी घोसला लाकर देने से साफ इनकार कर दिया। आश्चर्य में डूबे टीएन शेषन साहब ने जब उस लड़के से घोसला न लाने का कारण पूछा, तो गांव के अनपढ़ लड़के ने कहा कि, 'सर, इस घोसले में चिड़िया के बच्चे हैं। शाम को जब उन बच्चों की 'मां' खाना लेकर आएगी, तो वह घोसला न पाकर बहुत उदास होगी, इसलिए तुम कितना भी पैसा दे दो, मैं घोसला नहीं उतारूंगा।' इस घटना के बारे में श्री टीएन शेषन लिखते हैं कि... 'मुझे जीवन भर इस बात का अफ़सोस रहा कि एक पढ़े-लिखे आईएएस में वो विचार और भावनाएं क्यों नहीं आईं, जो एक अनपढ़ लड़का सोचता था?' उन्होंने आगे लिखा कि 'मेरी तमाम डिग्री, आईएएस का पद, प्रतिष्ठा और पैसा, सब उस अनपढ़ बच्चे के सामने मिट्टी में मिल गया।

देश दुनीया से

कानूनी दुरुपयोग से पुरुष हितों की अनदेखी

हाल ही में देश की शीर्ष अदालत ने वैवाहिक विवाद की सुनवाई के दौरान इस तथ्य पर प्रकाश डाला कि आईपीसी की धारा 498ए और घरेलू हिंसा अधिनियम देश में सबसे अधिक दुरुपयोग किए जाने वाले कानूनों में से एक बन गए हैं। एक मामले की सुनवाई के दौरान न्यायाधीश बी.आर. गवई की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ ने कानून के दुरुपयोग की पेचीदगियों की जांच करते हुए इस बात पर अपनी चिंता व्यक्त की कि ये महिला सुरक्षा के लिए बने कानून किस प्रकार दुरुपयोग का शिकार हो रहे हैं। न्यायाधीश गवई ने कहा कि नागपुर में एक ऐसा मामला देखने को मिला जिसमें अमेरिका चले गए एक व्यक्ति को एक अधूरी शादी के लिए 50 लाख रुपये चुकाने पड़े, जबकि वे दोनों एक दिन भी साथ नहीं रहे। उन्होंने यह भी कहा कि 'खुले तौर पर घरेलू हिंसा अधिनियम और धारा 498ए सबसे ज्यादा दुरुपयोग किया जाने वाले प्रावधानों में से हैं...।' उनकी यह टिप्पणी उस भावना को व्यक्त करती है जो कि न केवल समाज के विभिन्न वर्गों, बल्कि देश के विभिन्न न्यायिक निकायों से भी प्रतिध्वनित हो रही है। उल्लेखनीय है कि 3 मई, 2024 को न्यायाधीश जे.वी. पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ ने 'प्रीति गुप्ता बनाम झारखंड राज्य' के मामले में कहा, 'हमने भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 85 और 86 पर गौर किया, ताकि पता लगाया जा सके कि क्या विधानमंडल ने इस न्यायालय के सुझावों पर गंभीरता से ध्यान दिया है... (इसमें) आईपीसी की धारा 498ए का शब्दशः पुनरुत्पादन के अलावा कुछ नहीं है। एकमात्र अंतर यह है कि आईपीसी की धारा 498ए का स्पष्टीकरण अब एक अलग प्रावधान, यानी भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 86 के माध्यम से है।' शीर्ष अदालत का यह वक्तव्य उस असंतोष की अभिव्यक्ति है, जहां विधानमंडल से यह अपेक्षित था कि वह उस सिद्धांत पर अवश्य विचार करे जो यह प्रतिपादित करता है कि समाज स्थिर नहीं है और इसके सामाजिक एवं सांस्कृतिक मानदंड समय के प्रवाह के साथ-साथ परिवर्तित होते रहते हैं। इसीलिए, समाज को अनुशासित एवं निर्देशित करने वाली वैधानिक नियमावली भी उसी अनुरूप परिवर्तित होनी चाहिए, अन्यथा वह अपना औचित्य खो देती है। विगत दो दशकों में शीर्ष अदालत से लेकर देश की विभिन्न उच्च अदालतों ने इस मुद्दे को उठाया है कि महिलाओं के लिए बनाए गए सुरक्षात्मक प्रावधानों का उपयोग कभी-कभी हथियार के रूप में किया जा रहा है। परंतु इसके बावजूद इस ओर ध्यान न दिया जाना निराशाजनक तस्वीर पेश करता है। इसमें किंचित भी संदेह नहीं कि महिलाएं आज भी भावनात्मक एवं शारीरिक रूप से प्रताड़ित होती हैं, परंतु इसका तात्पर्य यह कदापि नहीं है कि पुरुष 'अभेद्य सुरक्षा कवच' से घिरे हुए हर प्रताड़ना से मुक्त हैं। पुरुषों की पीड़ा की बात करना निश्चित ही स्वयं को नारीवादी विरोधी के रूप में उस कठघरे में खड़ा करना है, जिसमें महिला अधिकारों के शत्रु के रूप में चिन्हित किया जाएगा और उसकी आलोचना होगी। किंचित यह भय ही विधि निर्माताओं के समक्ष उपस्थित होता होगा। एक समाज के समावेशी विकास के लिए 'लैंगिक समानता' मूलभूत सिद्धांत है। दुर्भाग्यपूर्ण तथ्य यह है कि लैंगिक समानता का तात्पर्य अक्सर केवल स्त्री अधिकारों से जोड़ा जाता है, जिससे पुरुषों के अधिकारों की अवहेलना स्वतः ही हो जाती है। लैंगिक समानता की वास्तविक परिभाषा बिना किसी लिंग भेद के सभी की समानता को प्रतिस्थापित करना है। स्तब्ध करने वाला सत्य यह है कि स्त्री द्वारा उच्चारित हर शब्द और आरोप को शब्दशः स्वीकारने की प्रवृत्ति के चलते, बिना सत्यता परीक्षण के पुरुष को अपराधी घोषित कर दिया जाता है। जबकि दुनिया का कोई भी शोध यह सिद्ध नहीं कर पाया है कि पुरुष और स्त्री का जैविक अंतर भावनाओं के विभेद से भी जुड़ा हुआ है और न ही यह सिद्ध हुआ है कि स्त्री 'शत्रुताभाव', 'ईर्ष्या', 'द्वेष' और 'घृणा' जैसे भावों से पूर्णतया मुक्त है। 'द फॉल्स्ली एक्यूज्ड कैन नेवर गेट देयर लाइव्स बेक' किम्बर्ली जे. बेंजामीर का अध्ययन बताता है कि झूठे आरोपों का गहरा मनोवैज्ञानिक एवं भावनात्मक आघात होता है और इसके परिणाम आजीवन परिलक्षित होते हैं, भले ही आरोपों के परिणामस्वरूप दोष सिद्ध न हुए हों। मिथ्या रूप से आरोपित किए जाने वाले व्यक्ति समाज में अपनी गरिमा और विश्वसनीयता की भावना खो सकते हैं, जिससे उनके जीवन की आशा और उद्देश्य लुप्त हो जाते हैं। वहीं मैनचेस्टर यूनिवर्सिटी का शोध 'द इम्पैक्ट ऑफ़ बीइंग रोंगली एक्यूज्ड : विक्टिम वॉयसेस' झूठे आरोपों के पीड़ितों के साक्षात्कारों का दस्तावेजीकरण करता है, जो कि कानूनी रूप से निर्दोष थे। यह शोध बताता है कि झूठे आरोपों के चलते उन्होंने अपनी प्रतिष्ठा, आत्मसम्मान, दोस्त और पेशेवर जिंदगी को खो दिया।

देश की शीर्ष अदालत ने वैवाहिक विवाद की सुनवाई के दौरान इस तथ्य पर प्रकाश डाला कि आईपीसी की धारा 498ए और घरेलू हिंसा अधिनियम देश में सबसे अधिक दुरुपयोग किए जाने वाले कानूनों में से एक बन गए हैं। एक मामले की सुनवाई के दौरान न्यायाधीश बी .आर . गवई की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ ने कानून के दुरुपयोग की पेचीदगियों की जांच करते हुए इस बात पर अपनी चिंता व्यक्त की कि ये महिला सुरक्षा के लिए बने कानून किस प्रकार दुरुपयोग का शिकार हो रहे हैं।

आप का नजरीया

इस पताका को ऊर्जा चाहिए

दिशाएं पुनः अपनी मंजिल के निशान खोज रही हैं, लेकिन इस सफर की कहानी अभी गुम है। संघर्षरत हिमाचल की पताका को जो ऊर्जा चाहिए, उसे ऊर्जा विभाग में खोजा जा रहा है। बहरहाल हिमाचल सरकार वर्षों से व्यर्थ गुजर रहे पानी को अपनी आर्थिक अमानत बनाने के हरसंभव विषय और शब्द को नई आवाज देना चाहती है। हमारी दौलत भी यही और दस्तूर भी यही कि बहते जल को निचोड़ दें। सुक्खू सरकार की हर मंत्रिमंडलीय बैठक से कारनामे ढूंढ रहे प्रदेशवासियों को कहीं यथार्थ पर भरोसा करना होगा तो कहीं सख्त कदमों के लिए दिल पर पत्थर रखना होगा। अब वक्त आ गया है जब सियासत को भी अच्छी आर्थिक नीतियों को अंगीकार करना होगा। हम शुक्रवार की मंत्रिमंडलीय बैठक से कई ऐसे चिराग ले सकते हैं, जो सरकारी नौकरी का घूंघट उठा कर मोहित कर दें, लेकिन देखना यह है कि यह सरगम आ किस स्रोत से रहा है। फॉरेस्ट गार्ड भर्ती अब बदलकर सौ वन रक्षकों का इंतजार कर रही है, तो करीब 75 अन्य पद भी रोजगार की झोली में आ रहे हैं। पांवटा साहिब व देहरा गोपीपुर को मिल रहे पचास-पचास बिस्तरों वाले क्रिटिकल केयर ब्लॉक का प्रयोग अगर सफल होता है, तो चिकित्सा सेवाओं के दर्पण पर नागरिक भरोसा प्रतिबिंबित होगा। मंत्रिमंडल की बैठकें दरअसल सत्ता की सियासत का सेहरा पहनकर हमें टटोलती हैं और तब हम देख पाते हैं कि सरकार की प्राथमिकताएं हैं क्या। हर सरकार खुद और राज्य को चलाने के लिए पटरियां बिछाती है और सुक

11 हजार नंगा तार अचानक जल कर गिर जाने से लगी आग, बाल-बाल बचे कई घर

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमरिया : प्रखण्ड के पुंडरा गांव में अचानक 11 हजार तार जल कर गिर जाने से कई घरों के लगे मीटर जल कर स्वाहा हो गया है। वहीं कई घरों में चल रहे इलेक्ट्रॉनिक्स समानो में हाई वोल्टेज जाने के कारण नष्ट हो गया है। गनीमत है की कई बच्चे जद में आने से बाल बाल बचे। स्वाहा हुए समानों में पंखे, फ्रिज,टीवी आदि समान मौजूद है। ग्रामीणों ने कई बार लाइन मेन हैदर अली एवं जेई अनिल कुमार को पूर्व में बोला था की घर के ऊपर से एक हीं पोल में नगां तार एलटी और 11 हजार का तार नहीं ले जाने देंगे किंतु लाइन मेन हैदर अली और जेई ने एक भी बात मानने से इंकार कर दिया। जिसका नतीजा है की अचानक 11 हजार तार गिर जाने से लाखों रुपए की संपति जल कर खाक हो गया। गनीमत रहा की किसी की जान नहीं गई। हालाकि उक्त वक्त घर के समीप कई बच्चे खेल रहे थे। ग्रामीणों ने विरोध जताते हुए कहा है की अब किसी भी हाल में घर के ऊपर से 11 हजार तार जाने नहीं देंगे। बिजली विभाग और लाइन मेन हैदर अली के करतूत और लापरवाही के कारण पुडरा गांव में लाखों का संपति जल कर स्वाहा हो गया है। फिलहाल 11 हजार तार गिर जाने से डाड़ी गांव में अंधेरा कायम है। चुकी पुडरा ट्रांसफार्मर से होते हुए हेमराज महतो आदि के घरों के ऊपर से होते हुए नगां तार डाड़ी ट्रांसफार्मर में गया हुआ है। आगे ग्रामीणों ने बताया की इस तरह नगां तार गुजारने से हमलेगों के बच्चों एवं अन्य कई लोगों को जान का खतरा बना रहता है। 11 हजार का तार किसी दूसरे स्थानों से ले जाया जाय। हम लोग किसी भी हालत में इधर से अब जाने नहीं देंगे।

कालीकरण सड़क निर्माण में घोर अनियमित

प्रभात मंत्र संवाददाता

गिद्धौर : प्रखंड के अंतर्गत रुपिन गांव से कुरकुट जाने वाली रोड की धज्जियां उड़ गई है।बताते चलें कि कार्य पूर्ण हुए अभी एक साल भी पूरा नहीं हुआ है। लगभग एक करोड़ों की लागत से बनी कालीकरण सड़क में घोर अनियमितता संवेदक बंशी दांगी के द्वारा किया गया है। जिसकी सजा आम ग्रामीण जनता को भुगतनी पड़ती है।इसे देखने वाले ना तो कोई अधिकारी ही है।और ना ही जनप्रतिनिधि सभी कार्य टेबल पर ही ऑफिस में ही कागज में सीमट कर फाइनल कर दिया जाता है। यह संडक का कार्य जून 2023 में पूर्ण हुआ है। यह सड़क निर्माण पुरनाडीह से कुरकुट तक लगभग 5 किलोमीटर का सड़क बनाई गई है। यह निर्माण कार्य में घोर अनियमितता बरती गई है? जिससे सड़क निर्माण में कई जगह पर सड़क छिन्न-भिन्न स्थिति में हो गया।जिससे लगभग आधा दर्जन गांव के लोग प्रभावित है। जिसे लेकर जिला प्रशासन व प्रखंड प्रशासन से जल्द से जल्द संवेदक द्वारा किए गए लापरवाही पर कार्रवाई करते हुए सड़क निर्माण को दुरुस्त करने का गुहार लगाया है। जहां से आने जाने वाले ग्रामीणों को कठिनाई होती है।तो उनका सुनने वाला भी ना तो कोई जनप्रतिनिधि या फिर कोई अधिकारी भी नहीं है।

चतरा सदर इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी से मंत्री प्रतिनिधि चंदन राज यादव ने किया मुलाकात

प्रतापपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता): मंत्री प्रतिनिधि सह राजद नेता चंदन राज यादव ने मंगलवार को चतरा सदर इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी विपिन कुमार जी से आत्मीय मुलाकात किया। उन्होंने मिलकर क्षेत्र के जनसमस्याओं के बारे में जाना, मौके पर थाना प्रभारी ने कहा की थाना क्षेत्र के अंतर्गत शांति व्यवस्था बनाए रखने एवं अपराध नियंत्रण पर रोक लगाने के लिए लोगों और जनप्रतिनिधियों का सहयोग करने की जरूरत है, पुलिस को जनप्रतिनिधि और पब्लिक को फ्रेंडली रहने का जरूरत है। तभी जाकर अपराध मुक्त बनाने में आसानी होगी, वही राजद नेता चंदन राज यादव ने लोगो से अपील किया, थाना क्षेत्र के लोगो अपवाह पर ध्यान न दे एवं थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस की सहायता करे। किसी प्रकार का समस्या होने पर थाना को सूचित करें।

आयुष्मान आरोग्य शिविर का विधिवत फीता काट कर किया गया उद्घाटन

सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता): अनुमंडल मुख्यालय के रेफरल अस्पताल प्रांगण में आयुष्मान आरोग्य शिवर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन रेफरल अस्पताल के प्रभारी अशोक कुमार करमाली ने विधिवत फीता काट कर किया। शिविर में सभी तरह का इलाज एवं दवाइयां मौजूद था। इसके साथ हीं जांच की सुविधाएं भी मौजूद था। डॉक्टर अशोक कुमार ने बताया की यह आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन प्रत्येक माह के 21 तारीख को विभिन्न क्षेत्रों में आवश्यकता अनुशार लगाया जाएगा। इस शिविर में ग्रामीण मरीज आकर अपना चेकअप और इलाज करा सकते हैं इसमें रुपए लगाने की कोई जरूरत नहीं है यह निःशुल्क है। मौके पर डॉक्टर बीएन प्रसाद,डॉक्टर अंकुर कुमार, डॉक्टर मधुरमोहन , डॉक्टर योगेश कुमार, रंजित सिंह, के अलावे बिपीएमयू यूनिट के एएनएम और पारा मेडिकल कर्मी शामिल थे।

पुंडरा विद्यालय से लफंगों ने की दो सोलरप्लेट की चोरी, पानी सप्लाई बाधित

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमरिया : प्रखण्ड के पुंडरा गांव में रात्रि को अज्ञात चोरों द्वारा जल मीनार में लगे दो सोलर प्लेट चोरी कर फरार हो गया है। उक्त जलमिनार में लगे तीन सोलर प्लेट में दो चोरी होने से अब पानी सप्लाई बंद हो गया है। जिससे विद्यालय के बच्चों के बीच पानी पीने और अन्य जरुरते बंद हो गई है। चोरी को लेकर विद्यालय सचिव ने सिमरिया थाना को लिखित आवेदन देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ कानूनी कारवाई की मांग किया है। आपको बता दें की इन दिनों गांवों में चाहे बाहर खड़ी गाड़ी से बैटरी चोरी का मामला हो या मोटरसाइकिल चोरी का मामला हो या सोलर प्लेट चोरी का मामला हो या खस्सी बकरा का चोरी का मामला हो इसके पीछे एक हीं कारण है और वो है नशा। चुकी गांवों के युवा धड़ल्ले से नशा का शिकार हो रहे हैं। नशे के शिकार यानी आदि हो चुके हैं। लोग नशा करने के लिए घरों एवं गांव के बाहर रखे समानों को रात्रि के अंधेरे में बाहर रखे समानों को चोरी कर ओने पौने में बेच कर उक्त नशीले पदार्थ खरीद कर नशा करते है। नशा में चरस,गांजा,अफीम तक युवा सेवन कर रहे हैं। जब किसी को कुछ नहीं मिलता है तो सोलेशन, डेंडराइट,कोरेक्स पीकर नशा का आग बुझाने लगे हैं।और धीरे धीरे उनकी जिंदगी जीने का उमर उक्त नशा छीनता जा रहा है। इसके पीछे उनके परिजनों के लापरवाही भी शामिल है। चुकी परिजन जानते हुए भी उक्त नशा से छुटकारा नहीं करवाने का प्रयास करते है ना उन पर कड़ाई ना नजर रखी जाती है। आने वाला दिनों में गांव देहात चौक चौराहे अफगानिस्तान बनने से कोई नहीं रोक सकता है। यही कारण है की इन दिनों चोरी का बरदात बढ़ता जा रहा है। पुलिस द्वारा इस पर सख्ती से कारवाई नहीं की गई तो आगे मडर हत्या तक अंजाम देने से उक्त नशेड़ी नहीं चूकेंगे।

पत्थलगड़ा बैंक सेवाओं से ग्राहक परेशान गर्मी में घंटो रहना पड़ता है लाईन में खड़ा, नहीं हो पाता है काम

प्रभात मंत्र संवाददाता

पत्थलगड़ा : प्रखंड क्षेत्र गाँधी चौक स्थिति पत्थलगड़ा भारतीय स्टेट बैंक शाखा पत्थलगड़ा में स्थाई शाखा प्रबंधक नहीं होने के कारण खाता धारियों को हो रही है काफी परेशानी वहीं खाताधारियों नें बताया की जब भी खाता चेक करवाना या पैसे की निकासी करना पड़ता है तो घंटो लाईन में खड़ा रहना पड़ता है बाद में लंच टाइम होते हीं सभी लंच के लिए चले जाते हैं।वही ग्राहकों के लिए बैंक में गर्मी से बचाव के लिए पंखा,ष्ट की सुविधा भी सही से उपलब्ध नहीं है जो कि हरएक बैंक में होना चाहिए ग्राहक गर्मी से तबाह होकर वापस घर चले जाते हैं। जबकि बैंक में,ष्ट पंखा खराब पड़े हैं लेकिन उसे भी दुरुस्त नहीं कराया जा रहा है। ऊपर से बैंक ग्राहको को केवाईसी या अन्य सेवाओं के लिए बैंकों के महीनो चक्कर काटने पड़ते हैं लेकिन उनका सही से काम नहीं हो पा रहा है।यहाँ तक की जब से अपटूडेट मशीन लगाया गया है। तब से ख़राब ही चल रहा है।बीते पिछले ढाई महीनो से अपटूडेट मशीन खराब पड़ा है।लेकिन उसका सुध लेने वाला कोई नहीं,वहीं बैंक कर्मियों को पूछा जाता है तो ओ अपनी पल्ला झाड लेते है। और कहते है की स्थाई शाखा प्रबंधक नहीं है जिससे हमलोगो को जो काम नहीं करना चाहिए वो भी काम हमलोगो को हीं करना पड़ रहा है।परमानेंट शाखा प्रबंधक नहीं रहने से सैकड़ो चष्टष्ट अकाउंट लंबित पड़े हैं जो अभी तक खाता नहीं खुल पाया है। बैंक की सुविधाओं को लेकर ग्राहकों में काफी नाराजगी देखी जा रही है। देखो की सुविधा को देखकर बैंक ग्राहको ने प्रखंड विकास पदाधिकारी से भी शिकायत करने की बात कही है।

कई महीनों से खराब पड़ा है ट्रांसफार्मर, देखने वाला कोई नहीं, ग्रामीणों ने जताया विरोध

गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड अंतर्गत पहरा के उपस्वास्थ्य केंद्र मेरका टांड़ में एक माह से ट्रांसफार्मर खराब पड़ा है।समाजसेवी बिनोद कुमार गुप्ता के नेतृत्व में ग्रामीणों ने विरोध जताया है।ग्रामीणों ने बताया कि मोरका टांड़ में लगभग 60 घर की आबादी है। बच्चों को पढ़ाई करने के साथ साथ मोबाइल चार्ज करने के लिए एक माह से तरस रहे है।खराब पड़े ट्रांसफार्मर की सूचना स्थनीय जनप्रतिनिधियों व विद्युत विभाग की दिया गया है।परंतु एक माह से ट्रांसफार्मर खराब पड़ा है। ग्रामीणों ने बताया कि 25 केबी का ट्रांसफार्मर लगा है, परंतु ग्रामीणों ने 63 केबी का ट्रांसफार्मर लगाने की मांग किया है।इधर विद्युत विभाग कर्मियों ने बताया कि ट्रांसफार्मर लगाने की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। एक सप्ताह के अंदर मोरका टांड़ में बिजली बहाल किया जाएगा।मौके पर अर्जुन रजक, अवध राम, अशोक पांडेय, बिलास ठाकुर समेत काफी संख्या में महिला उपस्थित थे।

मनोज तिवारी एवं रवि किशन के होने वाले कार्यक्रम का केंद्रीय मंत्री ने लिया जायजा

प्रभात मंत्र संवाददाता

बालूमाथ : बालूमाथ में भोजपुरी स्टार सह दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी एवं गोरखपुर सांसद रवि किशन के बालूमाथ में आज होने वाले रोड शो एवं बिरसा मैदान में होने वाले सभा की तैयारीयों को लेकर केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया ।इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि परिवर्तन यात्रा का मुख्य उद्देश्य झारखंड में परिवर्तन लाना है और राज्य की भ्रष्टाचारी हेमंत सोरेन सरकार को उखाड़ फेंकना है । सरकार बड़े-बड़े वायदा कर सत्ता में तो आ गई लेकिन उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान युवाओं को ठगने का काम किया। जिसको लेकर आज राज्य में आक्रोश का माहौल है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में करीब बीस हजार से अधिक लोगों का भीड़ जुटने का अनुमान है। इस दौरान लातेहार पूर्व विधायक प्रकाश राम, बालूमाथ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी आशुतोष सत्यम, बालूमाथ थाना प्रभारी विक्रांत उपाध्याय, भाजपा जिला अध्यक्ष पंकज सिंह, लछमण कुशवाहा, भाजपा नेता संजीव सिन्हा, चेतलाल रामदास, अमित कुमार, विजय यादव, कमलेश सिंह समेत कई लोग मौजूद थे।

वंदे भारत का ठहराव टोरी जंक्शन में किया जाए : रवि डे

रांची से वाराणसी वंदे भारत का परिचालन करने की मांग

प्रभात मंत्र संवाददाता

लातेहार : झाविस नेता सह समाजसेवी रवि डे ने टोरी जंक्शन पर वंदे भारत ट्रेन के ठहराव की मांग की है। श्री डे ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि इस क्षेत्र के लोग लंबे समय से बेहतर परिवहन सुविधाओं की मांग कर रहे हैं, और वंदे भारत जैसी हाई-स्पीड ट्रेन का ठहराव न होने से स्थानीय निवासियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने इस निर्णय पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया है ताकि ग्रामीणों को इसका लाभ मिल सके और क्षेत्र का विकास भी तेज हो सके।उन्होंने कहा कि वंदे भारत का ठहराव धनबाद रेल मंडल के अहम रेलवे स्टेशन टोरी जक्शन में सुनिश्चित करते हुए इस ट्रेन को सप्ताह में कम से कम तीन दिन चलायी जाए।वाराणसी जैसे अहम स्थान के लिए रांची से वाराणसी तक वंदे भारत ट्रेन का परिचालन अविलम्ब शुरु किया जाए। आगे उन्होंने कहा कि आज भी रेलवे के द्वारा क्षेत्र वासियों को घोर उपेक्षा का शिकार बनाया गया है,यात्री सुविधा और नागरिक सुविधा का घोर अभाव है। पूर्व मध्य रेलवे के धनबाद रेल मंडल का अहम रेलवे स्टेशन टोरी जक्शन का केवल कोयला ढोने का जरिया बनाकर रख दिया गया है। उन्होंने रेल मंत्रालय से माँग किया है कि टोरी शिवपुर रेलवे लाइन पर यात्री ट्रेन चलाकर जनता को राहत देने का जरुरी कार्य करें।

डीवीसी में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

लातेहार : दामोदर घाटी निगम, तुबेद कोयला खान में अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के तहत मंगलवार को तुबेद कोयला खान परिसर में एक पेड़ मां के नाम नामक विशेष पौधारोपण अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत वरिष्ठ महाप्रबंधक अरविंद कुमार ठाकुर ने किया।उन्होंने बताया कि एक पेड़ मां के नाम एक ऐसा प्रयास है जो हमारी मातृभूमि और प्रकृति के प्रति हमारे सम्मान और समर्पण को दर्शाता है। उन्होंने बताया कि गौरतलब है कि यह 15 दिवसीय कार्यक्रम 17 सितंबर 2024 से 02 अक्टूबर 2024 तक चलेगा, जिसमें विभिन्न गतिविधियों और कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर उप महाप्रबंधक (खनन) मनीष कुमार, उप महाप्रबंधक (खनन) मनोज कुमार, वरिष्ठ प्रबंधक (ई) अमित कुमार, प्रबंधक (खनन) शैलेन्द्र कुमार, जय प्रकाश, प्रतिक लामा, स्वछता पखवाड़ा के नोडल ऑफिसर सह सहायक प्रबंधक (सीएसआर)-संजीव कुमार एवं डीवीसी के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

ईवीएम वीवीपैट मशीन का प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

बारियातू(प्रभात मंत्र संवाददाता): आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त लातेहार के निर्देशानुसार 24 सितम्बर को शिबला पंचायत में प्रकाश कुमार के द्वारा मतदान केंद्र संख्या 45, 46,47, 48, 49,50, 51, 52, 53, 54, 55 तथा डाढा पंचयात अंतर्गत मतदान केंद्र संख्या 73,74,75,76,77, एवं 78 में आलोक कुमार दुबे के द्वारा ईवीएम वीवीपैट मशीन का प्रशिक्षण एवं मतदान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित की गई।जानकारी देते हुए आलोक कुमार दुबे ने बताया कि इस प्रशिक्षण में वोटिंग मशीन को चालू करने व वोटिंग के बाद मशीन को पैक करने की प्रक्रिया के बारे में बताया गया।साथ ही यह भी बताया गया कि वोटर को वोट डालने की प्रक्रिया से कैसे अवगत कराना है, मतदाताओं से किस प्रकार पंक्तिबद्ध तरिके से मतदान कराना है, वोट डालने के बाद वोट पूरा होने की रिसीविंग कैसे मिलेगी? इसमें सभी को मतदान के समय होने वाले मतदाताओं की परेशानी हल करने,किसी बुजुर्ग को मतदान में कैसे मदद करनी है ? जैसे कई महत्वपूर्ण चीजों का प्रशिक्षण व जानकारी दी गई।

सड़क निर्माण कार्य में प्राक्कलन घोटाले पर जिप सदस्य ने मुख्यमंत्री के नाम लिखा पत्र

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरवाडीह : प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना अंतर्गत पैकेज के तहत बरवाडीह प्रखंड में शिवकुमार जयसवाल के घर से संत कलारेट स्कूल होते हुए छिपादोहर मार्ग और मुरु बस्ती होते अन्य मार्ग तक सड़क निर्माण कार्य में भारी अनियमितता, प्राक्कलन घोटाले का आरोप निर्माण कंपनी और संबंधित पदाधिकारियों पर लगाते हुए निर्माण कार्य की जांच और भुगतान पर रोक लगाने के लिए जिप सदस्य संतोषी कुमारी ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम पत्र लिखा है। जहां पत्र के माध्यम से बताया गया है कि उक्त सड़क निर्माण कार्य में बड़े पैमाने पर अनियमितता के साथ प्राक्कलन घोटाले की बू आ रही है जिसकी गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो रहे हैं जिसपर जांचोपरांत कार्रवाई की मांग जिप सदस्य ने की है । पत्र के माध्यम से आरोप है कि विभाग से बार बार शिकायत के बाद भी निर्माण कार्य एजेंसी द्वारा निजी स्वार्थ में शुरुआती दौर से निम्न स्तर का कार्य झमाझम बारिश के मौसम में कालीकरण कराया गया जिसके कारण कई जगहों पर सड़क में दरारें पड़ गई और उखड़ गई है। वहीं पत्र के माध्यम से बताया गया कि योजना का प्राक्कलन तैयार करते समय संबंधित अधिकारियों द्वारा कार्य स्थल का भौतिक सत्यापन नहीं किया शायद इसलिए कि जहां पर गार्डवाल की अत्यंत आवश्यकता थी, कल्वर्ट की सख्त जरूरत थी उस जरुरत वाले स्थान पर गार्डवाल, कल्वर्ट नहीं दिये गये बगैर जरूरत के स्थान पर गार्डवाल कल्वर्ट निर्माण किया गया और वैसे कई कल्वर्ट या ह्यूम पाइप जमीन की सतह से निचे धंस गये हैं। वहीं देखा जाए तो पीसीसी सड़क के किनारे उसकी अनियमितता को छुपाने के लिए मिट्टी फिलिंग कर दिया गया है। बताते चलें कि उक्त योजना लागत 9 करोड़ पांच सड़कों के पैकेज में शुमार है।

अभाविप लातेहार एवं मनिका नगर इकाई का किया गया पुनर्गठन

प्रभात मंत्र संवाददाता

लातेहार : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद लातेहार के मनिका नगर इकाई का पुनर्गठन किया गया जिसमें मुख्य रूप से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य रमेश उरांव प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कमलेश उरांव मनिका के नगर अध्यक्ष बालकेश प्रजापति, उपाध्यक्ष वीरेंद्र उरांव, अशोक उरांव, नगर मंत्री विनोद सिंह, एसएफएस प्रमुख विकाश सिंह, कला मंच संयोजक आरती कुमारी, सह संयोजक पुनीता कुमारी खेल संयोजक मंजू कुमारी, अनुसूचित जनजाति छात्रावास प्रमुख सोनू सिंह सह प्रमुख सुजीत सिंह, अनुसूचित जाति छात्रावास प्रमुख मनीष राम, मनिका प्लस टू प्रमुख विकाश सिंह आदि अन्य लोग उपस्थित थे। इस दौरान श्री उरांव ने कहा कि विद्यार्थी परिषद अब सभी नगर इकाई में जनजाति कार्यकर्ता को दायित्व देने का काम कर रही है और जनजाति कार्यकर्ताओं के बीच में विद्यार्थी परिषद काम करके जनजाति कार्यकर्ताओं का कुशल सक्षम नेतृत्व करने एवं उनके पढ़ाई को लेकर विशेष चिंता कर रही है। आज देखा जाए तो छात्रावास का समस्या से लेकर विद्यालय ,कॉलेज तक समस्या विद्यार्थी परिषद के माध्यम से समाधान किया जा रहा है। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कमलेश उरांव ने कहा कि जनजाति छात्रों के बीच में भ्रामक खबर फैला करके उनको समाज से तोड़ने का दिशा में ले जाने का जो भी षड्यंत्र कारी काम करता है उसको विद्यार्थी परिषद जवाब देने का काम कर रहा हैं।

लोजपा के कार्यक्रम में गैंगस्टर लॉरेंस विश्नोई के लगे तस्वीर में जिलाध्यक्ष ने दिया सफाई, कहा मेरा कोई हाथ नहीं

लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता): सोमवार को जिला खेल स्टेडियम में आयोजित लोक जनशक्ति पार्टी के हुंकार रैली कार्यक्रम में पार्टी के पोस्टर में गैंगस्टर लॉरेंस विश्नोई का तस्वीर लगाई गई थी। जैसे ही इसकी जानकारी कमेटी को मिली तो तस्वीर को फ़ाड़ कर हटाया गया। इस संबंध में लोजपा के जिलाध्यक्ष राजेंद्र पासवान ने बानपुर स्थित अपने आवास में एक प्रेस वार्ता आयोजित की।उन्होंने कहा कि लॉरेंस विश्नोई को मैं जानता पहचानता नहीं हुं,और किसी तरह का मेरा कोई संबंध नहीं है। आगे उन्होंने कहा कि यह एक राजनीतिक साजिश के तहत मुझे फंसाने का कार्य किया जा रहा है। इस मामले की गहनता से जांच होनी चाहिए पत्रकार बंधुओं से भी उन्होंने आग्रह किया है कि जांच में आपलोग सहयोग करें ताकि सच्चाई सामने आए और दोषी पर कानून कार्रवाई हो सके।

बरही ब्लॉक मैदान में भाजपा द्वारा आयोजित परिवर्तन सभा में उमड़ा जनसैलाब

झारखंड सरकार युवाओं को जॉब के नाम पर दिया मौत : बाबूलाल मरांडी

झारखंड सरकार ने जो वादा किया था, उसे पूरा नहीं किया लेकिन भाजपा की सरकार अपने वादे को पूरा करेंगी : मनीष जायसवाल

बरही में अफीम की खेती, अवैध शराब का निर्माण, बालू तस्करी चरम सीमा पर है : मनोज यादव

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरही (हजारीबाग) : बरही ब्लॉक मैदान में मंगलवार को भाजपा द्वारा आयोजित परिवर्तन सभा में जनसैलाब उमड़ पड़ा। सभा की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह व संचालन जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, मंडल अध्यक्ष भगवान केसरी व विजय यादव ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, प्रदेश संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल, पूव विधायक सह भाजपा नेता मनोज कुमार यादव, प्रदेश मीडिया प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह आदि उपस्थित हुए। मौके पर पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव व भाजपाईयो ने संयुक्त रूप से मुख्य अतिथि को भव्य माला पहनाकर व बुके और अंगवस्त्र देकर स्वागत किया। सभा को संबोधित करते हुए बाबूलाल मरांडी ने कहा की भाजपा परिवर्तन यात्रा निकालकर यह बताना चाह रही है कि झारखंड में झामुमो, कांग्रेस, राजद की सरकार लुटेरी है। कांग्रेस पार्टी के राज्यसभा सांसद के घर से 350 करोड रुपए, मंत्री के नौकर के घर से 35 करोड़ व कर्मचारियों के घर से 19 करोड़ बरामद हो रहे हैं, यह पैसा किसका था, झारखंड की जनता का पैसा था। उस पैसो को लूटकर अपनी तिजोरी भरने का काम कर रहे हैं। गौ तस्करी की जा रही है, नदी नाला बेचा जा रहा है, झारखंड की बालू को बाहर में बेचा जा रहा है, यहां के लोगों को बालू भी नहीं दिया जा रहा है। पत्थर, कोयला, जमीन को खुले आम झारखंड की सरकार लूट रही है। हेमंत सरकार जल जमीन बचाने की बात करते थे, लेकिन यह तो लूटने का काम कर रही है। सीएनटी एक्ट का दुरुपयोग झामुमो के दलाल खुलकर कर रहे हैं,

कोलकत्ता जाकर फर्जी कागज बनाकर जमीन बेचा जा रहा है, यहां तक की सेना की जमीन की भी फर्जी कागज बनाकर बेचा जा रहा है। 5 सालों तक इन लोगों ने लूटा है और इसी को बदलना है यही हम परिवर्तन सभा के माध्यम से कहना चाहते हैं। वहीं उन्होंने कहा कि झारखंड में हिंदुओं को अपने देवी देवताओं की पूजा करने से रोका जा रहा है, जुलूसों पर पत्थर बाजी की जा रही है। लाखों की संख्या में बांग्लादेशियों की घुसपैठ हो रही है, यह सभी झारखंड सरकार के संरक्षण में हो रहा है। वही कहा कि 2019 में झारखंड की सरकार ने घोषणा किया था, कि हम चूल्हा खर्च के नाम पर महिलाओं को दो हजार देंगे, लड़की की शादी होगी तो सोने का सिक्का देंगे, विधवा व वृद्ध महिलाओं को ढाई हजार रुपए महीना देंगे, 5 लाख नौजवानों को नौकरी देंगे, लेकिन एक भी वादा पूरा इन्होंने नही किया। वहीं उत्पाद विभाग के दौड़ में युवाओं को चिलचिलाती धूप में लाइन में लगने व लंबी दौड़ करवाकर 20 युवाओं को मौत के मुंह में धकेल दिया। परीक्षा देने के दौरान नेट बंद कर दिया जाता है जैसे लगता है कि झारखंड के युवा आंतकवादी है। वहीं सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि हेमंत सरकार ने एक भी वादा पूरा नहीं किया। भाजपा का घोषणा पत्र ही संकल्प पत्र होता है, भाजपा जो भी वादा करती है उसे पूरा करेगी। पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि झारखंड से हेमंत सोरेन की सरकार बदलने से पहले बरही विधायक को बदलने की जरूरत है, बरही में अफीम की खेती, अवैध शराब, अवैध बालू, गंजा, ब्रोन शुगर का कारोबार चरम सीमा पर है। यहां के बीडीओ, सीओ को का रेट ज्यादा है क्योंकि वर्तमान विधायक का संरक्षण प्राप्त है, इसलिए इसे बदलने की जरूरत है। वहीं महिला भाजपा पदाधिकारी ने चावल, आटा, मिट्टी का गुत्थी बाबूलाल मरांडी को सौपा और कहा कि झारखंड में मिट्टी, बेटी, रोटी तीनों सुरक्षित नहीं है, इसलिए इसे उखाड़ फेंकना जरूरी है। सभा को जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, सुनील साहू, भाजपा नेता अर्जुन साहू, गणेश यादव, रंजीत चंद्रवंशी, जिप सदस्य प्रीति गुप्ता, मंडल अध्यक्ष विजय यादव, भगवान केसरी, राजेन्द्र चंद्रवंशी, मुकेश सिंहा, बाबूलाल मेहता, रमेश प्रसाद, पूर्व मंडल अध्यक्ष अमित साहू, राजेन्द्र चंद्रवंशी, पप्पु चंद्रवंशी आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम में लक्ष्मण यादव, सुबोध यादव, मुन्ना यादव, नागेश्वर रजक, सचिन यादव, नीतू यादव, गुरुदेव गुप्ता, मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, राजन यादव, हरेंद्र गोप, रामचन्द्र टुडू, शमशेर आलम, शिवा निषाद, अभिषेक निषाद, संतोष निषाद, प्रकाश साव, ब्रह्मदेव यादव, दामोदर प्रसाद वर्मा, मनोज कुमार, नवलकिशोर सिंह, कांति देवी, सुनीता देवी, किरण वर्मा, रिंकी विश्वकर्मा, सहित भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

सतर्कता जागरूकता अभियान 2024 के अंतर्गत पिंडरा पंचायत सचिवालय मे ग्राम सभा

प्रभात मंत्र संवाददाता

चरही : मंगलवार को सतर्कता जागरूकता अभियान 2024 के अंतर्गत तापिन नॉथ परियोजना, हजारीबाग क्षेत्र, सी.सी.एल. के द्वारा पिंडरा पंचायत सचिवालय में सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि थीम पर ग्राम सभा का आयोजन किया गया । ग्राम सभा में तापिन नॉर्थ परियोजना के खान प्रबंधक आर. बी. राय ने कहा कि राष्ट्र में भ्रष्टाचार के रोकथाम में हमारी भागीदारी अनिवार्य है। नोडल अधिकारी (भू. व् राजस्व) पी. के. सिंह के द्वारा अभिभाषण किया गया कि शिक्षा, सतर्कता व् ग्राम सभा के माध्यम से हम भ्रष्टाचार को खत्म कर सकते हैं। हजारीबाग क्षेत्र के नोडल अधिकारी (सतर्कता जागरुकता अभियान) निशांत परमार ने कथित किया की सत्यनिष्ठा की संस्कृति अपनाकर भष्टाचार स्वय समाप्त हो जाएगा, नोडल अधिकारी (निगमित सामजिक उत्तरदायित्व) पियूष नै भ्रष्टाचार उन्मूलन के महत्त्व व् उसमें सभी के जागरूक प्रतिक्रिया की आवश्यकता पर कथन किया ।परियोजना पदाधिकारी के सचिव विनोद दास ने कहा कि यदि भ्रष्टाचार को सम्माप्त करना है, तो हमें आरम्भ स्वयं से करना होगा। कार्मिक विभाग, तापिन नॉर्थ परियोजना के लिपिक प्रवीण कुमार नै लोकहित

प्रकटीकरण व् शिकायतकर्ता संरक्षण संकल्प (पीआईडीपीआई) के विषय पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। लक्ष्मी लाल उरॉव में पीआईडीपीआई शिकायत दर्ज करने की पूर्ण प्रक्रिया पर प्रकाश डाला। देवंती देवी ने ग्राम परिवेश व् स्थानीय विभागों को पारदर्शी बनाने हेतु केन्द्रीय आयोग की प्रणाली पर विवरण प्रदान किया। बासदेव कुमार ने राष्ट्र के आदर्श-वाक्य %सत्यमेव जयते% को उद्?धृत कर सभा-वार्तालाप का उत्तर दिया । अंततःमुशाहिद अंसारी के द्वारा सभा में उपस्थित सभी प्रतिभागियों को सत्यनिष्ठा शपथ दिलाया गया ।इस ग्राम सभा का संयोजन व् संचालन तापिन नॉर्थ कार्मिक विभाग के लिपिक श्याम सुन्दर नेहता, सुशांत उरांव, संतोष राणा व् हज़ारीबाग क्षेत्र के हाशिम के द्वारा किया गया।वही मुख्य रूप से तापिन पिंडरा पंचायत के मुखिया देवलाल कुमार सहित सेकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

दहेज की भेंट चढ़ी एक विवाहिता,पति समेत ससुराल वालों पर हत्या का आरोप

प्रभात मंत्र संवाददाता

विष्णुगढ़ : विष्णुगढ़ प्रखण्ड के खरकट्टो में एक विवाहिता की मौत का मामला प्रकाश में आया है। विवाहिता तीन बच्चों की मां है।घटना सोमवार की रात की है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इसे लेकर मृतका की मां ने विष्णुगढ़ थाना को आवेदन दिया है। जिसमें कहा है कि बेटी भगिया कुमारी (26) की शादी खरकट्टो के धनेश्वर साव से हुई थी। मृतका का मायका लक्ष्मण टुंडा नीमियाघाट है। मृतका की मां झलवा देवी ने दामाद समेत बेटी के ससुरालवालों पर बेटी की हत्या करने का आरोप लगाया है। कहा है कि बेटी की शादी 16 अप्रैल 2016 को खरकट्टो में धनेश्वर साव के साथ की गई थी। उस समय अपनी क्षमतानुसार दान दहेज दिया था। दहेज के लालची

मेरी बेटी के ससुराल वालों ने शादी के एक साल बीतने के बाद दहेज की माँग करने लगे। दहेज नही दिए जाने की स्थिति में इन सभी ने मेरी बेटी को मार डाला। विष्णुगढ़ पुलिस ने घटना की जानकारी लेकर मृतका के शव को कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए हज़ारीबाग भेज दिया। फिलहाल पुलिस मामला दर्ज कर छानबीन में जुट गई है। इधर, मृतका के ससुराल वालों ने आपसी विवाद में जहर खाकर आत्महत्या किए जाने की बात कही है।

विधायक के जनता दरबार में दर्जनों आवेदन जमा, कई का हुआ समाधान

प्रभात मंत्र संवाददाता

बड़कागांव : विधायक अंबा प्रसाद के द्वारा साप्ताहिक जनता दरबार प्रखंड मुख्यालय में मंगलवार को भी जारी रहा। विधायक अंबा प्रसाद में उपस्थित होकर दर्जनों फरियादियों का फरियाद सुनी एवं समस्याओं को समाधान करने का प्रयास किया। इस दौरान दर्जनों आवेदन जमा हुए जिसमें कई आवेदन का समाधान तुरंत कर दिया गया। विधायक अंबा प्रसाद ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र के पांच महत्वपूर्ण सड़कों का निर्माण के लिए प्रपोजल तैयार किया गया है। जिसमें केरेडारी प्रखंड के ग्राम फुलझड़ से डमारू तक 4.250 किलोमीटर, तिलैया से हुंडरू तक पौने 3 किलोमीटर, बड़कागांव प्रखंड में चिरुडीह से हेसाबार तक 4.500 किलोमीटर, फटरिया पानी से कोती तक 2.200 किलोमीटर, कोसी से सेहदा तक 5.450 किलोमीटर तक, पत्थर कुदुवा से सिमराजरा तक 5.300 किलोमीटर सड़क निर्माण कराया जाएगा। मौके पर बीडीओ जितेंद्र कुमार मंडल, 20 सूत्री अध्यक्ष हाजी तबस्सुम, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, आसित चक्रवर्ती, मोहम्मद जमाल खान, शमशेर आलम, कांग्रेस युवा प्रखंड अध्यक्ष आनंद कुमार, जगत नंदन प्रसाद गुप्ता के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

अंडर 17 वॉलीबॉल मे जरबा उत्क्रमित उच्च विद्यालय के चार छात्र जिला स्तर पर चयनित

प्रभात मंत्र संवाददाता

चरही : अंडर 17 वॉलीबॉल टूर्नामेंट खेलो झारखंड के तहत हो रहे खेल प्रतियोगिता में फाइनल मैच डाडी एवं चुरचू के बीच खेला गया जिसमें चुरचू कि टीम विजेता बनी। चुरचू प्रखंड के चार बच्चों ने जिला स्तर पर अच्छा प्रदर्शन किया है। चुरचू प्रखंड से चार बच्चों को जिला स्तर पर चयनित किया गया है। वॉलीबॉल टूर्नामेंट अंडर 17 में चुरचू प्रखंड से मो अल्तमश हसन, अनस हसन,अमर कुमार तथा विक्रम कुमार का चयन हुआ है। ये सभी चुरचू प्रखंड के जरबा उच्च विद्यालय के छात्र हैं।जिला से कुल 12 खिलाड़ियों को चयनित किया गया है जिनमें चार खिलाड़ी चुरचू प्रखंड के एक ही विद्यालय के हैं। अब आगे यह सभी खिलाड़ी 3अक्टूबर को रांची खेलने जायेंगे जहां 4 अक्टूबर से ये सभी खिलाड़ी वॉलीबॉल टूर्नामेंट खेलने के लिए जायेंगे।

साँसद करेंगे विष्णुगढ़ नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ

विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) : हजारीबाग लोकसभा के सांसद मनीष जायसवाल के द्वारा विष्णुगढ़ नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ किया जाएगा। इस संबंध मे जानकारी दी गई की सभी सांसदों को नमो फुटबॉल मैच का आयोजन करवाने का दिशा निर्देश प्राप्त है। इसी कड़ी में हजारीबाग साँसद चरणबद्ध तरीके से हज़ारीबाग लोकसभा के तमाम प्रखंडों में नमो फुटबॉल मैच का आयोजन करा रहे है। विष्णुगढ़ +2 हाई स्कूल खेल मैदान में कल 25 सितम्बर 2024 को हज़ारीबाग लोकसभा सांसद मनीष जायसवाल की उपस्थिति में नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य आगाज किया जायेगा। टूर्नामेंट में प्रखण्ड की कुल 40 टीमें भाग ले रही है। फाइनल मुकाबले में जीतने वाली टीम को 25000 रुपये का नकद राशि पुरस्कार स्वरूप दी जायेगी वहीं उपविजेता टीम को 15000 रुपये की नकद राशि पुरस्कार स्वरूप दी जायेगी। कल से प्रारम्भ हो रहे फुटबॉल मुक़ाबले में खेलप्रेमियों को फुटबॉल मुकाबले के दर्जनों रोमांचकारी मुकाबले देखने को मिलेगा। नमो फुटबॉल मुकाबले कर शुभारंभ अब अपने अंतिम चरण में है, दोनो मंडलो के मंडल अध्यक्ष एवं नमो टूर्नामेंट में बनाये गए अधिकारियों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है।

झुमरा में राम मंदिर के तर्ज पर बन रहा पंडाल

131.	1. आवेदन क्र0–515/24 2. आवेदक–काला चाँद नापित , पिता–स्व0 कृतिवास नापित 3. ग्राम–देवलटाँड, पोस्ट–देवलटाँड , थाना–ईचागढ़ , प्रखण्ड–ईचागढ़ 4. लिंग–पुरूष आयु–74 वर्ष पहचान चिन्ह–छाती पर तिल का दाग।	कंडिका–2(ix)
132.	1. आवेदन क्र0–1870/24 2. आवेदक–कबिला देवी , पति–लोहरा महतो 3. ग्राम–पेरावडीह, पोस्ट–जानुमपीढ़ी , थाना–तमाड़ , प्रखण्ड–तमाड़ 4. लिंग–महिला आयु–58 वर्ष पहचान चिन्ह–बायें गाल में तिल का दाग।	कंडिका–2(ix)
133.	1. आवेदन क्र0–1871/24 2. आवेदक–सविता देवी , पति–रामसिंगार महतो 3. ग्राम–गुटिबारू, पोस्ट–चिरूडीह , थाना–तमाड़ , प्रखण्ड–तमाड़ 4. लिंग–महिला आयु–55 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नहीं	कंडिका–2(ix)

विवरण :–चिन्हित एवं सुविख्यात झारखण्ड आन्दोलनकारी रामेश्वर महतो एवं बानेश्वर महतो के द्वारा आयोग के मा0 सदस्य श्री नरसिंह मुर्मू के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर।

134.	1. आवेदन क्र0–1750/24 2. आवेदक–सत्येश्वर महतो , पिता–घनश्याम महतो 3. ग्राम–बंगाबुरू , पोस्ट–बंगाबुरू नवाडीह, थाना–सोनाहातु , प्रखण्ड–राहे 4. लिंग–पुरूष , आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	कंडिका–2(ix)
135.	1. आवेदन क्र0–1751/24 2. आवेदक–अनुप कुमार साहु , पिता–स्व0 पलटू राम साहु 3. ग्राम–बसंतपुर , पोस्ट–पोगड़ा , थाना–सिल्ली , प्रखण्ड–सिल्ली 4. लिंग–पुरूष , आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां गाल पर तिल का निशान।	कंडिका–2(ix)
136.	1. आवेदन क्र0–1752/24 2. आवेदक–नरसिंह महतो , पिता–स्व0 धनेश्वर महतो 3. ग्राम–फुलटांड मुरहू , पोस्ट–दौवाडू , थाना–सिल्ली , प्रखण्ड–सिल्ली 4. लिंग–पुरूष , आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायां पैर पर काला दाग।	कंडिका–2(ix)
137.	1. आवेदन क्र0–1753/24 2. आवेदक–गुनोधर महतो , पिता–स्व0 राखोहरि महतो 3. ग्राम–लोदमू , पोस्ट–टी0वी. रामपुर , थाना–सिल्ली , प्रखण्ड–सिल्ली 4. लिंग–पुरूष , आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–नाक पर तिल का दाग।	कंडिका–2(ix)
138.	1. आवेदन क्र0–1754/24 2. आवेदक–कृष्णा कुमार महतो , पिता–रामपदो महतो 3. ग्राम–लोदमू , पोस्ट–टी0वी. रामपुर , थाना–सिल्ली , प्रखण्ड–सिल्ली 4. लिंग–पुरूष , आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना हाथ पर तिल का दाग।	कंडिका–2(ix)
139.	1. आवेदन क्र0–1755/24 2. आवेदक–संतोष कुमार महतो , पिता–रामपद महतो 3. ग्राम–लोदमू टेटेबन्दा, पोस्ट–टी0वी. रामपुर , थाना–सिल्ली , प्रखण्ड–सिल्ली 4. लिंग–पुरूष , आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–गाल पर तिल का दाग।	कंडिका–2(ix)
140.	1. आवेदन क्र0–1756/24 2. आवेदक–उपेन्द्र नाथ महतो , पिता–स्व0 मृत्युंजय महतो 3. ग्राम–बाँधडीह ,लोटा पोस्ट–लोटा , थाना–सिल्ली , प्रखण्ड–सिल्ली 4. लिंग–पुरूष , आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां गाल पर तिल का दाग।	कंडिका–2(ix)
141.	1. आवेदन क्र0–1757/24 2. आवेदक–रामेश्वर महतो , पिता–स्व0 धनेश्वर महतो 3. ग्राम–सताकी पोस्ट–सताकी , थाना–अनगड़ा , प्रखण्ड–राहे 4. लिंग–पुरूष , आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	कंडिका–2(ix)
142.	1. आवेदन क्र0–1758/24 2. आवेदक–इन्द्रनाथ महतो , पिता–नारायण महतो 3. ग्राम–रायकोचा पोस्ट–गोडाडीह , थाना–सिल्ली , प्रखण्ड–सिल्ली 4. लिंग–पुरूष , आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां हाथ में कटा दाग।	कंडिका–2(ix)
143.	1. आवेदन क्र0–1759/24 2. आवेदक–बसंत महतो , पिता–लखीया महतो 3. ग्राम–तुन्कू पोस्ट–दौवाडू , थाना–सिल्ली , प्रखण्ड–सिल्ली 4. लिंग–पुरूष , आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–गाल पर तिल का दाग।	कंडिका–2(ix)
144.	1. आवेदन क्र0–1760/24 2. आवेदक–अनिल महतो , पिता–धनेश्वर महतो 3. ग्राम–तुन्कू पोस्ट–दौवाडू , थाना–सिल्ली , प्रखण्ड–सिल्ली 4. लिंग–पुरूष , आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां गाल पर तिल का दाग।	कंडिका–2(ix)
145.	1. आवेदन क्र0–1790/24 2. आवेदक–कलावती कुमारी , पति–मंगरा उराँव 3. ग्राम–डुमरगरी पोस्ट–जोन्हा , थाना–आनगड़ा , प्रखण्ड–आनगड़ा 4. लिंग–महिला , आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ के पंजा में खोदा का दाग।	कंडिका–2(ix)
146.	1. आवेदन क्र0–1846/24 2. आवेदक–घासीराम महतो, पिता–सोहराई महतो 3. ग्राम–नावाडीह , पोस्ट–बारेडीह , थाना–तमाड़ , प्रखण्ड–तमाड़ 4. लिंग–पुरूष , आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	कंडिका–2(ix)
147.	1. आवेदन क्र0–1847/24 2. आवेदक–पिंकी देवी, पति–सत्येन्द्रनाथ महतो 3. ग्राम–सताकी , पोस्ट–सताकी , थाना–अनगड़ा , प्रखण्ड–राहे 4. लिंग–महिला , आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	कंडिका–2(ix)

विवरण :–चिन्हित एवं सुविख्यात झारखण्ड आन्दोलनकारी महावीर विश्वकर्मा एवं राजेन्द्र मेहता के द्वारा आयोग के मा0 सदस्य के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर।

148.	1. आवेदन क्र0–1765/24 2. आवेदक–सुनील उराँव , पिता–स्व0 रघु उराँव 3. ग्राम–तिगरा गंगा टोली , पोस्ट–गुडू , थाना–रातू , प्रखण्ड–रातू 4. लिंग–पुरूष , आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में तिल का निशान।	कंडिका–2(ix)
149.	1. आवेदन क्र0–1766/24 2. आवेदक–विजय भगत , पिता–स्व0 रामनन्दन भगत 3. ग्राम–काठीटांड , पोस्ट–रातू , थाना–रातू , प्रखण्ड–रातू 4. लिंग–पुरूष , आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–गले में बायें ओर तिल।	कंडिका–2(ix)
150.	1. आवेदन क्र0–1767/24 2. आवेदक–धीरज लाल ठाकुर , पिता–स्व0 महिन्दर ठाकुर 3. ग्राम–टेण्डर , पोस्ट–कमड़े , थाना–कांके , प्रखण्ड–कांके 4. लिंग–पुरूष , आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	कंडिका–2(ix)
151.	1. आवेदन क्र0–1768/24 2. आवेदक–जयनारायण मुण्डा, पिता–स्व0 विशेश्वर मुण्डा 3. ग्राम–मालसेटिंग , पोस्ट–मालसेटिंग , थाना–पिडोरिया , प्रखण्ड–कांके 4 लिंग–पुरूष , आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	कंडिका–2(ix)
152.	1. आवेदन क्र0–1769/24 2. आवेदक–भूषण भगत , पिता–स्व0 रामनन्दन भगत 3. ग्राम–काठीटांड , पोस्ट–रातू , थाना–रातू , प्रखण्ड–रातू 4. लिंग–पुरूष , आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना हाथ में तिल।	कंडिका–2(ix)
153.	1. आवेदन क्र0–1770/24 2. आवेदक–दीपक देव उर्फ दीपक कुमार देव , पिता–लाल गंगाधर देव 3. ग्राम–कुम्बाटोली , पोस्ट–रातू , थाना–रातू , प्रखण्ड–रातू 4. लिंग–पुरूष , आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	कंडिका–2(ix)
154.	1. आवेदन क्र0–1771/24 2. आवेदक–प्रदीप कुमार देव , पिता–लाल गंगाधर देव 3. ग्राम–कुम्बाटोली , पोस्ट–रातू , थाना–रातू , प्रखण्ड–रातू 4. लिंग–पुरूष , आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	कंडिका–2(ix)
155.	1. आवेदन क्र0–1772/24 2. आवेदक–आनन्द मसीह तिर्की , पिता–स्व0 लुथर तिर्की 3. ग्राम–कोटा , पोस्ट–नगड़ी , थाना–नगड़ी , प्रखण्ड–नगड़ी 4. लिंग–पुरूष , आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	कंडिका–2(ix)
156.	1. आवेदन क्र0–1773/24 2. आवेदक–हिन्दुआ उराँव , पिता–स्व0 बेंगो उराँव 3. ग्राम–कोटा , पोस्ट–नगड़ी , थाना–नगड़ी , प्रखण्ड–नगड़ी 4. लिंग–पुरूष , आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	कंडिका–2(ix)
157.	1. आवेदन क्र0–1774/24 2. आवेदक–सुखी उराँव , पिता–स्व0 बुधुवा उराँव 3. ग्राम–कोटा , पोस्ट–नगड़ी , थाना–नगड़ी , प्रखण्ड–नगड़ी 4. लिंग–पुरूष , आयु–65 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	कंडिका–2(ix)
158.	1. आवेदन क्र0–1775

लोहरदगा को चारागाह नहीं बनने दिया जाएगा, आदिवासियों को उनका हक दिलाने के लिए लड़ूंगा लड़ाई : सुखदेव भगत

कार्यकर्ताओं की भावनाओं को वे राष्ट्रीय स्तर के शीर्ष नेताओं से अवगत कराकर उनका हक दिलाने का प्रयास करेंगे

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : जिला कांग्रेस कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक कांग्रेस मुख्यालय राजेंद्र भवन में आज कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुखेर भगत के अध्यक्षता में संपन्न हुआ। बैठक में आगामी होने वाले विधानसभा चुनाव में कार्यकर्ताओं की क्या भावना है उसको जानने के लिए प्रदेश से पर्यवेक्षक भीम कुमार को भेजा गया था वे इस बैठक में उपस्थित थे। बैठक जैसे ही प्रारंभ हुआ वहां पर उपस्थित 95त्न कार्यकर्ताओं एवं नेताओं ने स्थानीय उम्मीदवार को लोहरदगा विधानसभा का प्रत्याशी बनाने की मांग किये?। इस बैठक को संबोधित करते हुए सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि संगठन कार्यकर्ताओं के भावनाओं से चलती है और यहां के लगभग शत प्रतिशत कार्यकर्ता स्थानीय उम्मीदवार को लोहररदगा कि प्रत्याशी बनाए जाने की मांग कर रहे हैं। कार्यकर्ताओं की भावनाओं को राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे साहब, राहुल गांधी, सोनिया गांधी से अवगत कराएंगे। सुखदेव भगत ने कहा कि लोहरदगा को चारागाह नहीं बनने दिया जाएगा यहां के स्थानीय आदिवासी कार्यकर्ताओं को उनका हक दिलाने के लिए लड़ाई लड़ूंगा संगठन कार्यकर्ताओं के भावनाओं एवं उनके परिश्रम से चलता है ना कि पैसे से। श्री भगत ने कहा कि वह राहुल गांधी को बधाई देना चाहते हैं कि वे होने वाले चुनाव में कार्यकर्ताओं की राय को लेकर प्रत्याशी चुनने का जो निर्णय लिया है उसे पूरे प्रदेश के कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार हुआ है। श्री भगत ने कहा कि उनके लिए कार्यकर्ता ही सर्वोपरि होता है। यहां के कार्यकर्ताओं द्वारा स्थानीय उम्मीदवार देने की मांग को वे राष्ट्रीय स्तर के शीर्ष नेताओं से अवगत कराकर यहां के कार्यकर्ताओं के भावनाओं के तहत उम्मीदवार दिलाने का प्रयास करेंगे। आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंत्री सह विधायक डॉ रामेश्वर उरांव, दिलीप कुमार टोप्पो, जगदीप भगत, अभिनव सिद्धार्थ भगत, विनोद खेरवार, प्रभात भगत, नेसार अहमद, रीना कमारी शकील अहमद, आलोक साहू, प्रदीप विश्वकर्मा, सलीम अंसारी बड़े के अलावे सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे। आज पर्यवेक्षक भीम कुमार के द्वारा वहां पर उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं का उन्होंने विचार लिया।

उप विकास आयुक्त ने एचआईवी, एड्स जागरूकता अभियान को लेकर किया बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत की अध्यक्षता में आज मंगलवार को एचआईवी/एड्स जागरूकता अभियान को लेकर एक बैठक जिला परिषद कार्यालय स्थित सभाकक्ष में हुई। बैठक में सदर अस्पताल के एचआईवी, आईसीटीसी परामर्शदात्री डॉ अर्चना प्रसाद और सिनी के क्षेत्रीय समन्वयक ओमप्रकाश शर्मा द्वारा सितंबर और अक्टूबर माह में चलने वाले एचआईवी/एड्स जागरूकता अभियान के बारे जानकारी दी गयी। उप विकास आयुक्त द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारियों को इस अभियान को सफल तरीके से आयोजित करने और जागरूकता कार्यक्रम को जन-जन तक पहुंचाने के निदेश दिए। उप विकास आयुक्त ने कहा कि लोगों में एड्स के प्रति के तरह की भ्रांतियां हैं और जानकारी का अभाव है। जब किसी को एड्स होता है तो वह सामाजिक रूप से बहिष्कृत कर दिया जाता है जो कि सही नहीं है। जागरूकता अभियान का नेतृत्व कक्षा 9 वीं से लेकर महाविद्यालय स्तर तक के विद्यार्थियों द्वारा किया जाना चाहिए। जब वे अपने आसपास के लोगों को जागरूक करेंगे तो इसका बढ़िया संदेश जाएगा। एड्स होने के कारण व तरीकों, इससे बचाव को सभी तक पहुचाया जाना चाहिए। एड्स के साथ-साथ यौन संचारित अन्य बीमारियों के बारे भी लोगों तक पहुंचाया जाना चाहिए। हर विद्यालय इससे संबंधित जागरूकता रैली निकालें और विद्यालय के लिए एक नोडल पदाधिकारी भी प्रतिनियुक्त किया जाय।

संजय बर्मन ने रेल मंत्री से वंदे भारत ट्रेन को लोहरदगा होकर चले एवं मेमू ट्रेन में बोगी बढ़ाने का किया मांग

लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता): लोहरदगा चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सदस्य संजय कुमार बर्मन ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र प्रेषित करते हुए उन्होंने बतलाया कि दक्षिण पूर्वी रेलवे जोन हटिया जोन से वाया डाल्टनगंज वंदे भारत ट्रेन को एक दिन लोहरदगा होकर चलाने एवं लोहरदगा रांची मेमू ट्रेन में बोगी बढ़ाने की मांग की है।इसके आलोक में टाटा पटना वंदे भारत ट्रेन सप्ताह में सात दिन अलग-अलग नंबरों 20893, 20894 व 20895 तथा अलग-अलग दिशाओं से 18/22 सितंबर 2024 से चल रही है,जहां चार दिन वाया गोमो होकर गुजर रही है वहीं प्रत्येक रविवार को यह ट्रेन टाटा से डालटेनगंज होकर चल रही है तथा वापसी सोमवार को पटना से टाटा वाया डाल्टनगंज होकर गुजर रही है अर्थात इस ट्रेन को अलग-अलग क्षेत्रो से जोड़कर बहुउपयोगी बनाया जा रहा है जबकि लोहरदगा में मात्र तीन ट्रेन ही ठहरती है। यदि इस बहुउपयोगी ट्रेन जो डाल्टनगंज होकर गुजरती है उसे मात्र थोड़ा रूट डाइवर्ट करके रांची -लोहरदगा- टोरी- डाल्टनगंज होकर चलाया जाए तो इस आदिवासी गरीब बाहुल्य क्षेत्र के कई दूसरे जिले व दूसरे प्रांत के लोग भी यहां आना जाना करेंगे। गुमला, सिमडेगा, नेतरहाट, महुआ डाढ, चंदवा, छत्तीसगढ़ प्रांत के जशपुर नगर, बगीचा, तपकरा, कुनकुरी, पत्थलगांव, सन्ना आदि में रहने वाले विशेष कर छात्र, मरीज, कृषक, सेना के जवान/रिटायर्ड जवान, सरकारी/गैर अधिकारी, व्यवसायी सीधे रूप से लाभान्वित होंगे, वहीं आम जनों के लिए भी उपयोगी साबित होगा। साथ ही साथ लोहरदगा की लाइफ लाइन कहे जाने वाली लोहरदगा रांची मेमू ट्रेन की बोगिया भी बढ़ाई जाने की मांग है।

माताएं संतान की दीर्घायु एवं सुख- समृद्धि के लिए रखती है निर्जला व्रत : संजय सर्राफ

लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता): विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग एवं राष्ट्रीय सनातन एकता मंच के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा है कि जितिया पर्व 25 सितंबर दिन बुधवार को है। जितिया व्रत हर वर्ष आश्विन माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को रखा जाता है। हिंदू धर्म मे जितिया पर्व को जीवित्पुत्रिका व्रत और जिउतिया व्रत के नाम से भी जाना जाता है। हिंदू सनातन धर्म का यह एक महत्वपूर्ण पर्व है जितिया पर्व मुख्य रूप से झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश मे बड़े ही उत्साह पूर्वक मनाया जाता है। यह व्रत माताएं अपने पुत्रों की लंबी उम्र और सुख समृद्धि के लिए करती है। इस दिन महिलाएं 24 घंटे तक निर्जला व्रत उपवास रखती है। जितिया व्रत की पूजा का शुभ मुहूर्त 25 सितंबर को दोपहर 12 बजकर 12 मिनट तक है। तथा दूसरे दिन 26 सितंबर को व्रत का पारण किया जाएगा। माताएं संतान की दीर्घायु, सुखी और निरोगी जीवन के लिए जितिया व्रत रखती है, व्रत वाले दिन महिलाएं नये वस्त्र धारण करती है। तथा उपवास के दिन जीमूत वाहन देव की पूजा पूरे विधि विधान से करती है। पूजन पर नारियल, खीरा, चना, खाजा समेत अन्य पूजा सामग्री चढ़ाते हैं। इस दिन व्रत करने के साथ जो माताएं पूजा के दौरान व्रत कथा पढ़ती और सुनती है उन्हें कभी भी संतान वियोग नहीं सहना पड़ता है, हिंदू धर्म मे व्रत से पूर्व संतुलित आहार का बहुत महत्व दिया गया है, जितिया व्रत से पूर्व महिलाओं के खान-पान का पूरा ध्यान रखा जाता है इस संतुलित आहार के कारण लंबी अवधि तक शरीर को ऊर्जा मिलती है। माना जाता है कि इस व्रत को करने से सभी साधक को सभी प्रकार के कष्टों से मुक्ति मिलती है। जो माताएं इस व्रत का पालन करती है इस व्रत का फल उनके बच्चों को बुरे स्थिति से बचाता है साथ ही साथ इस व्रत के प्रभाव से संतान की सुखों की प्राप्ति होती है।

फंदे से झूलकर युवक ने किया जीवन लीला समाप्त, सूचना पर पहुंची पुलिस

प्रभात मंत्र संवाददाता

सेन्हा-लोहरदगा : बरही ग्राम का धोबी मुहल्ला में एक युवक फांसी लगा अपने ही घर में आत्म हत्या कर लिया। घटना की सूचना मिलने पर घटना स्थल बरही धोबी मुहल्ला पँहुच कर जांच में पुलिस जुट गई है। विदित हो की सेन्हा थाना क्षेत्र के बरही ग्राम निवासी जगदीश बैठा के 31वर्षीय पुत्र अर्जुन बैठा ने सोमवार रात्रि अपने एल्वेस्टर का मकान के छत पर लगा लोहे के पाइप में रस्सी के सहारे फांसी लगा कर आत्म हत्या कर लिया। वही परिवारों द्वारा बताया जाता है की मृतक सोमवार को गांव में दिन भर फुटबॉल मैच देख कर घर लौटा और शाम को अकेले ही अपना कमरा में सोने चला गया। जब सुबह घर वाले उठाने गए तो अर्जुन बैठा को फांसी में लटका हुआ पाया और शोर गुल करने लगे जिसे हल्ला सुन अगल बगल घर के पड़ोसी लोग जुटने लगे और लोगों ने शोक प्रकट किया। वहीं परिजनों ने सेन्हा थाना पुलिस को घटना से अवगत कराया। जिसे घटना की सूचना पर थाना प्रभारी अजीत कुमार के निर्देश पर ए एस आई राजेश राम लोहरा दलबल के साथ मृतक के घर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा भेज दिया। थाना प्रभारी अजीत कुमार ने बताया कि परिजनों एवं ग्रामीणों के बताए अनुसार मृतक अर्जुन बैठा पूर्व से बीमार रह रहा था। जो बीमार के कारण शारारीक व मानशिक रुप से कमजोर था। जिसके कारण गलत रास्ते को चुन लिया जिसे फांसी के फंदे से मृत्यु होना प्रतीत होता है। फिलहाल पुलिस शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। मृतक के परिजनों से आवेदन प्राप्त होने के उपरांत प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतर कारवाई किया जायेगा।

हॉकी प्रतियोगिता का हुआ समापन

प्रभात मंत्र संवाददाता

ठेठईटांगर : ताराबोगा जिलगा गांव में बिंझिया विकास समिति द्वारा आयोजित हॉकी प्रतियोगिता का समापन किया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में झापा नेता संदेश एक्का, जिलाध्यक्ष मतियस बागे, दामोदर बिंझिया, बलदेव सिंह आदि उपस्थित थे। प्रतियोगिता का फाईनल मैच ताराबोगा बनाम एलगा ओडिसा के बीच खेला गया। फाईनल मैच का शुभारंभ अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। मौके पर अपने संबोधन में संदेश एक्का ने कहा कि सिमडेगा जिला खेल नगरी है। और हॉकी सिमडेगा की जान है। उन्होंने कहा कि हॉकी के कारण ही देश ही नहीं विदेशों में भी जिले की पहचान है। संदेश एक्का ने कहा कि जिले ने पुरुष हॉकी में माईकल किंडो, सिलबानुस डुंगडुंग, जस्टिन, बिमल लकड़ा जैसे स्टार दिए है। भविष्य में भी जिले से हॉकी स्टॉर निकले और इंडियन टीम में जगह बनाएं इसके लिए झापा प्रयास करेगी। संदेश ने कहा कि खेल नगरी में खिलाड़ियों को हर तरह की सुविधा और संसाधन उपलब्ध कराया जाएगा। इसके बाद फाईनल मैच में पेनालटी सूट आउट में ओडिसा की टीम ने जिलगा ताराबोगा को 5-3 से पराजित कर खिताब पर कब्जा जमाया। विजेता एवं उपविजेता टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर जोसेफ डुंगडुंग, रसेल खलखो, बुधमार कैंस, गोविंद प्रधान, नंद कैंस, बुद्धेश्वर बिंझिया, चंदरु बिंझिया, सतिपाल दादुल, महेंद्र बिंझिया सहित कई लोग उपस्थित थे।

क्रांतिकारी मोर्चा की आसनबेडा पंचायत में विस्तार, कमेटी का हुआ गठन

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमडेगा : सिमडेगा के पाकरटांड प्रखंड के आसनबेडा पंचायत में झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा की बैठक हुई। जिला उपाध्यक्ष राज किशोर सिंह की अध्यक्षता में पंचायत कमिटी विस्तार के लिए बैठक आयोजित की गई। जिला अध्यक्ष सुमन कुल्लू, जिला महासचिव अमर समद की उपस्थिति में अध्यक्ष लिलंबर सिंह, उपाध्यक्ष सुबल सोरेंग, सचिव अनिल तिग्गा और उपसचिव गोपाल सिंह का चयन किया गया। जिला अध्यक्ष ने कहा कि सरकार जल, जंगल और जमीन से लोगों को विस्थापित कर रही है। उन्होंने कहा कि लोगों को अच्छी शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार की जरूरत है, लेकिन विधायक इन मुद्दों पर ध्यान नहीं देते हैं। बैठक में भारी संख्या में लोग उपस्थित थे और पार्टी के उद्देश्य, नीति और सिद्धांत पर चर्चा हुई। झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा का विस्तार बढ़ता जा रहा है और लोग अपने हक और अधिकार के लिए पार्टी में शामिल हो रहे हैं।

सभी विद्यार्थी अपने हक और अधिकार के प्रति हों जागरूक : नमन विक्सल कोनगड़ी

छात्र जीवन में अनुशासन सरवोपरि है : नमन विक्सल कोनगाड़ी

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमडेगा : कांग्रेस पार्टी के छात्र संगठन एन.इस.यू.आई. सिमडेगा के द्वारा छात्र सम्मेलन का आयोजन किया गया।जिसमे कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक नमन विक्सल कोनगाड़ी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए।उनके साथ झारखंड एन एस यू आई प्रदेश अध्यक्ष विनय उराँव, कांग्रेस जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की, उपाध्याक्ष शिशिर मिंज, अल्पसंख्यक कांग्रेस जिलाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा, अल्पसंख्यक प्रदेश सचिव जमीर खान, युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव वारिस रजा, जिला सचिव जमीर हसन, एन एस यू आई जिलाध्यक्ष सरताज खान, जिला महासचिव रितिका कुल्लू, जिला सचिव जैस्मिन मार्की, कोलेबिरा प्रखण्ड अध्यक्ष असगर मलिक, सक्रिय कार्यकर्ता शितिज कुमार, अल्पसंख्यक प्रखण्ड अध्यक्ष तजमुल अहमद, कोलेबिरा विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष अमृत डुंगडुंग, एन एस यू आई जिलामहासचिव मुनेश्वर गोप सहित सैकड़ो छात्र उपस्थित हुए द्य सम्मलेन में मुख्यअतिथि विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी ने अपने सम्बोधन में वर्षो पुराने एन एस यू आई जीवन को याद करते हुए मजबूती से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।विधायक ने बताया कि उनके राजनीतिक जीवन की शुरुवात उन्होंने एन एस यू आई से ही की। सर्वप्रथम वे इस विंग के अध्यक्ष पद पर आसीन हुए तत्पश्चात संघटन के बिभिन्न पदों पर रहते हुए आक इस मुकाम तक पहुंच पाए हैं। विधायक ने छात्रों के लिए झारखंड सरकार द्वार चलाये जा रहे योजनाओं के बारे में विस्तार से बतायाद्यविधायक ने बताया कि अभी जिस उम्र के पड़ाव में आपलोग हैं। बहुत ही सावधानी से आगे बढ़ना है। इस समय का सदुपयोग करना है। अपने जीवन को अनुशासन से जीना होगा।अपनी भाषा, संस्कृति और परंपरा को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाना है।सभी छात्र छात्राएं को अपने भाषा को जरूर से सीखना है।अपनी संस्कृति को अपने जीवन में समाहित करने की जरूरत है।आज सभी लोग हमारी भाषा, संस्कृति के बहाने हमपर तरह तरह के आरोप लगा रहे हैं। इसीलिए हमसभों को इस बारे में विशेष जागरूक होने की जरूरत है तथा सभी लोगों को इसके बारे में जागरूक भी करना है।हमसभी को हक़ और अधिकार को समझना होगा।अपनी एकता और अखंडता को बरकरार रखना है। आगे विधायक ने उपस्थित विद्यार्थियों को बताया कि आप सभी को आगे पढ़ाई करने के लिए अब कही बाहर जाने की जरूरत नही होगी क्योंकि बहुत जल्द कोलेबिरा में एक डिग्री कॉलेज खुलने जा रहा है।जिसमे सभी विषयों की पढ़ाई होगी।इस कॉलेज के खुल जाने से सभी छात्र यहां से पढ़कर राज्य और देश का नाम रौशन करेंगें।अपना भविष्य उज्ज्वल करेंगें।और खुशखबरी देते हुए बताया कि आज कोलेबिरा विधानसभा छेत्र अंतर्गत सभी पंचायतों में इंटरनेट सुविधा से युक्त पुस्तकालय का निर्माण किया जा रहा है। जिसमे कई पंचायतों में इसका उद्घाटन भी मैने कर दिया है।आगे और भी पंचायत में बहुत जल्द खुल जायेगा।

डायन-बिसाही, मारपीट व गाली-गलौज को लेकर कैरो थाना में मामला दर्ज, पुलिस जुटी जांच में

कैरो-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता): थाना क्षेत्र कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत ग्राम पंचायत कैरो के विराजपुर ग्राम निवासी जमुना उराँव पति पुषा उराँव कैरो थाना मे आवेदन देकर अपने ही गाँव के वसन्ती उराँव पति सुकरा उराँव,दिलीप उराँव पिता गौरीदास उराँव, पुष्पा उराँव पिता स्व0 विरसू उराँव इन सभी पर डायन-विसाही, मारपीट व गाली-गलौज करने को लेकर कैरो थाना में आवेदन दिया है। आवेदक जमुना उराँव ने कैरो थाना मे दिये गए शिकायत आवेदन के माध्यम से कहा है कि मै पिछ्ले 21 तारीख शनिवार को अपने घर के पास लगे चापानल मे हाथ पैर धोकर लगभग रात्रि 08 बजे अपने घर में बैठी हुई थी, तभी उपरोक्त सभी व्यक्ति मेरे घर के पास आकर मुझे डायन-विसाही कहकर गाली-गलौज व मुझे मारपीट भी करने लगे तभी हमने पंचायत के मुखिया से संपर्क किया और मुखिया के निर्देश पर कैरो थाना पहूँची जिसके बाद मुझे ईलाज हेतू सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुडु भेज दिया गया। मामले पर कैरो थाना प्रभारी नीरज झा ने बताया कि आवेदक के आवेदन पर कैरो थाना काण्ड संख्या 42/24 भा0न्या0स0 की धारा 115,109(1) 352,85/3(5) के तहत मामला दर्ज कर पुलिस आगे की करवाई में जुट गई है।

आज अपने पुत्र-पुत्रियों की लम्बी उम्र के लिये माताएं करेंगी जीवित्पुत्रिका का व्रत

सेन्हा-लोगरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड क्षेत्र के प्रायः सभी ग्रामों में माताएंअपने अपने बाल बच्चों का सुख समृद्धि ऐश्वर्य और लम्बी उम्र लिये आज निर्जला जीवित्पुत्रिका व्रत करेंगी जिसकी तैयारी लगभग पूरी कर ली गई है। वही सभी माताओं ने मंगलवार को दिन भर उपवास कर नदी तलाब में स्नान कर पुत्रियों और परिजनों के लिये सुख समृद्धि और दीर्घायु के लिये मङ्गलकामना किया गया। और साथ ही घर आकर वेद शास्त्र के नियमानुसार साग, दही, और आठ प्रकार का सब्जी बना कर भगवान जीमूतवाहन को अर्पण कर पारन की जिसे आश्विन माह का कृष्ण पक्ष तिथि होने के कारण आज सभी लोग दिन भर निर्जला उपवास रख कर जीवित्पुत्रिका व्रत करेंगी। वही शाम को पूरी तैयारी कर अपने अपने घर पर या सामूहिक जगहों में पीपल की डाली को रख कर श्रद्धा और भक्ति भाव से पूजन कर प्रातःकाल मे विसर्जन पारन करते हैं।

सभी बच्चों का बचपन हो सुरक्षित, तभी होगा भारत का सपना साकार : विक्रम कुमार

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : एक्सेस टू जस्टिस, जस्ट राइट्स फ़ॉर चिल्ड्रन के तहत लोहरदगा ग्राम स्वराज्य संस्थान ने काफी वर्षो से कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन नई दिल्ली से जुड़कर एवं जिला प्रशासन लोहरदगा, गुमला, गढ़वा एवं चतरा के मार्गदर्शन में बच्चों के हित में जैसे-बाल विवाह मुक्त, मानव तस्करी मुक्त, बाल श्रम मुक्त एवं बाल यौनशोषण मुक्त लोहरदगा, गढ़वा, गुमला एवं चतरा जिला बनाने के लिए कार्य कर रही है। जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रेन,राष्ट्रीय व्यापी गठबंधन है में लोहरदगा ग्राम स्वराज्य संस्थान एक सदस्य की भूमिका में है और माननीय मद्रास हाई कोर्ट के आदेश के विरुद्ध एक जनहित याचिका देश भर के 200 से अधिक संस्थाओं ने जो देश के 400 से अधिक जिले में बाल यौन शोषण के विरुद्ध कार्य कर रही है उसी के तहत मामला माननीय सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली में जनहित जस्ट राइट्स फ़ॉर चिल्ड्रन अलायन्स ने याचिका दायर की गई थी जिस आलोक में दिनांक-23.09.2024 दिन सोमवार को माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने आज ऐतिहासिक फैसला दिया है कि सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि चाइल्ड पोर्नोग्राफी डाउनलोड करना और देखना POCSO और IT एक्ट के तहत अपराध है। मुख्य न्यायधीश डीवाई चंद्रचूड़,जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने माननीय मद्रास हाईकोर्ट के फैसले को खारिज करते हुए फैसला सुनाया। मद्रास हाईकोर्ट ने कहा था कि अगर कोई ऐसा कंटेंट डाउनलोड करता और देखता है, तो यह अपराध नहीं, जब तक कि नीयत इसे प्रसारित करने की न हो। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ऐसे कंटेंट का स्टोरेज,इसे डिलीट ना करना और इसकी शिकायत ना करना बताता है कि इसे प्रसारित करने की नीयत से स्टोर किया गया है। हाईकोर्ट ने ये केस खारिज करके अपने फैसले में गंभीर गलती की है। हम उसका फैसला रद्द करते हैं और केस को वापस सेशन कोर्ट भेजते हैं। हम संसद को सुझाव देते हैं कि POCSO एक्ट में बदलाव करें और इसके बाद पोर्नोग्राफी शब्द की जगह चाइल्ड सेक्शुअली एब्यूसिव एंड एक्सप्लॉइटेटिव मटेरियल (CSEAM) का इस्तेमाल किया जाए। इसके लिए अध्यादेश भी लाया जा सकता है। CSEAM शब्द सही तरीके से बताएगा कि यह महज अश्लील कंटेंट नहीं, बच्चे के साथ हुई घटना का एक रिकॉर्ड है। वो घटना जिसमें बच्चे का यौन शोषण हुआ या फिर ऐसे शोषण को विजुअली दिखाया गया हो। माननीय सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली के फैसले से लोहरदगा ग्राम स्वराज्य संस्थान के प्रोग्राम मैनेजर विक्रम कुमार ने कहा की बच्चो के हित में लिया गया निर्णय है देश के सभी बच्चो का सुरक्षित बचपन, सुरक्षित भारत का सपना साकार होगा।

पीडीजे ने 39 नए पारा लीगल वॉलिंटियर्स का पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया शुभारंभ

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : जिला व्यवहार न्यायालय, लोहरदगा के सभा कक्ष में 23 सितंबर 2024 को झालसा के निर्देशानुसार डालसा, लोहरदगा में नियुक्त 39 नए पारा लीगल वॉलिंटियर्स का पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष श्री राजकमल मिश्रा, प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय श्री सुभाष, एडीजे प्रथम अखिलेश कुमार तिवारी सहित अन्य न्यायिक पदाधिकारियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। वहीं पीडीजे सह अध्यक्ष डालसा ने कहा कि आप व्यवहार न्यायालय व अन्य कार्यालय और आम जनता के बीच पुल का काम करेंगे। आपको लोगों को जागरूक करने का कार्य करना है। वहीं उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण कार्यशाला को अच्छे से करे। किसी की मदद करना परोपकार का कार्य है। प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय ने कहा कि आप न्यायिक प्रक्रिया डालसा से जुड़ रहे है। आपको लोगों की समस्या को सुनना है साथ उस समस्या का दूर करने का कार्य करने है। इसके अलावा लोगों को समझौते और लोक अदालत के बारे में जानकारी देना है। एडीजे प्रथम ने कहा कि आप सभी को विधिक संबंधित कार्य करनी है। साथ ही लोगों को उनके अधिकार के बारे में बताना है। उन्होंने कहा कि बच्चों के प्रति हो रहे अपराध के बारे में जानना है। साथ ही उनके संरक्षण का कार्य करना है। सीजेएम कृष्ण कांत मिश्र ने कहा कि ने कहा कि आप सभी को समाज सेवा के साथ विधिक सेवा भी करनी है। एसडीजेएम अमित कुमार गुप्ता ने कहा कि ने कहा कि हमारा काम न्यायालय में न्याय देना। लेकिन आपका काम काफी महत्वपूर्ण है। आप जनता से सीधे संपर्क में आते है। अंतिम व्यक्ति तक न्याय आपके माध्यम से पहुंचता है। वहीं डालसा सचिव ने नवनियुक्त पीएलवी को उनके कर्तव्यों के बारे में बताया। साथ ही झालसा द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया। वहीं उन्होंने सभी कार्यो को अपने सीमा में रहा कर करने की बात कही। उन्होंने कहा कि यह एक सामाजिक कार्य है। समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचे इस उद्देश्य से आप सभी को कार्य करना है। मौके पर पीएलवी नेमहंती मिंज, गौतम लेनिन, रोहित कुमार, रवि, अजहर, छाया, सीमा, जितेंद्र सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

जलडेगा में शांति समिति की हुई बैठक

सिमडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता): जलडेगा प्रखंड के ओडगा ओपी प्रांगण में दुर्गा पुजा को लेकर शांति समिति सह मिलन समारोह की बैठक ओपी प्रभारी सजल धान की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। बैठक में दुर्गा पुजा शांतिपूर्ण ढंग से सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने का निर्णय लिया गया। ओके प्रभारी सजल धान ने कहा कि अफवाहों से बचने एवं अफवाह फैलाने से बचने की सलाह दी गई, पकड़े जाने पर कारवाई की चेतावनी दी गई, उन्होंने कहा कि मुझ से जो मदद हो सकेगी आपके लिए हो मैं करूंगा। बैठक में अवैध शराब से बचने एवं पुलिस द्वारा अपराधिक गतिविधियों पर नजर रखने की बात कही गई।

चलते चलते एक नजर

हेमंत सोरेन आएगा, दाना डालेगा, जाल बिछायेगा लेकिन अब फंसना नहीं है : शिवराज

रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)। गोड्डा के गांधी मैदान में परिवर्तन यात्रा को संबोधित करते हुए शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि झारखंड में गठबंधन की बेईमान सरकार चल रही है। जेएमएम, कांग्रेस और आरजेडी ने पांच सालों में झारखंड को तबाह कर दिया है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार में न माटी, न बेटी, और न रोटी सुरक्षित हैं। बड़ी संख्या में घुसपैठियों के आने से झारखंड की ज़मीन पर कब्जा हो रहा है, क्या झारखंडी इसे सहन करेंगे? हेमंत सरकार वोटों के लालच में घुसपैठियों को आधार कार्ड और वोटर लिस्ट में नाम दर्ज करवा रही है, यही है हेमंत सरकार का असली सच। शिवराज सिंह चौहान ने आगे कहा कि पहले झारखंड में 44त्न आदिवासी थे, अब केवल 28त्न बचे हैं। बांग्लादेशी घुसपैठिए छल-कपट से यहां की बेटियों से शादी कर सत्ता पर काबिज हो रहे हैं। रुबी पहाड़िन जैसी बेटियों को बर्बरता से मारा जा रहा है। क्या इससे झारखंडियों का खून नहीं खौलता? भाजपा का संकल्प है कि झारखंड की माटी, बेटी और रोटी की सुरक्षा की जाए। अगर इसी तरह चलता रहा तो 15-20 सालों में झारखंडी अपनी ज़मीन से बेदखल हो जाएंगे। शिवराज सिंह चौहान ने सरकार की विफलता पर सवाल उठाते हुए कहा कि हेमंत सोरेन ने 5 लाख सरकारी नौकरियों का वादा किया था, लेकिन क्या झारखंड के युवाओं को नौकरी मिली? इस सरकार ने युवाओं को वर्दी के बजाय कफन दिया। परीक्षा के नाम पर इंटरनेट बंद करके पेपर लीक नहीं होने देने का दावा किया, जबकि लीक तो सरकार के दलाल कर रहे थे। भाजपा की सरकार बनते ही 2,87 हजरा खाली पदों को भरने का आदेश दिया जाएगा। कैलेंडर बनाएंगे और पहले महीने की 21 तारीख को यहां के युवाओं को नियुक्ति पत्र देंगे।चुनाव नजदीक आते ही हेमंत सोरेन को मईया सम्मान योजना याद आई। उन्होंने 2,000 रुपये चूल्हा खर्च देने का वादा किया था, लेकिन 4 साल 10 महीने बाद भी किसी को कुछ नहीं मिला। भाजपा की सरकार बनने पर बहनों के खाते में दोगुना पैसा जाएगा, और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जाएगा, जैसा कि मध्य प्रदेश, ओडिशा और छत्तीसगढ़ में लाडली योजना के तहत किया जा रहा है। शिवराज सिंह ने वादा किया कि भाजपा की सरकार बनने पर ओडिशा की तर्ज पर झारखंड में भी 3,000 क्विंटल की दर से धान खरीदा जाएगा। मोदी जी ने हर बहन को लखपति बनाने का संकल्प लिया है, और हमारी सरकार बहनों की आमदनी 1 लाख रुपये से ज्यादा करने का लक्ष्य लेकर चल रही है।

30 से महत्वपूर्ण ट्रेनें परिवर्तित मार्ग से चलेंगी

रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता): दक्षिण मध्य रेलवे के विजयवाड़ा मंडल में चल रहे विकास कार्यों के लिए ब्लॉक लिया जाएगा। इसके कारण कई ट्रेनें परिवर्तित मार्ग से चलेंगी। इस संबंध में रेलवे ने सूचना जारी की है, जिसके मुताबिक ट्रेन संख्या 13351 धनबाद अलपुझा एक्सप्रेस 30 सितंबर से 27 अक्टूबर तक अपने निर्धारित मार्ग के स्थान पर परिवर्तित मार्ग निडदवोलु, भीमवरम टाउन, गुडीवाड़ा, विजयवाड़ा होकर चलेगी। मार्ग परिवर्तन के कारण इस ट्रेन का ताडेपल्लीगुडेम तथा एलूरु स्टेशन पर ठहराव नहीं होगा। -ट्रेन संख्या 22837 हटिया एर्णाकुलम एक्सप्रेस 30 सिंतबर, 7, 14 और 21 अक्टूबर को अपने निर्धारित मार्ग के स्थान पर परिवर्तित मार्ग निडदवोलु, भीमवरम टाउन, गुडिवाड़ा, विजयवाड़ा होकर चलेगी। मार्ग परिवर्तन के कारण इस ट्रेन का एलुरु स्टेशन पर ठहराव नहीं होगा। ट्रेन संख्या 18637 हटिया सर एम विश्वईश्वरैया, बेंगलुरु एक्सप्रेस 5, 12, 19 और 26 अक्टूबर को अपने निर्धारित मार्ग के स्थान पर परिवर्तित मार्ग निडदवोलु, भीमवरम टाउन, गुडिवाड़ा, विजयवाड़ा होकर चलेगी।

हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड का हो रहा है चहुंमुखी विकास : कल्पना सोरेन

प्रभात मंत्र संवाददाता

गढ़वा : मईयां सम्मान यात्रा के दौरान गढ़वा पहुंची गांडेय विधायक, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन सोमवार की रात्रि शहर के कल्याणपुर स्थित बिरसा मुंडा हेलीपैड पार्क में आयोजित चौपाल में उपस्थित हुईं। चौपाल कार्यक्रम में उपस्थित विधायक कल्पना सोरेन, मंत्री बेबी देवी, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री दीपिका सिंह पांडेय एवं मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर का ढोल, नगाड़े के साथ लोगों ने पुष्प गुच्छ देकर, माला पहना कर भव्य स्वागत किया।मौके पर कल्पना सोरेन ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जितनी तेजी से राज्य का विकास कर रहे हैं झारखंड प्रतिदिन एक

बिरसा मुंडा हेलीपैड पार्क में हुआ चौपाल का आयोजन

नया उदाहरण बनता जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना की राशि 1000 रुपए मात्र पैसा नहीं, बल्कि महिलाओं का मान सम्मान है। अब झारखंड में बेटी पैदा होगी तो वह बोझ नहीं, बल्कि लक्ष्मी का स्वरूप होगी। जिस समाज की महिला विकसित होगी तो उस राज्य को आगे बढ़ाने से कोई रोक नहीं सकता है। श्रीमती सोरेन ने कहा कि इस योजना से महिलाओं के चेहरे पर मुस्कुराहट आएगी। जब घर की महिला मुस्कुराएगी

तो पूरा परिवार मुस्कुराता है। परिवार जब मुस्कुराता है तो पूरा समाज मुस्कुराता है। जब पूरा समाज मुस्कुराएगा तब पूरा राज्य मुस्कुराएगा। उन्होंने कहा कि चुनावी मौसम में रंग रूप बदलने वाले बहुत सारे बाहर से भी लोग आएंगे। लेकिन उनके बहकावे में नहीं आना है। हेमंत सरकार तो अभी योजनाओं की गंगा बहा रही है। अगली बार योजनाओं का महासागर लेकर आएंगे। उन्होंने कहा कि गढ़वा में मंत्री मिथिलेश ठाकुर जिस तेजी से विकास कर रहे हैं ऐसा लगता है कि गढ़वा दूसरी उप राजधानी बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि मईयां सम्मान यात्रा का आगाज इतना सुंदर है तो अंजाम

सबसे विकसित जिला बनेगा गढ़वा : मंत्री मिथिलेश

कितना सुंदर होगा। महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग मंत्री बेबी देवी ने कहा कि मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना से सभी बेटी, बहन जुड़ें। सभी माता बहनें अपने बच्चों को अच्छी तरह से पढ़ाए और आगे बढ़ाएं। कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने जिस तरह से अपने क्षेत्र का विकास किया है, यह उनसे सीख लेने की बात है। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा कि राज्य का चहुंमुखी विकास करना ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का संकल्प है। मौके पर अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य सोगरा बीबी, रंजना जायसवाल, दीपमाला, रीता केशरी, सुधा केशरी, सोनी देवी, कौशल्या देवी आदि ने भी विचार व्यक्ति की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, पिंकी केशरी, झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

मुरी रेलवे स्टेशन से 31 बोतल शराब के साथ एक गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने मुरी स्टेशन से एक व्यक्ति को शराब के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति का नाम सूरज कुमार है। वह बिहार के पटना का रहने वाला है। इसके पास से 31 शराब की बोतल बरामद किए गए हैं। मुरी के आरपीएफ इंस्पेक्टर संजीव कुमार ने मंगलवार को बताया कि दुर्गा पूजा के मद्देनजर रांची मंडल के आरपीएफ के मंडल सुरक्षा आयुक्त पवन कुमार के जरिये जांच के विशेष निर्देश मिले है। इसी क्रम मे आरपीएफ पोस्ट मुरी के साथ मे ऑपरेशन सतर्क अभियान के तहत गाड़ी संख्या 18626 की जांच की गयी। जांच के दौरान आरोपित ने मूरी स्टेशन से भागने का प्रयास किया लेकिन उसके सामान की जांच की गई। जांच के दौरान 31 शराब की बोतलें मिलीं। पूछताछ में बताया कि वह शराब को लेकर बिहार मे अधिक दाम पर बेचने के लिए ले जा रहा था। आरोपित और जब्त शराब को उत्पाद विभाग को सौंप दिया गया है।

हॉकी इंडिया अक्टूबर में दो मैचों की द्विपक्षीय श्रृंखला के लिए करेगा जर्मनी की मेजबानी

एजेंसी

नई दिल्ली : हॉकी इंडिया ने भारतीय पुरुष टीम और जर्मनी के बीच बहुप्रतीक्षित दो मैचों की द्विपक्षीय हॉकी श्रृंखला की घोषणा की है, जो अक्टूबर 2024 में होगी। भारत ने पिछली बार जर्मनी का सामना पेरिस 2024 ओलंपिक के सेमीफाइनल में किया था, जहां जर्मनी ने 3-2 से जीत हासिल की थी। दोनों मैच 23 और 24 अक्टूबर को राष्ट्रीय राजधानी के प्रतिष्ठित मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में खेले जाएंगे।हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप तिर्की ने कहा,जर्मनी के खिलाफ यह द्विपक्षीय श्रृंखला विश्व स्तरीय हॉकी का एक उल्लेखनीय प्रदर्शन होगी। भारत और जर्मनी दोनों

का खेल में एक समृद्ध इतिहास है, और यह श्रृंखला प्रशंसकों को दुनिया की दो सबसे मजबूत टीमों के बीच एक गहन प्रतिस्पर्धा देखने का अवसर देगी। हम इस आयोजन की मेजबानी करके गौरवान्वित हैं, जो न केवल हॉकी की भावना को बढ़ावा देगा बल्कि दोनों देशों के बीच संबंधों को भी मजबूत करेगा।हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह का मानना है कि दोनों टीमों के पास भविष्य के अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों के लिए अपने कौशल को निखारने का मौका होगा।उन्होंने कहा,भारत-जर्मनी हॉकी प्रतिद्वंद्विता हमेशा एक रोमांचक मुकाबला रही है। हमारे खिलाड़ी ऐसी अच्छी टीम के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करने के लिए उत्सुक हैं, और मेरा मानना है कि यह श्रृंखला दोनों टीमों को भविष्य के अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों से पहले अपने कौशल और रणनीतियों को निखारने का मौका देगी। हमें इस भारत-जर्मन सहयोग का हिस्सा होने पर गर्व है, जो न केवल व्यापार और कूटनीति बल्कि खेल के प्रति प्रेम को भी साथ लाता है।जर्मन हॉकी महासंघ के अध्यक्ष हेनिंग फास्टरिच इस द्विपक्षीय श्रृंखला को जर्मनी और भारत के बीच खेल संबंधों को मजबूत करने के अवसर के रूप में देख रहे हैं। उन्होंने कहा,भारत हमेशा से हॉकी के लिए एक विशेष स्थान रहा है, और हमारी टीम उत्साही भारतीय हॉकी प्रशंसकों के सामने खेलने के लिए उत्साहित है। हम ऐतिहासिक मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में खेलने की चुनौती और अनुभव का इंतजार कर रहे हैं।

पर्यावरणविद डॉ. कौशल ने गया पितृपक्ष मेले में आए लोगों को दान किया पौधा

एजेंसी

औरंगाबाद (बिहार) : विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वनराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद ट्री मैन डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने पर्यावरण धर्म के तहत गया श्राद्ध पितृपक्ष मेले में आए लोगों को पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ थाईलैंड प्रजाति के बारहमासी आम और कटहल का पौधा दान किया। उन्होंने उपस्थित लोगों को पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ दिलाते हुए कहा कि पर्यावरण धर्म के तहत मृतक के आत्मा की शांति के लिए पिंड पानी देने का और धरती मां के धधकती आत्मा की शांति के लिए पौधा पानी देने का विधान है। बनाराखी मूवमेंट के प्रणेता ट्री मैन डॉ कौशल ने कहा कि उनके द्वारा चलाया गया निशुल्क पौधा वितरण सह रोपण में 58 वर्ष व पर्यावरण धर्म सह

बनराखी मूवमेंट के 48 वर्ष पूरा होने के उपरांत इस वर्ष विश्व के पांच देश और देश के 10 राज्यों में दो लाख पौधों का वितरण व रोपण और वृक्षों रक्षाबंधन और पर्यावरण धर्म पर गोष्ठी के आयोजन करने का निर्णय लिया है। जिसका उद्घाटन 3 जून को अज़रबैजान के राजधानी बाकू और 13 अगस्त को थाईलैंड के राजधानी बैंकॉक से किया गया था। इसके बाद मध्य प्रदेश दिल्ली, झारखंड, उत्तर प्रदेश में अभियान चलाकर पौधों का वितरण किया गया। उसी कड़ी में मंगलवार को बिहार के पितृपक्ष मेले में आए लोगों के बीच पौधों का वितरण कर उन्हें पर्यावरण धर्म के संबंध में विस्तृत जानकारी दिया गया।

पर्यावरण धर्म गुरु कौशल ने कहा कि समय रहते लोग अपना धर्म के साथ पर्यावरण धर्म को अपनाकर बढ़ते प्रदूषण, भीषण गर्मी, जल संकट और जलवायु परिवर्तन को नहीं रोका गया तो डायनासोर की तरह मानव का भी जीवन लीला समाप्त हो जाएगा। मौके पर भू नंदन ठाकुर, रितेश कुमार तिवारी, संतान कुमार गुप्ता, पारस नाथ गुप्ता, पार्वती देवी, देवमणिया देवी, डाली पंचायत के पूर्व मुखिया अफजाल अंसारी, सत्य सिंह उपस्थित थे।

छात्र युवाओं का व्यक्तित्व विकास करना एनएसएस का उद्देश्य : प्राचार्य

एसपीडी कॉलेज में एनएसएस का स्थापना दिवस मनाया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

गढ़वा : सूरत पाण्डेय डिग्री कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा मंगलवार को एनएसएस का स्थापना दिवस मनाया गया। इस मौके पर स्वयंसेवकों के बीच पेन्टिंग एवं गीत, संगीत का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में एनएसएस का लक्ष्य गीत स्वयंसेवकों के द्वारा प्रस्तुत किया गया। मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते प्राचार्य प्रो. निकलेश चौबे ने कहा कि एनएसएस का एकमात्र उद्देश्य युवा छात्रों कों सामुदायिक सेवा के माध्यम से अपने व्यक्तित्व को विकसित करने के लिए अनुभव प्रदान करना है। स्वैच्छिक सामुदायिक सेवा के माध्यम से छात्र युवाओं के व्यक्तित्व और चरित्र का विकास करना इस योजना का प्राथमिक उद्देश्य है। कार्यक्रम को संबोधित करते डा. उमेश सहाय ने कहा कि महात्मा गांधी के जन्म शताब्दी वर्ष 1969 में एनएसएस की स्थापना की गयी थी। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को समाज से जोड़कर शैक्षणिक के साथ-साथ उनके व्यक्तित्व एवं समाज के साथ जुड़ाव हो सके। इस अवसर पर कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. कमलेश सिन्हा ने कहा कि महाविद्यालय की एनएसएस इकाई के द्वारा छात्रों के व्यक्तित्व विकास के लिए लगातार कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहे हैं।

उन्होने एनएसएस स्थापना दिवस पर सबों को बधाई दी। इस मौके पर पेन्टिंग में सिमरन सोनी, प्राची कुमारी, सिमरन खातून, रिया कुमारी, सपना कुमारी, अंजली पाण्डेय, पिन्की कुमारी, ऋतिका सिंह, गीत-संगीत में लौकिक विश्वकर्मा, मौलिक विश्वकर्मा, आयुष कुमार, रचित गुप्ता, अभिषेक कुमार को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया।

शौंडिक संघ का सुंडी कथा साहित्य किताब का किया गया विमोचन

रांची : मंगलवार झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ द्वारा 29 सितंबर दिन रविवार को आयोजित स्थापना दिवस सह सम्मान समारोह कार्यक्रम जो अरगोड़ा स्थित लेक गार्डेन वेंकट हाल में होने जा रहा है। उससे पूर्व कार्यक्रम की पहली कड़ी में होटल रेडिशन ब्लू के सभागार में सुंडी कथा साहित्य किताब का विमोचन समाज के संरक्षक दिलीप गुप्ता, अरुण गुप्ता, महामंत्री उमेश साहु, सतीश गुप्ता जी,बीरेंद्र साहु प्रदेश उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता, मुख्य कार्यक्रम पदाधिकारी उदय साहु , प्रदेश कोशाध्यक्ष निशांत गुप्ता, अभिशेख गुप्ता,कुणाल कुमार बंटी, अरूण देव, रमण साहु, मनोज साहु, सुमन साहु,असीम साहु, शैलेन्द्र कुमार,प्रेम कुमार भगत, बिद्याधर प्रसाद, मुकेश कुमार,आदित्य विक्रम जायसवाल समाजसेवी, ओम प्रकाश गुप्ता, अशोक कुमार गड़वा, संजय साहु इत्यादि अनेक गण्य मान्य के लोगों की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

मेरे प्यारे झारखण्ड वासियों, जोहार !

कुपोषण मुक्त झारखण्ड के संकल्प को साकार करने हेतु प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी 01 से 30 सितम्बर तक **'पोषण माह'** के रुप में मनाया जा रहा है। जैसा कि हम सभी जानते हैं कि स्वस्थ शरीर के लिए सही पोषण अत्यावश्यक है। विशेष रुप से किशोरी, बालिकाओं, गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं एवं बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए पौष्टिक आहार बहुत ही महत्वपूर्ण है।

झारखण्ड प्रदेश को प्रकृति ने विभिन्न प्रकार की हरी साग-सब्जियों एवं फलों का उपहार दिया, है जो हमारे घर आंगन के आस-पास अत्यन्त आसानी से कम मूल्य में उपलब्ध है। अपने भोजन में इनका समावेश कुपोषण को दूर करने में हमारी बहुत मदद कर सकता है। पोषण माह के दौरान एनीमिया को दूर करने, वृद्धि निगरानी, ऊपरी आहार के महत्व का व्यापक प्रचार-प्रसार, पोषण भी, पढ़ाई भी, को बढ़ावा देने, बेहतर पोषण के लिए तकनीक का वृहत उपयोग एवं समग्र पोषण पर जागरुकता फैलाने हेतु राज्य/जिला/परियोजना/आंगनबाड़ी केन्द्रों पर विभिन्न विभागों के समन्वय से विभिन्न गतिविधियाँ जन आंदोलन के रुप में आयोजित की जाएँगी। आंगनबाड़ी केन्द्रों, शिक्षण संस्थानों तथा पंचायतों आदि में अन्नप्राशन, गोदभराई, पोषण रैली, पोषण रथ, पोषण पर चर्चा, वाद-विवाद प्रतियोगिता तथा रचनात्मक गतिविधियाँ यथा-रंगोली प्रतियोगिता, क्विज तथा अन्य कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे, जिससे लोगों में पोषण को लेकर ज्ञानवर्धन हो सके।

मेरा अनुरोध है कि विभिन्न गतिविधियों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लें एवं पोषण के संदेशों को घर-घर तक पहुंचाएं, ताकि कुपोषण मुक्त झारखण्ड का हमारा सपना साकार हो सके।

सुपोषित झारखण्ड, साक्षर झारखण्ड, सशक्त झारखण्ड !

हमारा संकल्प
कुपोषण मुक्त झारखण्ड
पोषण माह 2024

आपका
हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

PR NO-336995 (Women, Child Development & Social Security) 24-25

महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड सरकार